सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 43.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-03 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 21 जून 2024
14 जिलहिज्जा 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

बिहार में बढ़ा हुआ आरक्षण रद्द

जनगणना

- नीतीश कुमार को पटना हाईकोर्ट से बड़ा झटका
- भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है आरक्षण

पटना। राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने बिहार में जाति आधारित जनगणना का फैसला किया था। जनगणना का काम बीच में बनी महागठबंधन सरकार के दौरान पूरा हुआ। महागठबंधन सरकार के भी मुखिया मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही थे।

महागठबंधन सरकार ने जातीय जनगणना के आंकड़ों को आधार बनाकर राज्य में आरक्षण का प्रतिशत 65 तक पहुंचा दिया था। लोकसभा चुनाव 2024 में महगठबंधन के मुख्य दल राष्ट्रीय जनता दल ने इस आरक्षण का क्रेडिट भी लिया। किसी भी दल ने आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने को गलत नहीं बताया था। लेकिन अब, पटना हाई कोर्ट ने आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने के राज्य सरकार के फैसले को असंवैधानिक करार दिया है। कोर्ट का यह फैसला नीतीश सरकार को बड़ा झटका माना जा रहा है। गुरुवार को सुनवाई की दौरान पटना हाईकोर्ट ने बिहार सरकार के अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्यंत पिछड़े और अन्य पिछड़े वर्ग को 65 आरक्षण देने वाले कानून को रद्द कर दिया है। पटना हाईकोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया है। यानी अब शिक्षण संस्थानों व सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्यंत पिछड़े और अन्य पिछड़े वर्ग को 65 आरक्षण नहीं मिलेगा। 50 प्रतिशत आरक्षण वाली पुरानी व्यवस्था ही लागू हो जाएगी। दरअसल, 65 प्रतिशत आरक्षण कानून के खिलाफ गौरव कुमार व अन्य लोगों ने पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गयी थी। न कि जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने का प्रावधान। यह जो 2023 का संशोधित अधिनियम बिहार सरकार ने पारित किया है, वह भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।

सुप्रीम कोर्ट जाएगी बिहार सरकार

राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने पटना उच्च न्यायालय द्वारा राज्य सरकार के आरक्षण में 65 प्रतिशत की बढ़ोतरी को रद्द करने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सवाल किया। उन्होंने कहा कि हम आहत हैं और हमें पहले से ही इस बात का अंदेशा था कि बीजेपी आरक्षण को रोकने की कोशिश करेगी। हमने चुनाव के दौरान पहले ही कहा था कि बीजेपी वाले आरक्षण के खिलाफ हैं। मुझे समझ नहीं आ रहा कि सीएम इस पर चुप क्यों हैं? मुख्य न्यायाधीश के विनोद चंद्रन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने पिछले साल नवंबर में राज्य सरकार द्वारा लाए गए कानूनों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं के एक बैच पर आदेश पारित किया।

शराब घोटाला मामले में केजरीवाल को जमानत

याचिका

- एक लाख के मुचलके पर कोर्ट से मिली राहत
- आज हो सकते हैं जेल से रिहा

नई दिल्ली। दिल्ली शराब घोटाला मामले में मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत मिली है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने एक लाख के मुचलके पर अरविंद केजरीवाल को जमानत दे दी है। प्रवर्तन निदेशालय ने अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार किया था। प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत से जांच एजेंसी को जमानत बांड स्वीकार करने के लिए 48 घंटे का समय देने का अनुरोध किया ताकि आदेश को ऊपरी अदालत में चुनौती दी जा सके। उहालांकि, विशेष न्यायाधीश नियाय बिंदु ने स्पष्ट किया कि जमानत आदेश पर कोई रोक नहीं है।

ईडी बेल के खिलाफ करेगी अपील

एन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने जमानत के खिलाफ अपील के लिए 48 घंटे का समय मांगा है। कोर्ट ने कहा कि ये दलीलें कल ड्यूटी जज के सामने की जा सकती हैं। इससे पहले ईडी ने कोर्ट में कहा था कि जमानत पर 48 घंटे का स्टे लगाया जाए, लेकिन वेकेशन बेंच ने इससे इनकार कर दिया। जमानत याचिका पर राउज एवेन्यू कोर्ट में आज लगातार दूसरे दिन सुबह सुनवाई हुई। जज न्यायबिंदु की वेकेशन बेंच ने ईडी और केजरीवाल की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था।

न्यूज डायरी

जमानती वारंट जारी

सुलतानपुर। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के खिलाफ यहां की एमपी/एमएलए की विशेष अदालत ने जमानती वारंट जारी किया है। यह वर्ष 2021 के महामारी अधिनियम के उल्लंघन से जुड़ा मामला है जिसमें सिंह वारंट के बावजूद अदालत में पेश नहीं हुए थे। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने बताया कि 13 अप्रैल 2021 को बन्धुआकला के थानाध्यक्ष प्रवीन कुमार सिंह ने संजय सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

29 लोगों की मौत

चेन्नई। तमिलनाडु के कल्लाकुरिचि जिले में अवैध देशी शराब पीने से अब तक 29 लोगों की मौत हो गई है। जिलाधिकारी एम. एस प्रशांत ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जिलाधिकारी ने कल्लाकुरिचि में पत्रकारों को बताया कि अवैध देशी शराब पीने से 109 लोग बीमार हैं और उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज जारी है। हालात से निपटने के लिए निकटवर्ती सरकारी मेडिकल कॉलेजों के विशेषज्ञों सहित पर्याप्त संख्या में चिकित्सकों को सेवा में लगाया गया है।

विस अध्यक्ष बनीं सुरमा

भुवनेश्वर। वरिष्ठ भाजपा नेता और राणपुर विधायक सुरमा पाढ़ी को ओडिशा विधानसभा का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इस पद के लिए चुनाव गुरुवार को होना था, लेकिन नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख बुधवार को न तो बीजद और न ही कांग्रेस ने अपना उम्मीदवार खड़ा किया, जिससे पाढ़ी को निर्विरोध चुना गया।

एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने यूजीसी नेट परीक्षा में गड़बड़ी के मामले में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बता दें कि परीक्षा का आयोजन 18 जून को किया गया था। परीक्षा में कथित तौर पर गड़बड़ी की शिकायतें मिलीं थीं। इसके बाद शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग के तहत काम करने वाली स्वायत्त संस्था नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को हुई यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द करने का फैसला किया।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शिष्टाचार भेंट की

हर परिवार के पास हो फैमिली आईडी : योगी

बैठक

- हर जरूरत को पूरा करने का बनेगी माध्यम, सीएम योगी ने दिए निर्देश

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश की प्रत्येक परिवार इकाई को जारी की जा रही परिवार आईडी प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की और इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ सभी परिवारों को उपलब्ध कराए जाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि हर परिवार को सरकार की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक परिवार के न्यूनतम एक सदस्य को रोजगार-सेवायोजन से जोड़ने के संकल्प के क्रम में प्रदेश मे परिवार आईडी जारी की जा रही है। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में निवासरत लगभग 3.60 करोड़ परिवार के 15.07 करोड़ लोग राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ पा रहे हैं। इन परिवारों की राशनकार्ड संख्या ही फैमिली आईडी है जबकि एक लाख से अधिक गैर राशन कार्ड धारकों को फैमिली आईडी जारी की जा चुकी है।

ऐसे परिवार जो कि राशन कार्ड धारक नहीं है, उनके लिए https://familyid.up.gov.in पर पंजीयन कर परिवार आईडी प्राप्त करने की व्यवस्था है। इस योजना का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार किया जाए। प्रदेश का कोई भी परिवार इससे वंचित न रहे। एक परिवार-एक पहचान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट पहचान जारी की जा रही है, जिससे राज्य की परिवार इकाइयों का एक लाइव व्यापक डेटाबेस स्थापित होगा। यह डेटाबेस लाभार्थीपरक योजनाओं के बेहतर प्रबंधन, समयबद्ध लक्ष्यीकरण, पारदर्शी संचालन एवं योजना का शत-प्रतिशत लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने और आम जनता को सरकारी सुविधाओं का लाभ उपलब्ध कराने की व्यवस्था के सरलीकरण में सहायक होगा। परिवार आईडी प्रदेश के सभी परिवारों के लिए है। 25 करोड़ जनता को इसका लाभ मिलना चाहिए। परिवार आईडी के माध्यम से प्राप्त एकीकृत डेटाबेस के आधार पर रोजगार से वंचित परिवारों का चिन्हांकन कर उन्हें रोजगार के समुचित अवसर प्राथमिकता पर उपलब्ध कराए जा सकेंगे।

परिवार आईडी से लिंकेज करें

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित 76 योजनाओं और सेवाओं को फैमिली आईडी से लिंक किया जा चुका है। अवशेष सभी लाभार्थीपरक योजनाओं को परिवार आईडी से लिंकेज किया जाए। केन्द्र सरकार के सहयोग से संचालित समस्त योजनाओं का डेटाबेस प्राप्त कर उसे परिवार कल्याण पास बुक एवं फैमिली आईडी से जोड़ा जाना चाहिए। सभी लाभार्थीपरक योजनाओं और सेवाओं के ऑनलाइन आवेदन में आधार आवेदन एवं आधार अधिप्रमाणन अनिवार्य किया जाना चाहिए। इस तरह फैमिली आईडी का कवरेज बढ़ाने में सहायता मिलेगी।

नीट और यूजीसी नेट परीक्षा के मुद्दे पर हंगामा

नई दिल्ली। विभिन्न छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में आज जमकर प्रदर्शन और नारेबाजी की। सभी प्रदर्शनकारी शास्त्री भवन के सामने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग में जुट गए। प्रदर्शनकारी छात्र शिक्षा मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे थे। पुलिस ने कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया है। प्रदर्शनकारी शास्त्री भवन के सामने धरने पर बैठ गए। इस दौरान यातायात भी बाधित हुई। वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने प्रदर्शनकारी छात्रों को हटाने की कोशिश की, लेकिन सभी वहां डटे रहे। ऐसे में उन्हें धरना खत्म करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। प्रदर्शनकारियों को बसों में भरकर वहां से हटाया गया। प्रदर्शनकारी छात्र कई बैनर लेकर वहां पहुंचे थे। शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव (प्रशासन) सैयद एकराम रिजवी ने इस दौरान प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी श्रीनगर में शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर के कार्यक्रम को सम्बोधित किया

जम्मू कश्मीर के लोग जल्द चुनेंगे अपनी सरकार

कार्यक्रम

- सबको बांटने अनुच्छेद 370 की दीवार गिर चुकी है
- जम्मू कश्मीर में सबको अधिकार और अवसर मिले : पीएम मोदी

जम्मू। पीएम मोदी ने गुरुवार को साफ कर दिया है कि जल्द ही जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्ज मिल सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां जारी हैं। पीएम ने कहा कि सबको बांटने वाली दीवार अनुच्छेद 370 हटा दी गई है और प्रदेश में सभी को समान अवसर और अधिकार मिल रहे हैं। गुरुवार को श्रीनगर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने ये बातें कहीं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम दो दिवसीय दौरे पर जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर पहुंचे। दौरे के पहले दिन श्रीनगर में उन्होंने युवाओं को सशक्त बनाना और जम्मू कश्मीर में बदलाव कार्यक्रम को संबोधित किया। शुक्रवार सुबह साढ़े छह बजे श्रीनगर के एसकेआईसीसी में योग दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह का नेतृत्व करेंगे। अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने बड़ी कही है। उन्होंने कहा, वो दिन भी जल्द आएगा जब जम्मू कश्मीर राज्य के रूप में अपना भविष्य और उज्जवल बनाएगा। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां हो रही हैं। जल्द यहां के लोग अपनी सरकार चुनेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार गिर चुकी है। अब सही मायने में जम्मू कश्मीर में भारत का संविधान लागू हुआ है और जिन्होंने इसे अब तक लागू नहीं हुआ है, वो इसके दोषी हैं। आज लाल चौके में शाम तक रौनक रहती है। अब डल झील के किनारे स्पोर्ट्स कारों का शो हुआ, जिसे पूरी दुनिया ने देखा। पहली बार विधानसभा में एसटी समुदाय की सीटें आरक्षित की गई। पहाड़ी समुदाय, पाडरी, गड्डा ब्रह्माण्ड को एसटी का आरक्षण मिला है। ओबीसी को उनके अधिकार मिले हैं। कहा कि जम्मू कश्मीर के साथ उनका अटूट रिश्ता है। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने उनकी सरकार को तीसरी बार सेवा का अवसर दिया है।

जनता को लेटलतीफी अब पसंद नहीं है

पीएम ने कहा जनता को लेटलतीफी अब पसंद नहीं है। अब वो परिणाम चाहती है। हमारी सरकार रिजल्ट लाकर दिखाती है। इस प्रदर्शन के आधार पर जनता ने तीसरी बार चुना है। साठ साल बाद इसी प्रदर्शन के चलते इसी भरोसे के चलते जनता ने हमारी सरकार को चुना है। पीएम मोदी ने कहा उनकी सरकार ने सबको अधिकार और अवसर दिए हैं। महिलाओं को लाभ मिला। समाज के कमजोर तबकों की आवाज सुनी गई।

6 राज्यों की आठ लोकसभा सीटों की ईवीएम होंगी चेक

मांग

- भाजपा ने 3, कांग्रेस ने 2 सीटें जीतीं, जांच के लिए 8 आवेदन मिले

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग को चार जून को लोकसभा चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में लगी माइक्रो-कंट्रोलर चिप में छेड़छाड़ या हेरफेर संबंधी सत्यापन के लिए भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस सहित अन्य दलों के उम्मीदवारों से आठ आवेदन मिले हैं।

ईवीएम में छेड़छाड़ के संदेह को 'निराधार' करार देते हुए उच्चतम न्यायालय ने 26 अप्रैल को मतपत्र से मतदान कराने की पुरानी प्रणाली को फिर से शुरू करने की मांग खारिज कर दी थी। मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा था कि उम्मीदवार चाहे तो चुनाव परिणाम घोषित होने के सात दिन के भीतर परिणाम की दोबारा जांच की मांग कर सकता है और ऐसी स्थिति में माइक्रो-कंट्रोलर की मेमोरी की जांच इंजीनियर के द्वारा की जाएगी। अदालत ने इसके साथ ही यह भी साफ कर दिया था कि इस जांच का खर्च उम्मीदवार को उठाना होगा। अदालत ने कहा था कि चुनाव परिणाम में गड़बड़ी साबित होने की स्थिति में उम्मीदवार को सारा खर्च वापस मिल जाएगा। अहमदनगर (महाराष्ट्र) से भाजपा के उम्मीदवार सुजय विखे पाटिल ने 40 मतदान केंद्रों से संबंधित ईवीएम का सत्यापन कराने की मांग की है।

गर्मी का सितम कोविड के बाद हो रहे सबसे ज्यादा दाह संस्कार

दिल्ली में गर्मी से 24 घंटे में 22 से अधिक मौत

नई दिल्ली। दिल्ली में भीषण लू के कहर से बृहस्पतिवार को बीते 24 घंटे में 22 से अधिक मरीजों ने दम तोड़ दिया। आशंका है कि इनकी मौत लू की चपेट में आने से हुई है। मृतकों का पहले इलाज दिल्ली के अलग-अलग अस्पतालों में चल रहा था।

दूसरी तरफ अस्पताल पहुंचे 34 लोगों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। डॉक्टरों की माने तो गुरुवार को मौसम में आए बदलाव के कारण कुछ सुधार देखने को मिला, लेकिन कई जगहों पर लू की चपेट में आ चुके मरीजों की हालत काफी खराब हो गई। सफदरजंग अस्पताल प्रशासन के मुताबिक, भीषण गर्मी के कारण 24 घंटे में 33 मरीजों को भर्ती किया गया। वहीं, 13 मरीजों ने दम तोड़ दिया। जबकि डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में पिछले 24 घंटे में भीषण लू के कारण 22 मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया। अस्पताल में चार मरीजों ने दम तोड़ दिया। इसके अलावा 19 शव को अस्पताल लाया गया। लोकनायक अस्पताल में पिछले 24 घंटे में 18 नए मरीजों को भर्ती किया गया। चार मरीजों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अस्पताल में अभी 22 से अधिक मरीजों का इलाज चल रहा है। दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल से मिली जानकारी के मुताबिक बीते 24 घंटे में अस्पताल में करीब 15 शव लाए गए। दिल्ली में पड़ रही भीषण गर्मी के बाद बड़ी संख्या में लोग दम तोड़ रहे हैं। दिल्ली के शमशान भूमि में पहुंचे शव की संख्या सामान्य दिनों के मुकाबले ज्यादा है।

पांच डिग्री गिरा पारा

नई दिल्ली। पश्चिमी विक्षोभ के कारण बुधवार रात हुई हल्की बूंदाबांदी व तेज हवा के कारण तापमान में करीब पांच डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। बीते कई दिन से 44-45 डिग्री सेल्सियस चल रहा तापमान गुरुवार को लुढ़ककर 40 डिग्री पहुंच गया। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। आयानगर और जाफरपुर को छोड़कर मौसम विभाग के कई केंद्रों पर तापमान 40 डिग्री से नीचे ही दर्ज किया गया।

बारिश से मौसम खुशनुमा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी के बाद आंधी-बारिश से लोगों को राहत मिली है। ज्यादातर हिस्सों में बृहस्पतिवार को दिन का तापमान 40 डिग्री से भी नीचे आ गया। वहीं न्यूनतम तापमान भी 30 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने घोषणा कर दी है कि मानसून बिहार पहुंच गया है। सबकुछ ठीक रहा तो अगले दो से तीन दिन में उत्तर प्रदेश में इसका प्रवेश हो जाएगा। राजधानी लखनऊ और आसपास 23-24 जून को अच्छी बारिश के आसार हैं।

भाजपा सांसद भर्तृहरि बने प्रोटेम स्पीकर

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को 18वीं लोकसभा के लिए प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकसभा के अध्यक्ष के चुनाव तक महताब अध्यक्ष के कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। किरेन रिजिजू ने अपने एक्स पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोकसभा के सदस्य भर्तृहरि महताब को संविधान के अनुच्छेद 95(1) के तहत प्रोटेम स्पीकर के रूप में नियुक्त किया है, ताकि वे अध्यक्ष के चुनाव तक अध्यक्ष के कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। राष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 99 के तहत लोकसभा के सदस्यों सुरेश कोडिकुन्निल, थलिक्कोट्टई राजुतेवर बालू, राधा मोहन सिंह, फगन सिंह कुलस्ते और सुदीप बंद्योपाध्याय को अध्यक्ष के चुनाव तक 18वीं लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाने में प्रोटेम स्पीकर की सहायता करने के लिए नियुक्ति की है।

छात्रों के हितों की रक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध: धर्मेंद्र प्रधान

समीक्षा

- जांच के लिए बनाएंगे हाई लेवल कमेटी
- नीट के साथ समझौता नहीं होगा
- सुप्रीम कोर्ट का नीट यूजी काउंसलिंग पर रोक लगाने से फिर इनकार

नई दिल्ली। मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के दौरान अनियमितताओं के आरोपों के बीच केंद्र ने गुरुवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के कामकाज की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक ब्रीफिंग में कहा, हम शून्य-त्रुटि परीक्षा आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, और एनटीए कामकाज में सुधार के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जा रहा है।÷ उन्होंने कहा कि मैं सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हम पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं करेंगे।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि नीट परीक्षा के संदर्भ में हम बिहार सरकार के संपर्क में हैं। हमें पटना से कुछ सूचनाएं मिल रही हैं। पुलिस पुलिस जांच कर रही है और उनके द्वारा एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी जाएगी। विश्वसनीय जानकारी के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाने जा रही है। उस उच्च स्तरीय समिति से एनटीए, इसकी संरचना, कार्यप्रणाली, परीक्षा प्रक्रिया, पारदर्शिता और डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल को और बेहतर बनाने के लिए सिफारिशों की अपेक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने पर एनटीए के किसी भी अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा, सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रधान ने कहा कि एक अलग घटना (बिहार पेपर लीक) का असर उन लाखों छात्रों पर नहीं पड़ना चाहिए जिन्होंने ईमानदारी से परीक्षा दी थी।

धरती का होगा श्रंगार, रोपे जाएंगे 91 लाख 07 हजार 300 पौधे

डीएम ने ली जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक, दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। खीरी में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत वर्षाऋतु में जनपद के लिए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत पौधरोपण के उद्देश्य से वृक्षारोपण जन अभियान-2024 के तहत गुरुवार शाम डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी (दक्षिण खीरी वन प्रभाग) संजय विश्वास ने बताया कि वर्ष 2024-25 में शासन द्वारा जनपद को 91 लाख 07 हजार 300 पौधे रोपित किये जाने का लक्ष्य आवंटित किया गया है।डीएम ने लक्षित विभागों को निर्देश दिया कि आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष पौधरोपण कराने के व्यापक प्रबंध किये जाएं। डीएम ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि निर्धारित 91 लाख 07 हजार 300 पौधों तक ही सीमित न रहें। विभागीय परिसंपत्तियों में यदि पर्याप्त स्थान उपलब्ध है और वह स्थान पौधरोपण के लिए उपयुक्त भी है तो लक्ष्य से अधिक पौधे भी रोपित कराने का प्रयास करें। डीएम ने कहा कि वृक्षारोपण जैसे कार्य को आज प्रत्येक स्तर पर प्रोत्साहित किया जाना आवश्यक ही नहीं बल्कि मज़बूरी है। क्योंकि वृक्षविहीन धरती पर मानव जीवन का अस्तित्व बच पाना न मुमकिन है। कहा कि विभिन्न प्रकार की पर्यावर्णीय समस्याओं के निजात पाने का सबसे सुगम और आसान रास्ता है कि उपलब्ध भूमि पर अधिक से अधिक पौधे रोपित किये जायें और जहॉ तक संभव हो उनकी सुरक्षा भी की जाये। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा की। जिले में आयुष वन, ग्राम वन, नंदनवन, नवग्रह वाटिका सहित पौधरोपण के लिए किए गए विशेष प्रयासों का जिक्र किया। आज पर्यावरण प्रदूषण एक ग्लोबल समस्या बन चुकी है। प्राकृतिक वन सम्पदा और हरे भरे बाग-बगीचे ही इस समस्या से निजात दिला सकते हैं। साथ ही सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी पांच-पांच वृक्ष रोपित करें और उनकी देखभाल करें।बैठक में डीएफओ ने अभियान की रूपरेखा बताई। उन्होंने लक्ष्य क्षेत्र चयन, गड्ढा खुदाई, नर्सरी में पौधे की तैयारी पौध आपूर्ति क्रियान्वयन, नर्सरीवार उपलब्ध पौध का विवरण, वृक्षारोपण में प्रयुक्त प्रजातियां, कंट्रोल रूम एवं वाररूम की स्थापना, क्रियाशीलता, प्लांटेशन मॉनिटरिंग सिस्टम पर विस्तृत जानकारी दी। बैठक का संचालन डीएफओ संजय विश्वाल ने किया। इस अवसर पर सीडीओ अनिल कुमार सिंह, डीएफओ दक्षिणी डीएफओ उत्तरी, एडीएम संजय सिंह सहित सभी सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी, पर्यावरण मित्र समूह विशाल सेठ,राम मोहन गुप्त मौजूद रहे।

पौधरोपण में एसएसबी ने दिखाया जोश, आवंटित लक्ष्य से बढ़कर 51 हजार पौधरोपण का लिया संकल्प, डीएम ने की सराहना

समीक्षा के दौरान डीएम के समक्ष आवंटित लक्ष्य 8000 के सापेक्ष 51 हजार पौधे रोपित करने की इच्छा जाहिर की। इस पर डीएम ने सशस्त्र सीमा बल थर्ड बटालियन के कमांडेंट एवं जिला नोडल अधिकारी (वृक्षारोपण) देवानंद की सराहना की अन्य विभागों को भी इसे सीख लेने की बात कही। इस बार वृक्षारोपण में अधिक से अधिक जन सहयोग एवं संस्थाओं की सहभागिता कराई जाए।

विभागवार पौधरोपित किए जाने का लक्ष्य एक नजर में

दक्षिण खीरी वन प्रभाग 1092200, उत्तर खीरी वन प्रभाग 1006700, पर्यावरण 269000, ग्राम्य विकास 4188000, राजस्व 352000, पंचायतीराज 427000, आवास विकास 9000, औद्योगिक विकास 15000, नगर विकास 48000, लोक निर्माण 24000, सिंचाई विभाग (जल शक्ति विभाग) 25000, रेशम विभाग 33000, कृषि 837000, पशुपालन 17000, सहकारिता 18620, उद्योग 16000, विद्युत विभाग (ऊर्जा विभाग) 13020, माध्यमिक शिक्षा 25000, बेसिक शिक्षा 41000, प्रावधिक शिक्षा 11000, उच्च शिक्षा 41000, श्रम विभाग 3600, स्वास्थ्य 24000, परिवहन 3400, रेलवे 29000, रक्षा विभाग 8000, उद्यान विभाग 519000, पुलिस विभाग (गृह विभाग)11760।

जिंदगी को हां और नशे को ना कहें विषय पर जागरूकता संगोष्ठी का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार एवं उ.प्र. शासन के निर्देशों के अनुपालन में नशा विरोधी पखवाड़ा के तहत महाविद्यालय में जिंदगी को हां और नशे को ना कहें विषय पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में चीफ प्राक्टर प्रो. सुभाष चन्द्रा ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि नशीली दवाओं के दुरूपयोग को रोकने में जागरूकता कार्यक्रमों की महती भूमिका होती है। युवा विद्यार्थी नशा उन्मूलन से सम्बन्धी कार्यकमों में सहभागिता कर अन्य लोगों को भी जागरूक करें। प्रो. चन्द्रा ने गृह मंत्रालय द्वारा जारी फाइट अगेंस्ट ड्रग्स अब्यूज लिंक https://pledge.mygov.in/fightagainstdrugabuse पर सभी विद्यार्थियों को ई-प्रतिज्ञा पंजीकरण कराने हेतु जानकारी दी। रसायन विज्ञान विभाग प्रभारी मो. नजीफ एवं गणित विभाग प्रभारी मो. आमिर ने बताया कि मादक पदार्थों के सेवन से शरीर की रासायनिक प्रक्रियायें अव्यवस्थित हो जाती हैं, जिससे शारीरिक संरचना को क्षति पहुँचती है। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल ने नशीली दवाओं के दुरूपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं को इससे दूर रहने व स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिये मादक पदार्थों के सेवन से बचने की सलाह दी तथा उपस्थित विद्यार्थियों को नशा उन्मूलन शपथ दिलाई।अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2024 के अन्तर्गत योग सप्ताह के पांचवे एवं छठवें दिन दो दिवसीय ऑलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। ऑनलाइन संगोष्ठी में प्रो. विशाल द्विवेदी ने अष्टांग योग का जीवन में महत्व तथा शारीरिक एवं मानसिक रोगों के निदान में योग का प्रभाव एवं भगवत गीता में समत्व योग की अवधारणा विषय पर विस्तृत जानकारी देकर योग को जीवन शैली के रूप में अपनाने पर जोर दिया।

अवैध बन्दूक-कारतूस बरामद कर किया गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना मझगई पुलिस द्वारा अभियुक्त राकेश पाल पुत्र परशराम को अवैध बन्दूक-कारतूस बरामद कर शारदा देवी इण्डर कॉलेज के पास ग्राम धर्मापुर से गिरफ्तार किया गया, जिसके संबंध में थाना मझगई पर मु0अ0सं0 209/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

दीवार ढहने से तीन लोगों की मौत

लखीमपुर खीरी। आंधी और बारिश ने कहर बरपाया बुधवार रात आई आंधी और बारिश में ईसानगर और नीमगांव थाना इलाके में दीवार ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में महिला और किशोर शामिल है। कुछ लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं थाना ईसानगर इलाके में बीती रात आई तेज आंधी के चलते गांव गोडवा मजरा गणेशपुर में एक सरकारी नलकूप की पक्की दीवार गिर गई। जिससे तालाब में मछलियों की रखवाली कर रहे परसादी (75) घायल हो गए। जबकि उनके साथ झोपड़ी में सो रहे पोते अजय कुमार (15) पुत्र राम मंतर लाल की मौके पर ही मौत हो गई दूसरा हादसा ईसानगर इलाके के मोहनपुरवा मजरा शेखपुर में हुआ। यहां अपने घर में सो रही गायत्री देवी (50) पत्नी मौजी लाल की दीवार के नीचे दबने से मौत हो गई। जबकि उसके पास सो रहा बेटा राजेश (30) और उनकी पांच वर्षीय पोती गंभीर रूप से घायल हो गई मृतकों का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, नीमगांव थाना क्षेत्र के आमघट गांव निवासी किशोर की दीवार के नीचे दबने से मौत हो गई। कई मवेशी भी मरे हैं।

आंधी और बारिश से मौसम हुआ सुहाना, लेकिन शहर की बिजली व्यवस्था ध्वस्त

लखीमपुर खीरी। भीषण गर्मी के बीच बुधवार की शाम करीब साढ़े आठ बजे आंधी और बारिश से मौसम तो सुहाना हो गया, लेकिन शहर की बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो गई शहर सहित जिले के कई हिस्सों के बिजली उपकेंद्र ब्रेक डाउन में चले गए। इससे पूरा शहर अंधेरे में डूब गया। लखीमपुर के डीएम आवास रोड पर आंधी में तीन पेड़ गिर गए इससे बिजली के तार टूट गए और बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो गई। इससे आवागमन बंद हो गया। गिरे पेड़ों को हटाने के लिए बिजली विभाग के कर्मचारी जुटे हैं, ताकि बिजली व्यवस्था बहाल कराई जा सके। देर रात 10 बजे तक बिजली व्यवस्था बहाल नहीं हुई। बुधवार शाम करीब आठ बजे मौसम अचानक बदल गया। करीब साढ़े आठ बजे आंधी शुरू हो गई, जो करीब 15 से 20 मिनट तक चली। आंधी खत्म होते ही बारिश शुरू हो गई, जो करीब 20 मिनट तक होती रही आंधी और बारिश के बीच शहर से लेकर देहात तक बिजली गुल हो गई देहात क्षेत्रों में कई सड़कों पर पेड़ गिरने की सूचना मिली है। इधर, आंधी बंद होने के बाद बिजली विभाग के कर्मचारी फॉल्ट खोजने में जुट गए। देहात में भी बिजली विभाग की टीमें लाइन सही करने में लगी हैं।

यातायात पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में आज दिनांक 20.06.2024 को वाहनों में अनाधिकृत रूप से हूटर, सायरन, लाल नीली बत्ती,पद सूचक, शीशों में ब्लैक फिल्म लगाकर चलनें वालों का चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वाहनों की चेकिंग करते हुए उनमें अनधिकृत रूप से लगे पाए जाने पर हूटर,सायरन, लाल नीली बत्ती,प्रेशर हॉर्न निकलवाये गये , वाहनों के शीशे में काली फिल्म लगी पाई जाने पर काली फिल्म निकलवाई गई, साथ ही जिन वाहनों में पद सूचक शब्द अनाधिकृत रूप से लिखे हुए थे वह मिटवाए गए । उपरोक्त प्रकार के सभी वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई तथा बिना नंबर प्लेट के चलने वाले वाहन तथा अपूर्ण नम्बर प्लेट वाले वाहनों एवं मोडीफाइड साइलेंसर लगा कर चलने वाले वाहनों की चेकिंग की गई। साथ ही सड़क के किनारे वाहन खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहनों के विरुद्ध भी चेकिंग व प्रवर्तन कार्रवाई की गई , एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भी चेकिंग अभियान।

इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की वित्तीय वर्ष 2023- 2024 की चतुर्थ अंतिम बैठक बचत भवन सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रफुल्ल त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। लीडिंग डिस्ट्रिक्ट मैनेजर राजीव पांडे ने बैठक में बताया कि जिले में संचालित वाणिज्यिक बैंकों की 212 शाखाओ, ग्रामीण बैंक की 89 शाखाएं, सहकारी बैंक की 29 शाखाएं, एवं यू0पी0स0जी0बी0 की 6 शाखाओ के माध्यम से जिले के हर क्षेत्र में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं। बैंकों के जिला समन्यको से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर जिले के हर क्षेत्र में बैंक की शाखाएं अथवा उनके ग्राहक सेवा केंद्र/आउटलेट्स/बी0सी0 सखी संचालित है तथा 5000 अथवा उससे अधिक आबादी वाले जिले का कोई भी गांव बैंकिंग सुविधाओं से वंचित नहीं है। सभी सदस्यों से अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा कि यदि किसी गांव में कोई नई बैंक शाखा अथवा आउटलेट खोलने की आवश्यकता हो तो ऐसे गांव/गांवो के संबंध में जानकारी/सुझाव दिए जाएं ताकि जिले के हर क्षेत्र में एवं समाज के हर वर्ग तक बैंकिंग सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित हो सके। सभी बैंक शाखाओं द्वारा समय-समय पर अभियान चलाकर जनधन योजना में पात्र एवं जरूरतमंद लोगों के खाते खोले जा रहे हैं तथा उन्हें बहुत ही कम प्रीमियम पर सामाजिक सुरक्षा योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना इत्यादि से अच्छादित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2024 तक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के अंतर्गत 338420, प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा के 988433, प्रधानमंत्री जनधन योजना के 1082766, अटल पेंशन योजना अटल पेंशन योजना के 224408 अभ्यर्थी लाभान्वित हो चुके हैं। बताया कि वित्तीय वर्ष 2023 - 24 के मार्च तिमाही में वार्षिक ऋण योजना अंतर्गत बैंकों को आवंटित वित्तीय लक्ष्य 3,79,010 लाख के सापेक्ष 4,61,670 लाख की उपलब्धि रही जो कुल आवंटित लक्ष्य का लगभग 122 प्रतिशत है। सभी व्यावसायिक बैंकों का ऋण जमा अनुपात मार्च 2024 में समाप्त हुई तिमाही में 49.85 प्रतिशत रहा। भारतीय रिजर्व बैंक एवं भारत सरकार की नीतियों के अनुरूप किसानों को आय को 2023 तक दुगना करने का लक्ष्य रखा गया है। ग्रामीण और कृषि विकास की दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु उद्योग एवं कृषि से संबंधित अनुषंगी योजनाओं जैसे डेरी,मुर्गी पालन, मधुमक्खी पालन, मत्स्य पालन इत्यादि को बढ़ावा देना होगा ताकि किसानों को कृषि आधारित आय के अतिरिक्त अन्य आय भी संभव हो सके।

उत्तर प्रदेश के उन्नति के लिए पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण जरूरी: वर्मा

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश की उन्नति के लिए उत्तर प्रदेश को चार भागो में बांटना जरूरी है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा आज यहां बेहट क्षेत्र में समाज सेवी हाजी अहसान कुरैशी के आवास पर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा राज्य है। उत्तर प्रदेश की जनसंख्या 25 करोड़ है, जबकि यूनाइटेड स्टेट अमेरिका की जनसंख्या 34 करोड़ है और वहां 50 राज्य हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को चार भागों में बांटकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 जिलों को मिलाकर पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण जरूरी है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 8 करोड़ जनता की लखनऊ में घोर उपेक्षा की जा रही है यहां शिक्षा और चिकित्सा काफी निम्न स्तर की है और यहां के शिक्षित युवाओं को प्रदेश की सरकारी नौकरी में मात्र दो प्रतिशत हिस्सेदारी क्लास वन में है और क्लास 2-3-4 में मात्र 6 प्रतिशत है जबकि यहां की भागीदारी कम से कम 32 प्रतिशत होनी चाहिए। बड़ा राज्य होने के कारण यहां प्रति व्यक्ति वार्षिक आय बिहार के बराबर हो गई है और देश में सबसे कम है जिस दिन पश्चिम प्रदेश का निर्माण होगा उस दिन यहां प्रति व्यक्ति वर्षिक देश ही नहीं दुनिया में सबसे अधिक कतर देश से भी अधिक होगी और यहां शिक्षा और चिकित्सा अंतरराष्ट्रीय स्तर की होगी और निशुल्क होगी और यहां के शिक्षित युवाओं को सरकारी नौकरी में पूर्ण भागीदारी होगी। समाजसेवी हाजी एहसान कुरैशी ने कहा कि हम पृथक राज्य के लिए पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा और आपके साथ हैं एहसान कुरैशी ने कहा कि पृथक राज्य हम सब की सबसे बड़ी आवश्यकता है जिसे हम सबको जाति बिरादरी और धर्म से ऊपर उठकर पृथक राज्य के निर्माण में जोर-शोर से संघर्ष करना चाहिए। बैठक में पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित नीरज कपिल, प्रदेश सचिव सोनू राजा, मंडल उपाध्यक्ष चौधरी कृपाल सिंह, योगेश त्यागी, सुमित वर्मा ने भाग लिया।

क्षतिग्रस्त खम्भो व जर्जर तारों को बदलवाने की लगायी गुहार

सहारनपुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व नगर निगम के सैक्टर 44 के पार्षद फ्हाद सलीम ने जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मौहल्लों की जर्जर विद्युत तारों को बदलवाये जाने की मांग की।

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पार्षद फ्हाद सलीम ने जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र को सौंपे ज्ञापन में बताया कि नगर निगम के सैक्टर 44 के किशनपुरा बिजली, दर्पण बिजली घर, अम्बाला रोड के फीडर से संबंधित क्षेत्रों में बिजली के जर्जर तार व क्षतिग्रस्त खम्भो के चलते क्षेत्रवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि मौहल्ला सीराजान, चवर बाजदारान, चौक बाजदारान, कुतुबशेर आदि क्षेत्रों में बिजली के तार जर्जर अवस्था में है। जिससे आये दिन तार टूटने से हादसे होते रहते है। उन्होने जिलाधिकारी से जर्जर तार व क्षतिग्रस्त विद्युत पोल बदलवाये जाने की मांग की।

जनपद में भव्यता से मनाया जाएगा योग दिवस

कम्पनी बाग में सुबह 06 से 08 बजे तक आयोजित होगा सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम योग स्वयं और समाज के लिए घोषित की गयी है। इस अवसर पर कम्पनी बाग में 21 जून को प्रातः 06:00 बजे से 08:00 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन एवं नोडल अधिकारी योग दिवस डॉ.अर्चना द्विवेदी ने बताया कि माननीय मंत्री उच्च शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश श्री योगेन्द्र उपाध्याय जी कम्पनी बाग में आयोजित होने वाले सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

डॉ.अर्चना द्विवेदी ने बताया कि सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में गणमान्य व्यक्तियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भाग लिया जाएगा। उन्होने समस्त अधिकारियों को अपने अधिनस्थों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित होने के निर्देश दिए। उन्होने बताया कि जनपद के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेण्टरों पर भी योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समस्त पुलिस थाने, पुलिस लाइन, पीएसी बटालियन, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड एवं प्रान्तीय रक्षा दल को भी योगाभ्यास कार्यक्रम में सम्मिलित किया जाएगा। प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर प्राथमिक विद्यालयों, तकनीकी शिक्षण संस्थानों में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

नोडल अधिकारी ने बताया कि जिस संस्था, कॉलेज, विभाग, ग्राम पंचायत आदि द्वारा योग कार्यक्रम के अन्तर्गत सर्वाधिक योगाभ्यासियों को प्रतिभाग कराया जाएगा उनको प्रोत्साहित करने के लिए सर्टिफिक्रेट प्रदान किए जाएंगे। उन्होने निर्देश दिए कि समस्त कार्यक्रमों के आयोजन में समयबद्धता एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए।

माटी कला शिल्पकारों को रोजगार का सुनहरा अवसर

रायबरेली। जिला ग्राम उद्योग अधिकारी संतोष कुमार गौतम ने बताया है कि उ0प्र0 माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित माटी कला समन्वित विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत माटी कला कौशल विकास योजना के अन्तर्गत 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए माटी कला के कारीगारो/शिल्पियों को अपना उद्यम संचालित करना सुगम हो सके। इस उद्देश्य से उनमें निहित कौशल के विकास हेतु माटी कला कौशल विकास योजना संचालित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत दैनिक उपयोग की वस्तुएं बनाना, सजावटी वस्तुएं बनाना, मिट्टी के उत्पादों पर कटिंग-पच्चीकारी, चित्रकारी-नक्काशी आदि विधाओं से संबंधित 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण पूर्णतः आवासीय होगा तथा प्रशिक्षण अवधि में रुपये 250.00 प्रतिदिन की दर से प्रशिक्षु वृत्ति भी प्रत्येक प्रशिक्षार्थी को प्रदान की जायेगी। 10 जुलाई 2024 तक माटी कला की वेवसाइट- https://upmatikalaborad.in/ पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

इस योजना की विस्तृत जानकारी हेतु कार्यालय कार्य दिवस में कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी से आनंद कुमार व सुधीर कुमार के मोबाईल नं0-8318013131, 9455376990 से सम्पर्क किया जा सकता है।

पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से घायल 25 हजार का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। नगर कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 25 हजार रूपये के ईनामी व शातिर बदमाश को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका एक साथी मौके से भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने दबोचे गये बदमाश के कब्जे से नाजायज असलाह, बाईक व लूट के जेवरात बरामद कर लिये।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती देर रात्रि थाना नगर कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो शातिर बदमाश ढमोला नदी के पुल की पटरी पर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलने पर नगर कोतवाली में तैनात उपनिरीक्षक केदार सिंह व जोनसन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो एक बदमाश ने अचानक पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। पुलिस द्वारा की गयी जवाबी फायरिंग मे एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने मे कामयाब रहा। पुलिस ने घायल बदमाश दानिश पुत्र अमीर अहमद निवासी नूरबस्ती थाना कोतवाली नगर को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से एक सोने का कुण्डल, बिना नम्बर की बाईक, एक तमंचा 315 बोर मय जिंदा एक खोखा कारतूस बरामद कर लिये। एसएसपी डॉ.विपिन ताडा ने बताया कि दबोचा गया बदमाश थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत धारा 392 आईपीसी, सुपर स्टार गैस एजेन्सी के पास महिला से सोने के कुण्डल लूटने के अपराध का वांछित अभियुक्त है। जिसके खिलाफ जनपद के विभिन्न थानों पर लूट, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट आदि के लगभग एक दर्जन मुकदमें है। उन्होंने बताया कि दानिश थाना कोतवाली नगर का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है।

फायरिंग की घटना में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल, अवैध् असलाह बरामद

सहारनपुर। कोतवाली रामपुर मनिहारान पुलिस ने फायरिंग के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त नाजायज असलाह बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया। कोतवाली रामपुर मनिहारान प्रभारी नरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि विगत् 18 जून को वादी फेजवीर सिंह पुत्र यशपाल निवासी माधोपुर थाना तीतरो की लिखित तहरीर पर आरोपी आकाश उर्फछोटू पुत्र विजय पाल निवासी सढौली हरिया थाना कोतवाली देहात, शिवम पुत्र प्रदीप निवासी उमरीखुर्द थाना रामपुर मनिहारान, छोटू पुत्र शीलू निवासी भाकला थाना रामपुर मनिहारान व कुछ अन्य साथियों ने मिलकर वादी के पुत्र दीक्षित पर जान से मारने की नियत से फायर करने, जिससे दीक्षित की बाजू व एक अन्य व्यक्ति के पैर में गोली लगने से घायल होने के संबंध में थाना रामपुर मनिहारान पर वांछित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। उन्होने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक अरविंद कुमार व प्रवीन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दिल्ली रोड भाकला कट के पास से नामजद आरोपी विपुल उर्फछोटू को दबोचकर उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व 2 जिंदा कारतूस बरामद कर लिये। थाना प्रभारी श्री शर्मा ने बताया कि पूछताछ के दौरान दबोचे गये आरोपी विपुल ने बताया कि करीब 15 दिन पहले जेवी जैन कॉलेज पर हमारी दीक्षित व उसके साथियों के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी थी, तभी हम लोग इन्हें मारने की फिराक में घूम रहे थे। विगत् 18 जून को हमें जन्धेड़ा समसपुर में हमें मारने का मौका मिला था। विपुल ने बताया कि उसके कब्जे से बरामद तमंचा उसने शिवम पुत्र प्रदीप से लिया था। उसने बताया कि 18 जून को उसने व उसके साथी अक्षय पुत्र अजब सिंह निवासी रेहड़ी मलकपुर थाना रामपुर मनिहारान, दीपक पंवार उर्फ आदित्य पुत्र खडक सिंह निवासी सकतपुर थाना कोतवाली देहात, शिवम पुत्र प्रदीप, आकाश उर्फ छोटू पुत्र विजयपाल निवासी साढौली हरिया, मन्नी राणा पुत्र नामालूम निवासी मौहल्ला हकीकत नगर थाना सदर बाजार ने मिलकर गांव जंधेड़ा समसपुर में दीक्षित व प्रिंस पुत्र संजय निवासी कोलाखेड़ी के ऊपर जान से मारने की नियत से फायर किए थे।

गमगीन माहौल में ट्रक हेल्पर सद्दाम के शव को किया सुपुर्दे खाक

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। छत्तीसगढ के रायपुर में अज्ञात हमलावरों का शिकार बने लखनौती निवासी सद्दाम की भी इलाज के दौरान मौत हो गई है। हमले में घायल दो की पहले ही मौत हो गई थी। गमगीन माहौल में सद्दाम के शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया गया है। स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

लखनौती के मोहल्ला कुरैशियान निवासी चांद (22) पुत्र नौशाद और इसी मोहल्ला निवासी उसका रिश्तेदार सद्दाम (23) पुत्र नौशाद, शामली के गांव बनत निवासी गुड्डू (24) छत्तीसगढ़ के रायपुर में पशुओं का धंधा करते थे। करीब दो सप्ताह पूर्व रोजाना की तरह वह ट्रक में पशु लेकर जा रहे थे। रास्ते मे अज्ञात हमलावरों ने उन पर अचानक हमला कर दिया था। जिसमें ट्रक चालक चांद की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि हेल्पर

सद्दाम और पशु स्वामी शामली के गांव बनत निवासी गुड्डू (24) घायल अवस्था मे वहां से गुजर रही सूखी गहरी महानदी में पड़े मिले थे । घायलों को आरंग अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। वहां इलाज के दौरान गुड्डू ने भी दम तोड़ दिया था जबकि सद्दाम का इलाज चल रहा था। सद्दाम की भी इलाज के दौरान मौत हो गई। कानूनी प्रकिया के बाद स्वजन सद्दाम के शव को लखनौती ले आए।

गमगीन माहौल में सद्दाम के शव को सुपुर्दे खाक कर दिया गया। सद्दाम की मौत से स्वजन को गहरा सदमा लगा है तथा रो-रोकर उनका बुरा हाल है।

सद्दाम की अभी तक शादी नही हुई थी। मामले में मृतक सद्दाम के रिश्तेदार शोएब पुत्र फुरकान ने 15 से ज्यादा अज्ञात लोगों के विरुद्ध धारदार हथियारों व लाठी डंडों से जानलेवा हमला करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा कई टीमें गठित कर अपनी जांच शुरू कर दी गई है।

शिक्षा-चिकित्सा के क्षेत्र में प्रतिमान बनेंगी एमपी शिक्षा परिषद की संस्थाएं

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को अंगीकार करने में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाएं अग्रणी रही हैं। अब इस शिक्षा नीति के आलोक में परिषद की संस्थाओं को शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में प्रतिमान बनाने के लिए परिषद के संरक्षक, गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 21 सूत्रीय मार्गदर्शक बिंदु तय किए हैं। इन मार्गदर्शक बिंदुओं पर महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की तरफ से अपनी संस्थाओं के लिए पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सीएम योगी की तरफ से जारी मार्गदर्शक बिंदुओं के अनुसार गोरक्षपीठ द्वारा स्थापित तथा महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित संस्थाओं को अपनी विशिष्ट पहचान बनानी है। संस्थाध्यक्ष, प्राचार्य, निदेशक, प्रभारी को निष्पक्ष एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली अपनाते हुए, संस्था को प्राथमिकता देते हुए स्वयं प्रतिमान बनना है। सीएम योगी का मानना है कि अनुशासन किसी भी संस्था की आत्मा है इसलिए सभी संस्थाओं में स्व अनुशासित परिसर संस्कृति का विकास होना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने टीम भावना से कार्य करने, विस्तृत कार्ययोजना एवं शैक्षिक पंचांग बनाकर इसके शत प्रतिशत क्रियान्वयन, महापुरुषों की जयंतियों पर अवकाश न कर कार्यक्रम करने, पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला को अत्याधुनिक बनाने, पठन पाठन में नवाचार व अत्याधुनिक तकनीक का प्रयोग करने, स्वच्छता उपासना, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जागरूकता बढ़ाने, सत्रांत से पूर्व बीते सत्र की समीक्षा करने तथा हर दिन कुछ नया करने व सीखने को लेकर मार्गदर्शन जारी किया है। इन सभी मार्गदर्शक बिंदुओं को लेकर महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद ने 16 से 20 जून तक परिषद की सभी संस्थाओं प्रमुखों, पदाधिकारियों व सदस्यों के लिए शैक्षिक कार्यशाला का आयोजन किया। 16 जून को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव के बीज वक्तव्य के बाद गुरु श्री गोरखनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज), गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग और गुरु गोरखनाथ कृषिविज्ञान केंद्र की तरफ से दिए गए प्रस्तुतिकरण पर चर्चा हुई।

सिद्धार्थनगर जन कल्याण महासमिति की बैठक 30 को

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। आगामी 30 जून 2024 को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सिद्धार्थनगर जन कल्याण महासमिति की बैठक होने जा रही है जिसमे प्रमुख रूप से सिद्धार्थनगर जनपद के जो लोग लखनऊ में रहते है वह मौजूद रहेंगे। उक्त बैठक में जनपद के मूल भूत समस्याएं जैसे शिक्षा, चिकित्सा एवं बरसात के समय पर जनपद में आने वाली बाढ़ पर चर्चा होगी। बैठक में जनपद के बेरोजगार युवाओं को किस तरह से रोजगार मिल सकता है इस पर विशेष चर्चा होगी। महासमिति की बैठक में महत्वपूर्ण रूप से जनपद के समस्त पांचों विधायक, पूर्व विधायक श्री सतीश द्विवेदी, सिद्धार्थनगर जनपद के निवासी और लखनऊ उत्तर विधानसभा से विधायक नीरज बोरा जी, जनपद निवासी पूर्व लखनऊ मेयर संयुक्त भाटिया जी के मौजूद रहने की बात है। कार्यक्रम के संयोजक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता श्री अभिनव नाथ त्रिपाठी जी ने बताया कि यह बैठक विशेष रूप से लखनऊ में रह रहे सिद्धार्थनगर जनपद वासी जैसे डाक्टर, वकील, इंजीनियर, पत्रकार, रियल स्टेट से जुड़े कारोबारी एवं नौकरी पेशा व्यक्ति रहेंगे उक्त बैठक में जनपद से संबंधित विषयों पर चर्चा की जायेगी। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक श्री अजय त्रिपाठी मुन्ना, डाक्टर विशाल पांडे, वरिष्ठ पत्रकार परमवीर पांडे, श्री डी.पी.पांडे, वीरेंद्र चतुर्वेदी, अमित पांडे, राज कुमार मिश्र, शुभांगी द्विवेदी द्वारा कराई जा रही है।

एसडीएम ने सीएचसी सहजनवा का किया निरीक्षण

गोरखपुर अवधनामा संवाददाता। स्वास्थ्य सुविधा में सुधार लाने के लिए शासन ने जिम्मेदारों को सख्त निर्देश दिए है कि समय समय पर सरकारी अस्पतालों का निरीक्षण कर जो भी कमियां दिखाई दे उसकी रिपोर्ट शासन को भेजे। बुधवार को उपजिलाधिकारी सहजनवा कुंवर सचिन सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहजनवा का निरीक्षण किए। निरीक्षण के दौरान पैथालोजी वार्ड, एक्स - रे कक्ष, प्रसूता वार्ड, इमरजेंसी वार्ड, दवा स्टॉक रूम में जाकर हकीकत जानी जहां सब कुछ ठीक मिला। उपस्थित रजिस्टर की जांच की गई तो एक संविदा कर्मी राजकुमार के अलावा चिकित्सक मनीष कुमार पांडेय अनुपस्थित मिले। इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटसहरा का निरीक्षण किए। यहां किसी भी चिकित्सक की तैनाती नहीं है। यहां गंदगी का अंबार दिखाई दिया। जिस पर नाराजगी जाहिर करते हुए वहा तैनात कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए। सफाई पर ध्यान देने की नसीहत दिए। इस दौरान अधीक्षक डा व्यास कुशवाहा, डा अभिनाश यादव, सहित अनेक स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

अज्ञात युवक का शव पड़ा हुआ मिला

काकोरी लखनऊ अवधनामा संवाददाता। दुबग्गा थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेगरिया गांव में बुधवार देर शाम अज्ञात युवक के शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आसपास के लोगों को बुलाकर पहचान कराने की कोशिश की लेकिन नही हो सकी।एसआई योगेंद्र कुमार ने बताया कि बेगरिया के देशी शराब स्थित एक मकान के बाहर अज्ञात युवक का शव पड़ होने की सूचना ग्रमीणों से मिली थी।म्रतक करीब (25) वर्ष का लग रहा था,और उसके दाहिने हाथ पर हिंदी में रमेश कुमार और इंग्लिश में आई लव यू लिखा था,एसआई ने बताया आसपास के थानों में दर्ज गुमसुदगी का भी पता लगाया जा रहा है।साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी पहचान कराने की कोशिश की जा रही है।वहीं ग्रामीणों के अनुसार युवक देशी शराब के ठेके पर शराब पी ओर गर्मी अत्यधिक होने से वह लेट गया और उसकी मौत हो गई होगी।

पहली ही बारिश में कई मुहल्लो के नाली नाले उफनाए

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। बारिश से नगर के कई मोहल्लों के घरों में भरा पानी, नाली नाले उफनाए, मोहल्ला फर्दनावीश, हरिपुरा, चूरखीवाल, आदि में नालों का पानी घरों में भरा लोग पानी निकालने को मजबूर हुए। पहली बारिश ने जहां लोगों को गर्मी में राहत दी तो वहीं कई मोहल्ले में नाली नाले बरसात के पानी से उफनाने पर कई घरों में पानी भर गया ,पानी का बेग इतना जोरदार था की नाली ओवरफ्लो होकर चल रहे थे, जिससे चलते घरों से निकलने वाला बरसात का पानी नाली नहीं ले पा रही थी जिससे घरों में पानी भर रहा था नगर मोहल्ला फर्दनाबीश में निर्माणाधीन बस स्टैंड के आसपास घरों में हालत काफी दयनीय रही तो वहीं चुरखीबल मोहल्ले में गंगा धाम गेस्ट हाउस के आसपास जल भराव तथा हरिपुरा में जल भराव की सूचना प्रकाश में आई है।

पुलिस टीम ने तीन सट्टेबाजों को सट्टा लगाने वाले उपकरण सहित किया गिरफ्तार

फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की ताबड़तोड़ एक्शन में सट्टा लगाने वाले तीन अभिव्यक्ति को गिरफ्तार किया। आफताब खान पुत्र सरवर निवासी खटकपूरा सिद्दीकी कोतवाली फर्रुखाबाद जनपद उम्र करीब 22 वर्ष, वसीम खान वसीम पुत्र जहांगीर मिस्त्री निवासी खड़ंजा कोतवाली फर्रुखाबाद उम्र 43 वर्ष, इकलाख अली उर्फ चौधरी पुत्र अख्तयार अली निवासी मोहल्ला जंगबाज पानी की टंकी के सामने कोतवाली फर्रुखाबाद उम्र 39 वर्ष, शानू पुत्र अज्ञात निवासी मोहल्ला खड़कपुर कोतवाली फर्रुखाबाद जो अभी फरार है पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया की पर्ची द्वारा सट्टा की खाईबाड़ी करते हैं तथा फोन द्वारा या पर्चा पर लोग सट्टा लगा देते हैं और पैसा कमाते हैं जो जितना पैसा लगता है उसे उसके हिस्से का पैसा देकर हार जीत का हिसाब कर देते हैं जिससे हमारी मोटी कमाई होती है हम लोग विगत वर्षों से सट्टे की खाईवाडी का काम कर रहे हैं व पैसो की मोटी कमाई करते हैं इनके पास से कल 302310 रूपए नकद, 4 सट्टा पर्चियां, 2 पेन, 3 सटटा रजिस्टर, 9 मोबाइल स्क्रीनशॉट कीपैड फोन ,3 एंड्राइड मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम क्षेत्राधिकार प्रदीप सिंह, जयप्रकाश शर्मा प्रभारी कोतवाली फर्रुखाबाद, उ0नि0 राहुल कुमार प्रभारी योगेंद्र कुमार, मनोज कुमार, अंकित पवांर, राजकुमार, निधि बाजपेई, सर्विस लॉन्स टीम उप निरीक्षक विशेष कुमार प्रभारी सर्विस लॉन्स टीम उपस्थित रहे।

आरएसएस ने मनाया हिन्दू साम्राज्य दिवस छत्रपति शिवाजी के चित्र पर चढ़ाए फूल मालाएं

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। सरस्वती शिशु मंदिर जालौन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा हिंदू साम्राज्य दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम भगवाध्वजारोहण किया गया।तदुपरान्त भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण व छत्रपति शिवाजी महाराज संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार और गुरु गोलवलकर के चित्र पर स्वयंसेवको ने फूल चढ़ाए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में संघ के बौद्धिक प्रमुख लेखक व कवि डॉ रामकृपाल पांचाल मौजूद रहे।

अपने उदबोधन में उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने छै पर्वो में हिन्दू साम्राज्य दिवस को विशेष रूप से प्रति वर्ष मनाता है। छत्रपति शिवाजी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए यह बताया कि किस तरह से छत्रपति शिवाजी ने हिंदू साम्राज्य की स्थापना की। उन्होंने बताया कि छत्रपति शिवाजी का जीवन प्रेरणादायक हैं।वह राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत थे। वह वीर साहसी सहनशील और गोरिल्ला युद्ध प्रणाली के सूत्रधार थे। इससे हमें सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि संघ महापुरुषों के बताए रास्ते पर चल रहा है। उन्होंने संघ की प्रार्थना का हिंदी रूपान्तर करते हुए कहा कि मातृभूमि हे सदावत्सले करता मैं तेरा वंदन। हिन्दुभूमि तूने ही मेरा किया सर्वदा सुखवर्धन। पुण्यभूमि कल्याणकारिणी न्यौछावर हो तुमको तन। शत - शत वंदन अभिनन्दन है तुमको बारम्बार नमन।। विश्व गगन में गूँजे यह स्वर भारतमाता की जय जय भारतमाता की हो जय जय।। इस मौके पर मुख्य रूप से शिवराम महाजन जिला सह संघ चालक नगर कार्यवाह रामेंद्र गुप्ता त्रिलोकी नाथ गुप्ता सीताराम हुंका अतुल दिवेदी पुनीत अग्रवाल कृष्णगोपाल वाचस्पति मिश्रा सोहनलाल गुप्ता इंद्रजीत सिंह गुर्जर निक्कू स्वंयप्रकाश शुक्ला महेंद्र कौशल आनन्द शशिकांत वर्मा संतोष सोनी वीआईपी विपिन कौशल मधुसूदन समेत काफी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।

कार्यालय उपजिलाधिकारी महराजगंज, रायबरेली

पत्रांकः 4550/रा0नि0(कार्या0)मत्स्य पालन आव टन शिविर/2024 दिनांकः-10 जून, 2024

मत्स्य पालन आंवटन/नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि तहसील महराजगंज के अन्तर्गत निम्नलिखित तालाबो का दस वर्षीय आंवटन/नीलामी दिनांक 05.07.2024 से 12.07.2024 तक विकास खण्डवार तहसील महराजगंज के सभागार कक्ष मे शिविर लगा कर किया जाना है। उक्त शिविर मे इच्छुक व्यक्ति नीलामी हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर नीलामी प्रक्रिया मे भाग ले सकते है। मत्स्य पालन आवंटन नीलामी की समस्त कार्यवाही उ0प्र0रा0संहिता 2006 की धारा 61 व उ0प्र0रा0संहिता नियमावली 2006 के नियम 57 व 58 मे दी गयी व्यवस्था के अनुसार की जायेगी। शिविर मे प्रार्थना पत्र के साथ आरक्षित श्रेणी के प्रार्थी को आय जाति निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। एक तालाब के लिये ही एक श्रेणी के एक से अधिक प्रार्थना पत्र प्राप्त होने की दशा मे नीलामी की कार्यवाही की जायेगी। 0.2020हे0 से 2.000हे0 तक तालाब का लगान राजस्व संहिता मे निर्धारित दर मु0 5000रू प्रति हे0 के अनुसार एवं 2.000हे0 से अधिक तालाबो का लगान मत्स्य जीवी सहकारी समिति को 10000 रूपये प्रति हेक्टेयर निर्धारित होगी। नीलामी प्रक्रिया उच्चतम दर पर की जायेगी। नीलामी की बोली की धनराशि का 1/4 भाग तत्काल जमा करनी होगी तथा शेष धनराशि नियत की गयी तिथि के पूर्व जमा करनी होगी। नीलामी स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार एवं अन्तिम निर्णय उपजिलाधिकारी महराजगंज मे निहित है।

नीलामी स्थल तहसील सभागार महराजगंज।

नीलामी अधिकारी नायब तहसीलदार शिवगढ/महराजगंज व बछरावां।

आवंटन की तिथि व समय विकास खण्ड बछरावां 05.07.2024 व विकास खण्ड महराजगंज व अमावा 06.07.2024 व विकास खण्ड शिवगढ 08.07.2024 व दिनांक 12.07.2024 अवशेष गाटो का समस्त विकास खण्डो को प्रातः 10 बजे से।

क्रमांक	विकास खण्ड का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	तालाब/पोखर /जल प्रणाली का विवरण	आवंटन योग्य क्षेत्रफल	5000/10000 रूपये प्रति हे. के अनुसार निर्धारित दर	धरोहर राशि	अभ्युक्ति	नीलामी हेतु नियत तिथि
1	बछरावां	अमावां	175	0.629	3145	1000		05.07.2024 शुक्रवार
2	बछरावां	अमावां	333	0.285	1425	1000		05.07.2024 शुक्रवार
3	बछरावां	अमावां	493	0.956	4780	1000		05.07.2024 शुक्रवार
4	बछरावां	अमावां	435	0.924	4620	1000		05.07.2024 शुक्रवार
5	बछरावां	अमावां	922मि0	0.633	3165	1000		05.07.2024 शुक्रवार
6	बछरावां	अमावां	347	0.68	3400	1000		05.07.2024 शुक्रवार
7	बछरावां	इसिया	13	0.267	1335	1000		05.07.2024 शुक्रवार
8	बछरावां	उमरपुर	245मि	16.1	161000	10000		05.07.2024 शुक्रवार
9	बछरावां	उमरपुर	2495/3	0.911	4555	1000		05.07.2024 शुक्रवार
10	बछरावां	उमरपुर	2236	0.607	3035	1000		05.07.2024 शुक्रवार
11	बछरावां	उमरपुर	2241	0.732	3660	1000		05.07.2024 शुक्रवार
12	बछरावां	कन्दावां	2050	0.913	4565	1000		05.07.2024 शुक्रवार
13	बछरावां	कन्दावां	1691	0.806	4030	1000		05.07.2024 शुक्रवार
14	बछरावां	कन्दावां	2147	0.633	3165	1000		05.07.2024 शुक्रवार
15	बछरावां	कन्दावां	1412मि	0.253	1265	1000		05.07.2024 शुक्रवार
16	बछरावां	करनपुर	873ख	0.666	3330	1000		05.07.2024 शुक्रवार
17	बछरावां	करनपुर	1202क	0.47	2350	1000		05.07.2024 शुक्रवार
18	बछरावां	करनपुर	411	0.441	2205	1000		05.07.2024 शुक्रवार
19	बछरावां	कसरावां	1144स	0.282	1410	1000		05.07.2024 शुक्रवार
20	बछरावां	कसरावां	1145	0.295	1475	1000		05.07.2024 शुक्रवार
21	बछरावां	कसरावां	1147	0.242	1210	1000		05.07.2024 शुक्रवार
22	बछरावां	कुण्डौली	1343	0.3	1500	1000		05.07.2024 शुक्रवार
23	बछरावां	कुण्डौली	1602	0.215	1075	1000		05.07.2024 शुक्रवार
24	बछरावां	कुण्डौली	893	0.304	1520	1000		05.07.2024 शुक्रवार
25	बछरावां	कुण्डौली	1090	0.303	1515	1000		05.07.2024 शुक्रवार
26	बछरावां	कुण्डौली	2417	0.504	2520	1000		05.07.2024 शुक्रवार
27	बछरावां	कुण्डौली	2016	0.526	2630			05.07.2024 शुक्रवार
28	बछरावां	कुण्डौली	1601	0.288	1440	1000		05.07.2024 शुक्रवार
29	बछरावां	खैरहनी	345	1.13	5650	1000		05.07.2024 शुक्रवार
30	बछरावां	खैरहनी	1069	0.316	1580	1000		05.07.2024 शुक्रवार
31	बछरावां	गूजरपुर	1	0.253	1265	1000		05.07.2024 शुक्रवार
32	बछरावां	गूजरपुर	2	0.506	2530	1000		05.07.2024 शुक्रवार
33	बछरावां	गूजरपुर	156	0.379	1895	1000		05.07.2024 शुक्रवार
34	बछरावां	गूजरपुर	385	0.502	2510	1000		05.07.2024 शुक्रवार
35	बछरावां	गूजरपुर	628	0.379	1895	1000		05.07.2024 शुक्रवार
36	बछरावां	गूजरपुर	1462मि	0.379	1895	1000		05.07.2024 शुक्रवार
37	बछरावां	चुरूवा	346	1.24	6200	1000		05.07.2024 शुक्रवार
38	बछरावां	चुरूवा	934	0.37	1850	1000		05.07.2024 शुक्रवार
39	बछरावां	चुरूवा	1274	0.32	1600	1000		05.07.2024 शुक्रवार
40	बछरावां	जहांगीराबाद	454	0.504	2520	1000		05.07.2024 शुक्रवार
41	बछरावां	जहांगीराबाद	132	0.253	1265	1000		05.07.2024 शुक्रवार
42	बछरावां	जीगों	1925	0.502	2510	1000		05.07.2024 शुक्रवार
43	बछरावां	जीगों	266	0.36	1800	1000		05.07.2024 शुक्रवार
44	बछरावां	जीगों	218	0.316	1580	1000		05.07.2024 शुक्रवार
45	बछरावां	तिलेण्डा	50	0.253	1265	1000		05.07.2024 शुक्रवार
46	बछरावां	तिलेण्डा	624	0.3	1500	1000		05.07.2024 शुक्रवार
47	बछरावां	तिलेण्डा	876	0.48	2400	1000		05.07.2024 शुक्रवार
48	बछरावां	थुलेण्डी	2254	2.529	25290	1000		05.07.2024 शुक्रवार
49	बछरावां	थुलेण्डी	1051	2.98	29800	1000		05.07.2024 शुक्रवार
50	बछरावां	थुलेण्डी	1709	0.523	2615	1000		05.07.2024 शुक्रवार
51	बछरावां	देवपुरी	448	0.288	1440	1000		05.07.2024 शुक्रवार
52	बछरावां	देवपुरी	412	1.012	5060	1000		05.07.2024 शुक्रवार
53	बछरावां	देवपुरी	444	0.758	3790	1000		05.07.2024 शुक्रवार
54	बछरावां	देवपुरी	427	1.193	5965	1000		05.07.2024 शुक्रवार
55	बछरावां	देवपुरी	293	0.582	2910	1000		05.07.2024 शुक्रवार
56	बछरावां	देवपुरी	556	0.717	3585	1000		05.07.2024 शुक्रवार
57	बछरावां	दोस्तपुर	116	0.26	1300	1000		05.07.2024 शुक्रवार
58	बछरावां	दोस्तपुर	54	0.808	4040	1000		05.07.2024 शुक्रवार
59	बछरावां	दोस्तपुर	397	0.39	1950	1000		05.07.2024 शुक्रवार
60	बछरावां	नीमटीकर	135मि	0.253	1265	1000		05.07.2024 शुक्रवार
61	बछरावां	नीमटीकर	151मि	0.506	2530	1000		05.07.2024 शुक्रवार
62	बछरावां	नीमटीकर	200	0.45	2250	1000		05.07.2024 शुक्रवार
63	बछरावां	नीमटीकर	198	0.502	2510	1000		05.07.2024 शुक्रवार
64	बछरावां	नीमटीकर	144मि	0.379	1895	1000		05.07.2024 शुक्रवार
65	बछरावां	नीमटीकर	258मि	0.502	2510	1000		05.07.2024 शुक्रवार
66	बछरावां	नीमटीकर	259मि	0.253	1265	1000		05.07.2024 शुक्रवार
67	बछरावां	नीमटीकर	1215	0.253	1265	1000		05.07.2024 शुक्रवार
68	बछरावां	नीवा	878	0.53	2650	1000		05.07.2024 शुक्रवार
69	बछरावां	पडीराकलां	611	0.24	1200	1000		05.07.2024 शुक्रवार
70	बछरावां	पडीराकलां	310ग	0.632	3160	1000		05.07.2024 शुक्रवार
71	बछरावां	पडीराकलां	361	0.253	1265	1000		05.07.2024 शुक्रवार
72	बछरावां	पस्तौर	990मि	0.379	1895	1000		05.07.2024 शुक्रवार
73	बछरावां	पस्तौर	990मि	0.253	1265	1000		05.07.2024 शुक्रवार
74	बछरावां	पहनासा	331	1.506	7530	1000		05.07.2024 शुक्रवार
75	बछरावां	पहनासा	943स	1.886	9430	1000		05.07.2024 शुक्रवार
76	बछरावां	पहनासा	688	0.334	1670	1000		05.07.2024 शुक्रवार
77	बछरावां	पहनासा	694	0.362	1810	1000		05.07.2024 शुक्रवार
78	बछरावां	बछरावां	4176मि	0.379	1895	1000		05.07.2024 शुक्रवार
79	बछरावां	बछरावां	970	0.324	1620	1000		05.07.2024 शुक्रवार
80	बछरावां	बछरावां	736	1.174	5870	1000		05.07.2024 शुक्रवार
81	बछरावां	बछरावां	401	0.253	1265	1000		05.07.2024 शुक्रवार
82	बछरावां	बछरावां	1483	0.342	1710	1000		05.07.2024 शुक्रवार
83	बछरावां	बछरावां	2990मि	0.253	1265	1000		05.07.2024 शुक्रवार
84	बछरावां	बछरावां	2661	0.483	2415	1000		05.07.2024 शुक्रवार
85	बछरावां	बछरावां	2489	1.012	5060	1000		05.07.2024 शुक्रवार
86	बछरावां	बछरावां	4012	0.253	1265	1000		05.07.2024 शुक्रवार
87	बछरावां	बछरावां	3705	0.837	4185	1000		05.07.2024 शुक्रवार
88	बछरावां	बछरावां	67	0.205	1025	1000		05.07.2024 शुक्रवार
89	बछरावां	बछरावां	77	0.253	1265	1000		05.07.2024 शुक्रवार
90	बछरावां	बन्नावां	277मि	1.012	5060	1000		05.07.2024 शुक्रवार
91	बछरावां	बन्नावां	312मि	0.506	2530	1000		05.07.2024 शुक्रवार
92	बछरावां	बन्नावां	991	0.437	2185	1000		05.07.2024 शुक्रवार
93	बछरावां	बन्नावां	992	1.138	5690	1000		05.07.2024 शुक्रवार
94	बछरावां	बन्नावां	1291मि	0.373	1865	1000		05.07.2024 शुक्रवार
95	बछरावां	बहादुर नगर	2607मि	0.202	1010	1000		05.07.2024 शुक्रवार
96	बछरावां	बहादुर नगर	2861	0.253	1265	1000		05.07.2024 शुक्रवार
97	बछरावां	बहादुर नगर	2753	0.202	1010	1000		05.07.2024 शुक्रवार
98	बछरावां	भैरमपुर	1072ख	0.202	1010	1000		05.07.2024 शुक्रवार
99	बछरावां	भैरमपुर	1072ख	0.253	1265	1000		05.07.2024 शुक्रवार
100	बछरावां	भैरमपुर	1072ख	0.379	1895	1000		05.07.2024 शुक्रवार
101	बछरावां	भैरमपुर	509	0.24	1200	1000		05.07.2024 शुक्रवार
102	बछरावां	मलपुर	548स	0.253	1265	1000		05.07.2024 शुक्रवार
103	बछरावां	महेरी	275	0.28	1400	1000		05.07.2024 शुक्रवार
104	बछरावां	मुबारकपुर सापों	850	0.616	3080	1000		05.07.2024 शुक्रवार
105	बछरावां	मैनाहार कटरा	666	0.253	1265	1000		05.07.2024 शुक्रवार
106	बछरावां	रसूलपुर	111स	0.537	2685	1000		05.07.2024 शुक्रवार
107	बछरावां	रसूलपुर	44	0.4	2000	1000		05.07.2024 शुक्रवार
108	बछरावां	रसूलपुर	243	0.502	2510	1000		05.07.2024 शुक्रवार
109	बछरावां	राजामऊ	795स	1.321	6605	1000		05.07.2024 शुक्रवार
110	बछरावां	राजामऊ	462	0.53	2650	1000		05.07.2024 शुक्रवार
111	बछरावां	राजामऊ	805	0.379	1895	1000		05.07.2024 शुक्रवार
112	बछरावां	राजामऊ	805	0.426	2130	1000		05.07.2024 शुक्रवार
113	बछरावां	रानीखेड़ा	752	0.759	3795	1000		05.07.2024 शुक्रवार
114	बछरावां	रामपुर मोहद्दीनपुर	86	0.605	3025	1000		05.07.2024 शुक्रवार
115	बछरावां	रामपुर मोहद्दीनपुर	339	0.895	4475	1000		05.07.2024 शुक्रवार
116	बछरावां	रामपुर सुदौली	52	0.266	1330	1000		05.07.2024 शुक्रवार
117	बछरावां	सरौरा	653मि	0.506	2530	1000		05.07.2024 शुक्रवार
118	बछरावां	सरौरा	549	0.347	1735	1000		05.07.2024 शुक्रवार
119	बछरावां	हंसवा	940	0.253	1265	1000		05.07.2024 शुक्रवार
120	अमावां	जरैला	211मि0	4.357	43570	1000		06-07-2024 शनिवार
121	अमावां	बघई अहलवार	420	0.266	1330	1000		06-07-2024 शनिवार
122	अमावां	सोथी	537	0.57	2850	1000		06-07-2024 शनिवार
123	महराजगंज	अतरेहटा	511	0.621	3105	1000		06-07-2024 शनिवार
124	महराजगंज	अतरेहटा	419	0.618	3090	1000		06-07-2024 शनिवार
125	महराजगंज	अलीपुर	1063	0.253	1265	1000		06-07-2024 शनिवार
126	महराजगंज	अलीपुर	1669	0.55	2750	1000		06-07-2024 शनिवार
127	महराजगंज	इन्दौरा	266	0.215	1075	1000		06-07-2024 शनिवार
128	महराजगंज	इन्दौरा	46	0.765	3825	1000		06-07-2024 शनिवार
129	महराजगंज	ओथी	465ग	1.493	7465	1000		06-07-2024 शनिवार
130	महराजगंज	कंसपुर	312	0.284	1420	1000		06-07-2024 शनिवार
131	महराजगंज	कडरिया	73	0.278	1390	1000		06-07-2024 शनिवार
132	महराजगंज	कुबना	1204	0.257	1285	1000		06-07-2024 शनिवार
133	महराजगंज	कुबना	658	0.288	1440	1000		06-07-2024 शनिवार
134	महराजगंज	कुशमहुरा	1	1.233	6165	1000		06-07-2024 शनिवार
135	महराजगंज	कैडावा	41	0.461	2305	1000		06-07-2024 शनिवार
136	महराजगंज	कैडावा	391	0.291	1455	1000		06-07-2024 शनिवार
137	महराजगंज	घुरौना	941	0.752	3760	1000		06-07-2024 शनिवार
138	महराजगंज	जमुरंवा	2608	0.228	1140	1000		06-07-2024 शनिवार
139	महराजगंज	जमुरंवा	3635	0.375	1875	1000		06-07-2024 शनिवार
140	महराजगंज	जमुरांवा	334	0.284	1420	1000		06-07-2024 शनिवार
141	महराजगंज	जमुरांवा	1996	0.337	1685	1000		06-07-2024 शनिवार
142	महराजगंज	जिहवा	4	0.77	3850	1000		06-07-2024 शनिवार
143	महराजगंज	जिहवा	5	0.387	1935	1000		06-07-2024 शनिवार
144	महराजगंज	जिहवा	47	0.387	1935	1000		06-07-2024 शनिवार
145	महराजगंज	जिहवा	82	0.824	4120	1000		06-07-2024 शनिवार
146	महराजगंज	जिहवा	908	0.917	4585	1000		06-07-2024 शनिवार
147	महराजगंज	जिहवा	1311	0.536	2680	1000		06-07-2024 शनिवार
148	महराजगंज	टीसाखानापुर	1937	0.367	1835	1000		06-07-2024 शनिवार
149	महराजगंज	टीसाखानापुर	2452	0.635	3175	1000		06-07-2024 शनिवार
150	महराजगंज	दौतरा	1784	0.455	2275	1000		06-07-2024 शनिवार
151	महराजगंज	पाली	986	0.809	4045	1000		06-07-2024 शनिवार
152	महराजगंज	पाली	605	15.387	153870	1000		06-07-2024 शनिवार
153	महराजगंज	पूरे अचली	734	3.091	30910	1000		06-07-2024 शनिवार
154	महराजगंज	पोखरनी	1392ग	2.925	29250	1000		06-07-2024 शनिवार
155	महराजगंज	पोखरनी	1294 ग	0.588	2940	1000		06-07-2024 शनिवार
156	महराजगंज	बलीपुर	176	0.347	1735	1000		06-07-2024 शनिवार
157	महराजगंज	मऊ	4112	0.935	4675	1000		06-07-2024 शनिवार
158	महराजगंज	मऊ	4774	0.683	3415	1000		06-07-2024 शनिवार
159	महराजगंज	मऊ	2346	0.352	1760	1000		06-07-2024 शनिवार
160	महराजगंज	मऊ	1374	0.215	1075	1000		06-07-2024 शनिवार
161	महराजगंज	मझिगांवा	138कख	0.293	1465	1000		06-07-2024 शनिवार
162	महराजगंज	मझिगांवा	309	0.371	1855	1000		06-07-2024 शनिवार
163	महराजगंज	मझिगांवा	461	0.237	1185	1000		06-07-2024 शनिवार
164	महराजगंज	मांझगाव	224	0.329	1645	1000		06-07-2024 शनिवार
165	महराजगंज	मांझगाव	240	0.948	4740	1000		06-07-2024 शनिवार
166	महराजगंज	मांझगाव	551	0.455	2275	1000		06-07-2024 शनिवार
167	महराजगंज	मांझगाव	515	1.653	8265	1000		06-07-2024 शनिवार
168	महराजगंज	मांझगाव	572	0.297	1485	1000		06-07-2024 शनिवार
169	महराजगंज	मांझगाव	881	0.443	2215	1000		06-07-2024 शनिवार
170	महराजगंज	मांझगाव	949	0.259	1295	1000		06-07-2024 शनिवार
171	महराजगंज	मांझगाव	620	0.736	3680	1000		06-07-2024 शनिवार
172	महराजगंज	मांझगाव	708ख	0.24	1200	1000		06-07-2024 शनिवार
173	महराजगंज	मांझगाव	362मि	0.506	2530	1000		06-07-2024 शनिवार
174	महराजगंज	मुरैनी	209	0.506	2530	1000		06-07-2024 शनिवार
175	महराजगंज	मुरैनी	1508	0.55	2750	1000		06-07-2024 शनिवार
176	महराजगंज	मोन	841	0.226	1130	1000		06-07-2024 शनिवार
177	महराजगंज	मोन	3870	0.354	1770	1000		06-07-2024 शनिवार
178	महराजगंज	मोन	4893	0.468	2340	1000		06-07-2024 शनिवार
179	महराजगंज	मोन	5172	0.367	1835	1000		06-07-2024 शनिवार
180	महराजगंज	मोन	5173	1.265	6325	1000		06-07-2024 शनिवार
181	महराजगंज	मोन	4541	0.417	2085	1000		06-07-2024 शनिवार
182	महराजगंज	राघौपुर	1162मि	1.031	5155	1000		06-07-2024 शनिवार
183	महराजगंज	राघौपुर	1921मि	0.944	4720	1000		06-07-2024 शनिवार
184	महराजगंज	राघौपुर	1938मि	0.765	3825	1000		06-07-2024 शनिवार
185	महराजगंज	राघौपुर	1909	1.969	9845	1000		06-07-2024 शनिवार
186	महराजगंज	राजापुर कसंपुर	112	0.379	1895	1000		06-07-2024 शनिवार
187	महराजगंज	राजापुर कसंपुर	233ख	0.423	2115	1000		06-07-2024 शनिवार
188	महराजगंज	सलेथू	864	0.322	1610	1000		06-07-2024 शनिवार
189	महराजगंज	सिकन्दरपुर	1624घ	0.224	1120	1000		06-07-2024 शनिवार
190	महराजगंज	सिकन्दरपुर	717ग	0.837	4185	1000		06-07-2024 शनिवार
191	महराजगंज	हसनपुर	203	0.466	2330	1000		06-07-2024 शनिवार
192	महराजगंज	हसनपुर	459ग	0.468	2340	1000		06-07-2024 शनिवार
193	महराजगंज	हिलहा	366	0.316	1580	1000		06-07-2024 शनिवार
194	शिवगढ़	ऐमापुर	343	0.443	2215	1000		08-07-2024 सोमवार
195	शिवगढ़	ओसाह	867	0.336	1680	1000		08-07-2024 सोमवार
196	शिवगढ़	ओसाह	879	0.373	1865	1000		08-07-2024 सोमवार
197	शिवगढ़	ओसाह	1089	0.337	1685	1000		08-07-2024 सोमवार
198	शिवगढ़	ओसाह	1721	0.431	2155	1000		08-07-2024 सोमवार
199	शिवगढ़	ओसाह	1921	0.348	1740	1000		08-07-2024 सोमवार
200	शिवगढ़	कुम्भी	1616	0.245	1225	1000		08-07-2024 सोमवार
201	शिवगढ़	कुम्भी	826	0.925	4625	1000		08-07-2024 सोमवार
202	शिवगढ़	कुम्भी	978	1.202	6010	1000		08-07-2024 सोमवार
203	शिवगढ़	कुम्भी	1254	0.864	4320	1000		08-07-2024 सोमवार
204	शिवगढ़	कुम्भी	532	0.228	1140	1000		08-07-2024 सोमवार
205	शिवगढ़	कोटवा	471	0.351	1755	1000		08-07-2024 सोमवार
206	शिवगढ़	खजुरो	1458	0.593	2965	1000		08-07-2024 सोमवार
207	शिवगढ़	गुमावां	1076	0.714	3570	1000		08-07-2024 सोमवार
208	शिवगढ़	ढेकवा	139	1.199	5995	1000		08-07-2024 सोमवार
209	शिवगढ़	ढेकवा	637	0.36	1800	1000		08-07-2024 सोमवार
210	शिवगढ़	ढेकवा	944	0.804	4020	1000		08-07-2024 सोमवार
211	शिवगढ़	ढोढवापुर	22	0.246	1230	1000		08-07-2024 सोमवार
212	शिवगढ़	नेरथुवा	627	0.474	2370	1000		08-07-2024 सोमवार
213	शिवगढ़	नेरथुवा	4128	2.674	26740	1000		08-07-2024 सोमवार
214	शिवगढ़	नेरथुवा	2425	0.683	3415	1000		08-07-2024 सोमवार
215	शिवगढ़	नेरथुवा	4292	0.506	2530	1000		08-07-2024 सोमवार
216	शिवगढ़	बंकागढ	482	0.207	1035	1000		08-07-2024 सोमवार
217	शिवगढ़	बदावर	689	0.341	1705	1000		08-07-2024 सोमवार
218	शिवगढ़	बसन्तपुर सकतपुर	761	1.265	6325	1000		08-07-2024 सोमवार
219	शिवगढ़	बसन्तपुर सकतपुर	1106	0.354	1770	1000		08-07-2024 सोमवार
220	शिवगढ़	बहुदाखर्दु	156	0.55	2750	1000		08-07-2024 सोमवार
221	शिवगढ़	बेंडारू	4842	0.864	4320	1000		08-07-2024 सोमवार
222	शिवगढ़	बैंती	273	4.702	47020	1000		08-07-2024 सोमवार
223	शिवगढ़	बैंती	279म	2.531	25310	1000		08-07-2024 सोमवार
224	शिवगढ़	बैंती	1380	0.314	1570	1000		08-07-2024 सोमवार
225	शिवगढ़	बैंती	598	0.522	2610	1000		08-07-2024 सोमवार
226	शिवगढ़	बैंती	541	0.353	1765	1000		08-07-2024 सोमवार
227	शिवगढ़	बैंती	589	0.478	2390	1000		08-07-2024 सोमवार
228	शिवगढ़	भवानीगढ़	1847	0.502	2510	1000		08-07-2024 सोमवार
229	शिवगढ़	भवानीगढ़	2523ख	0.734	3670	1000		08-07-2024 सोमवार
230	शिवगढ़	मवईया	1311	0.506	2530	1000		08-07-2024 सोमवार
231	शिवगढ़	मवईया	1034	0.268	1340	1000		08-07-2024 सोमवार
232	शिवगढ़	मवईया	472	0.493	2465	1000		08-07-2024 सोमवार
233	शिवगढ़	मवईया	954	0.208	1040	1000		08-07-2024 सोमवार
234	शिवगढ़	मवईया	399	0.793	3965	1000		08-07-2024 सोमवार
235	शिवगढ़	मवईया	746	0.405	2025	1000		08-07-2024 सोमवार
236	शिवगढ़	रामपुर टिकरा	348	0.759	3795	1000		08-07-2024 सोमवार
237	शिवगढ़	रामपुर भूलीगाढा	199ख	0.506	2530	1000		08-07-2024 सोमवार
238	शिवगढ़	रामपुर भूलीगाढा	665	0.322	1610	1000		08-07-2024 सोमवार
239	शिवगढ़	रीवां	2199ग	0.449	2245	1000		08-07-2024 सोमवार
240	शिवगढ़	सीवन	1819मि	1.024	5120	1000		08-07-2024 सोमवार
241	शिवगढ़	सीवन	1524	0.683	3415	1000		08-07-2024 सोमवार
242	शिवगढ़	सूरजपुर	624	0.316	1580	1000		08-07-2024 सोमवार
243	शिवगढ़	सूरजपुर	1128	0.202	1010	1000		08-07-2024 सोमवार
244	शिवगढ़	सूरजपुर	1317	0.284	1420	1000		08-07-2024 सोमवार
245	शिवगढ़	सूरजपुर	1441	0.316	1580	1000		08-07-2024 सोमवार
			योग	180.214	1189130	264000		

नीलाम प्रक्रिया मे बोली बोलने की पात्रता व शर्ते शासनादेश व राजस्व सहिंता नियमावली 2016 में प्रतिपादित प्रक्रिया के अनुसार होगी। जो तहसील एवं राजस्व परिषद की बेवसाईट bor.up.nic.in पर उपलब्ध है। पट्टे की शर्ते व नीलामी से सम्बन्धित किसी अन्य जानकारी हेतु नीलामी से पूर्व कार्यालय तहसीलदार महराजगंज रायबरेली के यहा से किसी भी कार्य दिवस मे प्राप्त की जा सकती है।

उपजिलाधिकारी
महराजगंज, रायबरेली

UPID-206305 Dated-19-06-2024
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

अयोध्या में निर्माणाधीन सेतुओं का कार्य प्रगति पर

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। रामलला के दर्शन पूजन के लिए प्रतिदिन लाखों की तादाद में श्रद्धालु आ रहे हैं ऐसे में अयोध्या में सड़कों पर ट्रैफिक दबाव बढ़ रहा है इसको लेकर केंद्र सरकार व योगी सरकार नए पथों का निर्माण करा रही है जल्द ही कार्य पूर्ण हो जाएगा इस क्रम में जानकारी देते हुए जिलाधिकारी नितीश कुमार ने अयोध्या धाम आने वाले पर्यटकों,श्रद्धालुओं यात्रियों एवं जनसामान्य के आवागमन की सुविधा को और भी सुगम बनाये जाने के दृष्टिगत जनपद अयोध्या में उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लिमिटेड के निर्माणाधीन सेतुओं के प्रगति की समीक्षा की तथा उप परियोजना प्रबन्धक सेतु निगम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस अवसर पर उप परियोजना प्रबन्धक ने अयोध्या में निर्माणाधीन रेलवे उपरिगामी सेतुओं के प्रगति की जानकारी देते हुये बताया कि बहराइच- फैजाबाद-अकबरपुर मार्ग एस0एच0-30 के चैनेज 118.25 से 199.200 तक चार लेन चौड़ीकरण में रेलवे सम्पार संख्या 107 ए/2टी (वाराणसी लखनऊ रेल सेक्शन दर्शननगर के पास) पर चार लेन उपरिगामी सेतु के पहुंच मार्ग (कुल लम्बाई 614.11 मीटर सेतु के कैरेज-वे की चौड़ाई

15 मीटर, सेतु के दोनों तरफ 3.75 मीटर चौड़ाई में सर्विस रोड निर्माण) का कुल 89 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है शेष कार्यो को अक्टूबर 2024 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। इसी प्रकार 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर सूर्यकुण्ड स्थित रेलवे सम्पार संख्या 105 पर 02 लेन रेल उपरिगामी सेतु (कुल लम्बाई 675 मीटर) का 91 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है शेष कार्यो को अगस्त 2024 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। अयोध्या-अकबरपुर मार्ग पर सम्पार संख्या 118ए (फतेहगंज) पर दो लेन उपरिगामी सेतु (कुल लम्बाई 793.95 मीटर) का भी 82 प्रतिशत कार्य पूर्ण है शेष कार्य को अक्टूबर 2024 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर हलकारा का पुरवा रेलवे सम्पार संख्या 108एसी पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु का भी 10 प्रतिशत कार्य पूर्ण है, सेतु के नीव संरचना, अधो संरचना एवं उर्ध्व संरचना का कार्य प्रगति पर है तथा सेतु के सरेक्षण में आने वाले सर्विसेज के शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर है। इस रेल उपरिगामी सेतु को दिसम्बर 2025 तक पूर्ण करने की समयावधि निर्धारित है। इसी प्रकार रेल प्रखण्ड जफराबाद-अयोध्या-लखनऊ के अयोध्या स्टेशन के पश्चिम यार्ड में किमी0 968/2-3 पर स्थित रेलवे सम्पार संख्या 121बी (मोदहा) पर 04 लेन उपरिगामी सेतु का भी 20 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है इस सेतु के भी नीव संरचना, अधो संरचना एवं उर्ध्व संरचना का कार्य प्रगति पर है तथा सेतु के सरेक्षण आने वाले सर्विसेज के शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर है। इस रेल उपरिगामी सेतु को भी दिसम्बर 2025 तक पूर्ण करने की समयावधि निर्धारित है।जिलाधिकारी ने उप परियोजना प्रबन्धक सेतु निगम को समस्त सेतुओं के निर्माण कार्यो को आगणन की विशिष्टियों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। जिससे यात्रियों को इन स्थानों पर किसी प्रकार की जाम की समस्या का सामना न करना पड़े और इन मार्गों पर निरंतर एवं निर्वाध आवागमन सुनिश्चित रहे। ज्ञातव्य है कि अयोध्या धाम में पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर बड़ी बुआ के पास रेलवे सम्पार संख्या 112ए (दो लेन) रेल उपरिगामी सेतु तथा एन0एच0 27 बाईपास से निकलकर मोहबरा बाजार होते हुये श्रीराम जन्मभूमि मंदिर हेतु राम पथ तक जाने वाले मार्ग पर स्थित रेलवे सम्पार संख्या 111बी पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु का कार्य क्रमशः महज 20 व 22 माह में पूर्ण कर लिया गया था जिसका लोकार्पण पूर्व में ही प्रधानमंत्री द्वारा किया जा चुका है।

भीषण गर्मी मे ग्राहकों के बैठने के स्थान का पंखा बन्द

बीकापुर- अयोध्या । कोतवाली क्षेत्र के गोला बाजार में स्थित उत्तर प्रदेश बैंक ऑफ़ बरोदा से जुड़े ग्राहकों को की गरज हो तो बैंक आवे बैंक के शाखा प्रबंधक की कोई इच्छा नहीं होती कि उनके बैंक में ग्राहकों का आना-जाना बना रहे। उक्त बात बैंक आकर किसी भी समय देखा जा सकता है जब ग्राहकों की बैठने के स्थान पर कोई पंखा चलता नहीं देखकर एक ग्राहक शाखा प्रबंधक प्रियंका सिंह से पूछा कि साहब इस भीषण गर्मी में हम लोगों के तरफ का एक भी पंखा ठीक से चल नहीं रहा है। प्रबंधक ने कहा कि हफ्तों से मिस्त्री से कहे हैं लेकिन अभी देखने नहीं आया है। जल्द ही बन जाएगा जहां मानवता के चलते लोग पशु पक्षियों की व्यवस्था करते देखे जा रहे हैं।

मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ ने अयोध्या में विशिष्ट ओपीडी सेवाओं का किया शुभारंभ

अयोध्या। मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने आज देवा हॉस्पिटल, अयोध्या के सहयोग से नेफ्रोलॉजी, ब्रेस्ट सर्जरी और मेडिकल ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञताओं के लिए अपनी विशेष मल्टी-स्पेशियलिटी ओपीडी सेवाओं के शुभारंभ की घोषणा की।हॉस्पिटल ने रोगियों की सुविधा के लिए यह ओपीडी सर्विस लॉन्च की है। मैक्स हॉस्पिटल की यह पहल रोगियों को अब दूसरे शहर या राज्य की यात्रा किए बिना आसानी से और बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा की सुविधा उपलब्ध कराएगी। यह पहल अयोध्या और आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के लिए शुरू की गई है। इसका मकसद इन लोगों को बेहतरीन इलाज मुहैया कराना है, जिसमें जल्दी बीमारी का पता लगाना, बेहतरीन इलाज के विकल्प और मरीजों की पूरी देखभाल शामिल है।यह सेवाएं हर महीने के कुछ खास दिनों में उपलब्ध होंगी। इन खास दिनों पर नेफ्रोलॉजी, ब्रेस्ट सर्जरी और मेडिकल ऑन्कोलॉजी जैसी विशेषज्ञता के डॉक्टर उपलब्ध होंगे। लखनऊ स्थित मैक्स सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल के नेफ्रोलॉजिस्ट और रीनल ट्रांसप्लांट फिजीशियन डॉ. वेंकटेश थम्मीशेट्टी हर महीने के दूसरे शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक परामर्श के लिए उपलब्ध होंगे। इसके अलावा ब्रेस्ट और एंडोक्राइन सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. फराह अरशद और मेडिकल ऑन्कोलॉजी तथा हेमेटो-ऑन्कोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. मोहम्मद सुहेल हर महीने के तीसरे गुरुवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, डॉ. वेंकटेश थम्मीशेट्टी ने कहा, हमारी मल्टी-स्पेशियलिटी ओपीडी सर्विस समाज के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि हम उन्हें सर्वोत्तम संभव इलाज और देखभाल प्रदान करें। रोगियों को अब विभिन्न विशेषज्ञों से परामर्श के लिए शहर के बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। विशेष रूप से पुरानी बीमारियों जैसे कि क्रोनिक किडनी रोग के इलाज में, बीमारी का सही समय पर पता चलना, नियमित परामर्श और निगरानी महत्वपूर्ण है।

सडक हादसे मे एक की मौत आठ घायल जिला हास्पिटल भर्ती

गोंडा। गौरा चौकी बभनान मार्ग तरौनी में बृहस्पतिवार की सुबह एक अनियंत्रित ऑल्टो कार खाई में पलट गई। इस हादसे में कार चालक की मौत हो गयी जबकि 8 लोग घायल हो गए। घायलों में महिलाएं व बच्चे भी शामिल है सभी एक ही परिवार के हैं। बताया जा रहा है कि हादसा एक

बाइक सवार को बचाने के चक्कर में हुआ है। फिलहाल पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा है जहां एक की हालत गंभीर है?। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा है। बलरामपुर जिले से कूकनगर ग्रांट के रहने वाले मनीष श्रीवास्तव अपने मामा की ऑल्टो कार लेकर अपनी ससुराल गए थे। बृहस्पतिवार की सुबह वह पत्नी व बच्चों के साथ वापस अपने घर लौट रहे थे। गौरा चौकी बभनान मार्ग पर तरैनी के पास उनके कार के सामने एक बाइक सवार आ गया। बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित हो गयी और सड़क किनारे गड्ढे में पलट गयी। इस दुर्घटना में मनीष श्रीवास्तव (35), पत्नी वंदना श्रीवास्तव उर्फ कोमल (28) मयंक श्रीवास्तव (15) बादल श्रीवास्तव (25), मन्नत श्रीवास्तव (7), रूही श्रीवास्तव (12), महक श्रीवास्तव (8) व पूर्ति श्रीवास्तव (22) घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां से सभी को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। अस्पताल ले जाते समय कार चालक मनीष श्रीवास्तव की मौत हो गयी जबकि बादल श्रीवास्तव (25) की हालत गंभीर बतायी जा रही है। सभी घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

विश्व योग दिवस की पूर्व संध्या पर जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। वर्ल्ड योगासन एवं योगासन भारत के महासचिव डॉ. जयदीप आर्य के मार्गदर्शन तथा उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव रोहित कौशिक के नेतृत्व एवं योगासन स्पोर्ट्स उत्तर प्रदेश के समन्वयक पियूष कांत मिश्र के दिशा-निर्देशन में उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में चल रही जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिताओं के तत्वावधान में विश्व योगदिवस की पूर्व संध्या पर प्रथम जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता ध्यान केंद्र, योग विज्ञान विभाग डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में गुरूवार को सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो हिमांशु शेखर सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती अर्चना सिंह, पुलिस उपाधीक्षक अयोध्या रही। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में खेल का विशेष महत्व है।

सरकार ने योग को एक खेल के रूप में मान्यता दे दी है। योगसन खेल, केवल शारीरिक ही नहीं मानसिक विकास भी करते हैं। कुछ खेल बच्चों के लिए होते हैं, कुछ बड़ों के लिए, कुछ वृद्धों के लिए होते हैं, जबकि ये एक ऐसा खेल हैं, जिसमें सभी वर्ग के लोग प्रतिभाग कर सकते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह रहे। डॉ. सिंह ने खिलाड़ियों को योग के महत्व के विषय जानकारी दी और सरकार द्वारा खिलाड़ियों की लिए चलाई जा रही योजनाओं के विषय में प्रकाश डाला।इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में महिला और पुरुषों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इन सभी वर्गों के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले विजेताओं को मेडल तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीनियर वर्ग महिला एवं पुरुष में अवध विश्वविद्यालय योग विज्ञान विभाग का दबदबा रहा। सीनियर वर्ग महीला में क्रमशः प्रथम स्थान शालू कुमारी द्वितीय स्थान आकृति त्रिपाठी तृतीय स्थान रोली पांडे का रहा। सीनियर वर्ग पुरुष में क्रमशः प्रथम स्थान आशीष शुक्ला द्वितीय स्थान राजपाल तृतीय स्थान कमलेश कुमार का रहा। सभी विजेता प्रतिभागी आगामी राज्य स्तरीय उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस प्रतियोगिता में ऑब्जर्वर की भूमिका योगासन उत्तर प्रदेश से जुड़े प्रतिनिधि वैभव उपाध्याय ने निभाई। योग विज्ञान के सहायक आचार्य डॉ. आलोक तिवारी ने निर्विवाद निर्णय देकर प्रतियोगिता सम्पन्न कराई। डॉ. अनुराग तिवारी ने मंच संचालन एवं अतिथियो का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में योग विज्ञान विभाग के शिक्षक डॉ. अनुराग सोनी, सुश्री गायत्री वर्मा की महती भूमिका रही। रजिस्ट्रेशन का कार्य दिवाकर पाण्डेय के द्वारा किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

प्रधान संघ की बैठक में बीडीओ से समस्याओं को लेकर हुई चर्चा

अवधनामा संवाददाता

मसौली बाराबंकी। ग्राम प्रधान संघ मसौली इकाई की गुरूवार को संघ के अध्यक्ष सोमनाथ राजपूत की अध्यक्षता मे ग्राम प्रधानों की बैठक ब्लाक सभागार मे सम्पन्न हुई बैठक मे समय से भुगतान सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक मे उपस्थित ग्राम प्रधानों का आभार व्यक्त करते हुए संघ के अध्यक्ष सोमनाथ राजपूत ने कहा कि गांव की जनता ने हम लोगो को बड़ी ही उम्मीद के साथ ग्राम प्रधान चुना है जनता की बड़ी अपेक्षाए है आप सभी लोग संयम बनाते हुए काम करे क्योकि आधे से ज्यादा समय बीत चुका है आप सभी लोगो को बहुत काम करना है जिससे जनता दुबारा मौका दे। संघ के अध्यक्ष ने कहा कि यदि कोई समस्या हो तो संघ के सामने रखे जिससे उसे निपटाया जा सके। ग्राम प्रधानो ने भुगतान मे हो रही देरी का मुद्दा उठाया। ग्राम प्रधान बड़ागांव ने परिवार रजिस्टर को कंप्यूटराइज्ड से पहले आधार कार्ड से सर्वे कराने की बात कही। बैठक के पश्चात ग्राम प्रधान संघ का एक प्रतिनिधत्व मंडल खण्ड विकास अधिकारी डा0 संस्कृता मिश्रा से मिलकर ग्राम प्रधानों की समस्या से अवगत कराया बीडीओ डा0 संस्कृता मिश्रा ने शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

अधिवक्ताओं का सम्मान व हित सर्वोपरिः जयनारायण

अयोध्या। बार एसोसिएशन तहसील रुदौली के नव निर्वाचित अध्यक्ष,महामंत्री सहित कार्यकारिणी समिति का शपथ ग्रहण कार्यक्रम तहसील परिसर में बार कौंसिल उत्तर प्रदेश के सदस्य एवं सह अध्यक्ष जय नारायण पाण्डेय के मुख्य अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सर्व प्रथम नव निर्वाचित अध्यक्ष गोरख नाथ तिवारी को एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष साहब शरण वर्मा ने शपथ दिलाई । महामंत्री रवीन्द्र नाथ तिवारी,कोषाध्यक्ष नंद किशोर यादव सहित नव निर्वाचित पदाधिकारियों को अध्यक्ष गोरख नाथ तिवारी ने शपथ

दिलाई ।बार कौंसिल उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष जय नारायण पाण्डेय ने अपने संबोधन में कहा कि मेरे लिए अधिवक्ताओं का सम्मान व हित सर्वोपरि है सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा की बार कौंसिल से अधिवक्ताओं को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए कृत संकल्पित है ।बार एसोसिएशन फैजाबाद के जिला अध्यक्ष पारस नाथ पाण्डेय ने कहा कि रुदौली बार क्रान्तिकारी रही है यहां के अधिवक्ताओं से जितना स्नेह हमको मिला है उसका मैं ऋणी हू अधिवक्ताओं की हित के लिए सदैव तत्पर रहूंगा ।अन्य वक्ताओं में बार कौंसिल उत्तर प्रदेश के अनुशासन समिति के सदस्य मो0आरिफ एडवोकेट,उप जिलाधिकारी रुदौली अंशिका दीक्षित,तहसीलदार रुदौली राजेश कुमार , उप निबंधक रुदौली अनीता कुमारी,मिल्कीपुर तथा सोहावल बार के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान अध्यक्ष, रुदौली बार के निवर्तमान अध्यक्ष हरि नारायण यादव ,अफसर रजा रिजवी एडवोकेट ,मोहम्मद फहीम खां, साहब सरन वर्मा,कुलभूषण यादव, कमरुद्दीन अहमद सहित अन्य अधिवक्ताओ ने अपने विचार रखे।

शव दफनाने को लेकर दो पक्ष में हुई मारपीट

हैदरगढ़ बाराबंकी। सरकारी भूमि पर अंतिम संस्कार को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची लोनी कटरा पुलिस दोनों पक्षों को लेकर थाने पहुंच गई।मौके पर पहुंची पुलिस के हस्तक्षेप के चलते करीब दस घंटे बाद अंतिम संस्कार हो सका। थाना लोनी कटरा के पासापुर निवासी पूर्व ग्राम प्रधान हरिनाम की वृद्ध माता रामावती का बुधवार रात निधन हो गया था। गुरुवार सुबह जब परिजन अंतिम संस्कार के लिए निर्धारित स्थान पर पहुंचे तो वहां पर बगल में घर बना कर रहने वाले राम सागर ने विरोध करते हुये अंतिम संस्कार करने से रोक दिया।प्रथम पक्ष का कहना था कि हमारे पूर्वजों के जमाने से यहीं पर अंतिम संस्कार होता चला आया है।बिवाद बढ़ने पर मारपीट हो गई। मारपीट में जनपद लखनऊ के नगराम थाना क्षेत्र के हरदोइया की उर्मिला, राम कुमारी, थाना लोनी कटरा के बेनीगंज की कविता, गुड़िया पुत्री स्व0 श्रीराम, आरती पत्नी फूलचंद आदि को चोट आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को इलाज के लिये सीएचसी त्रिवेदीगंज पहुंचाया। थाना अध्यक्ष अंकित त्रिपाठी ने बताया है कि सरकारी जमीन है। दूसरी जगह अंतिम संस्कार कराया गया है।

पांच करोड़ से अधिक वाले निर्माण कार्यों की डीएम ने की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

गोंडा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट कक्ष में जनपद में चल रहे

विभिन्न विभागों के पांच करोड़ से अधिक वाले भवन निर्माण कार्य एवं सड़क, पुल आदि के निर्माण कार्यों की समीक्षा की। जिसमें उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों को समय से पूरा किया जाय। निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई भी समझौता न किया जाए। जिन भवन निर्माण में बजट के अभाव से कार्य रुका है उसे बजट मंगाकर पूरा किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री स्तर से निर्माण कार्यों की समीक्षा की जाती है अतः कार्यदायी संस्थाएं सभी निर्माण कार्यों को समय से पूरा करें। देर से निर्माण पूरा करने पर शासकीय धन की क्षति होती है। जिलाधिकारी ने कहा कि जो निर्माण कार्य मामूली सी कमी होने के कारण शत प्रतिशत पूर्ण नहीं हो पा रहे है। उन सभी निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। जो कमी है उसे तत्काल पूरा कर कर सम्बन्धित विभाग को हैंडओवर किया जाए।बैठक में डीएसटीओ अरुण सिंह, एडीएसटीओ राजेश पाण्डेय, एक्सईएइएन यूपी सिडको, ग्रामीण अभिन्यंत्रण विभाग, निर्माण खंड 1, सीएण्डडीएस, यूपी आरएनएन, पैक्स फेड, सभी संबंधित निर्माण कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

नियम कानून को ताक पर रखकर नीलाम किया सरकारी भूमि पर लगे बेशकीमती पेड़

अवधनामा संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी। नियम कानून को ताक पर रखकर ग्राम पंचायत की सरकारी भूमि पर लगे जंगल जलेबी के तीन कीमती पेड़ को औने पौने भाव में नीलामी कर देने का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम प्रधान ने उपजिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देकर लेखपाल के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के मुताबिक तहसील हैदरगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत थानपुर निवासी प्रधान विद्यावती ने उपजिलाअधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया की उनकी ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत बनाई जा रही पानी टंकी निर्माण कार्य लगभग छह माह पहले पूरा हो चुका है तथा घर घर कनेक्शन भी हो चुके हैं इसके बावजूद लेखपाल ने अपने निजी लाभ के लिए ग्राम पंचायत की सरकारी भूमि पर लगे लगभग 30000 हजार रुपए कीमत के तीन जंगल जलेबी के पेड़ को औने पौने भाव में 4500 रुपए में नीलामी कर दिया गया जबकि उक्त पेड़ से पाइप लाइन को कोई नुकसान नहीं है कहा कि तहसील प्रशासन द्वारा पेड़ों की नीलामी की गई है। प्रधान हो प्रधान की तरह रहो औकात में रहने की धमकी तक दे डाली हल्का

नीलामी के दौरान कानूनी प्रकिया नही अपनाई गई और नही खुली बैठक कराई गई व और मेरे द्वारा कोई भी प्रस्ताव भी नही पारित किया गया यहां तक कि किसी भी समाचार पत्र नीलामी की सूचना भी प्रकाशित नहीं की गई और गुपचुप तरीके से औने पौने भाव में पेड़ की नीलामी कर दी गई जो की सरासर गलत है हल्का लेखपाल से मामले की जानकारी करने पर मुझसे अभद्रता करते हुए लेखपाल की धमकी से आहत होकर प्रधान ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर लेखपाल के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। एसडीएम ने बताया की मामले की जह्यह्यच कराई जाएगी जो भी दोषी पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। वैसे तहसील हैदरगढ़ में नियम कानून को ताक पर रखकर सरकारी भूमि पर लगे पेड़ की नीलामी का कोई नया मामला नहीं है।

फाल्ट की समस्या से बधाई होता विद्युत आपूर्ति

नौतनवा (महराजगंज)। क्षेत्र स्थित पावर हाउस से पांच किलोमीटर दूरी पर बसा हुआ लालपुर गांव की बिजली खराब होने के कारण स्थानीय लोगों को समस्याओं से जूझना पड़ता है। लालपुर गांव में नौतनवा पावर हाउस के अंतर्गत आता हैं। जो पावर हाउस से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी विद्युत तार से सप्लाई दी जाती है। हालांकि इसके पहले इस गांव में बिजली की सप्लाई बृजमनगंज पावर हाऊस से किया जाता था। विभागीय लोगों का कहना है कि इस पांच किलोमीटर दूर वाले गांव में जो बिजली का तार आया है वह पंद्रह किलोमीटर घूमते हुए आया है, यही कारण है कि यहां अधिकतर फाल्ट होता रहता है। ग्रामीण भुलेशर, मोहन प्रजापति, ज्ञान दास, भानू गुप्ता,अजय, जयप्रकाश सहित कई लोगों ने फाल्ट की समस्या को दूर करने की अपील की है।

आज़र बाराबंकवी एक अच्छे शायर और लेखक थेः पूर्व मंत्री गोप

एक शाम आजर के नाम आयोजित, देर रात शायरों ने कलाम पेश किये

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। प्रसिद्ध शाएर व अदीब स्व0आज़र बाराबंकवी की 10वीं बरसी के अवसर पर ÷बज़्म ए गुलिस्ताने आज़र के ज़ेरे एहतेमाम कटरा स्थित इमामबाडा मीर मासूम अली के प्रांगण में ÷एक शाम आज़र बाराबंकवी के नाम÷ शीर्षक से हुए मुशाएरे में देर रात तक श्रोताओं ने मुशाएरे का आनंद लिया। इस मौक़े पर मुख्य आतिथि के रूप में प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप ने अपने संबोधन में स्व0 आज़र बाराबंकवी की शायरी और उनकी सामाजिक ज़िन्दगी पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि स्व0 आज़र चचा के बारे में अगर बताया जाए तो वो सिर्फ एक अच्छे शाएर ही नही थे बल्कि वे एक अच्छे लेखक और अच्छे अधिवक्ता भी थे वहीँ बाराबंकी के नव निर्वाचित सांसद तनुज पुनिया ने भी सैय्यद मकासिद हुसैन आज़र बाराबंकवी का ज़िक्र करते हुए कहा कि स्व0 आज़र बाराबंकवी एक अच्छे शाएर और लेखक तो थे ही इसके साथ ही वे कई बार नगर पालिका परिषद् के कई ज़िम्मेदार पदों पर भी रहे उन्होंने संचालक हुमायूं नईम खां और उनके पुत्रों कि मांग पर कहा कि स्व0 आज़र बाराबंकवी कि याद को जिंदा रखने के लिए किसी यादगार का निर्माण कराया जाएगा जैसा उनका परिवार चाहता है। कार्यक्रम की सदारत सदारत कर रहे मुजाहिद हुसैन नकवी ने कहा कि आज़र चचा के परिवार से उनका पुराना नाता हैं श्री नकवी ने अपनी ओर से स्व0 आज़र बाराबंकवी की शायरी कि पुस्तक को प्रकाशित करवाने का एलान किया कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध शाएर सगीर नूरी एवं अधिवक्ता हुमायूं नईम खां सयुक्त रूप से किया। मुशाएरे का आरंभ स्व0 आज़र बाराबंकवी की ग़ज़ल से उनके पुत्र कलीम आज़र ने किया जिसका शेर है। हम चुप रहे कि अपनी ज़बा पर था अख्तियार। आसूं हमारे बस में नही थे निकल पड़े। उसके बाद मुशाएरे में अपना कलाम पेश करते हुए मशहूर शाएर उस्मान मीनाई ने ये शेर पढ़ा जब किसी राए का इज़्हार किया है मैंने, अपने लहजे को असर दार किया है मैंने, अपने दिल में किसी हंगामे से बचने के लिए, तेरी यादों को तड़ी पार किया हैं मैंने। कशिश सनडेल्वी ने अपने कलाम में कहा दुआएं उसकी यक़ीनन कबूल होंगी कशिश, वो आदमी जो बुजुर्गों का एहतराम करे। नवजवान शाएर फैज़ खुमार ने अपनी ग़ज़ल में पढ़ा तभी तो फैज़ नसब पर मुझे गुरूर भी है, खुमार भी है रगों में मेरे सुरूर भी है। नफीस बाराबंकवी ने अपने कलाम में कहा भला उनको कैसे कोई भूल जाए, ख़यालातो फन कि थे पहचान आज़र। इरफ़ान बाराबंकवी ने अपने ख़ास अंदाज़ में ये ग़ज़ल पढ़ी नाम लिखना है तुम्हे किसका बताओ तो ज़रा, बावज़ू होक जो कागज़ पे कलम रखा है।

शाएर आदर्श बाराबंकवी ने अपना ये कलाम पेश किया बादलो ने चाँद का घोटा गला जब एक रात, रख के गिरवीं रौशनी ज़ुल्मात से सौदा किया। इस अवसर पर एक शाम आज़र बाराबंकवी के नाम कार्यक्रम में मुख्य रूप से बार के प्रसीडेंट हिसाल बारी किदवई , जी.सी हॉस्पिटल और लाइफ केयर के ओनर मोहम्मद मोहसिन , तारिक जिलानी , बुज़ुर्ग शाएर अमीर हमजा आज़मी , आमिर रज़ा, मज़ाहिर हुसैन ,सभासाद सादिक हुसैन , आसिफ हसन, मंज़र अब्बास , डॉ. रेहान अल्वी , फौज़ान किदवई , सलीम सिद्दीकी , पूर्व सभासाद हसन अब्बास गुड्डू, असद रिज़वी , ताहिर हुसैन , मनाज़िर हुसैन, शीज़ू समेत भारी संख्या में श्रोता गण मोजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम आयोजक नदीम अब्बास रिज़वी एवं कलीम आज़र ने सभी शाएरो और महमानों का शुक्रिया अदा किया।

लंबित भुगतान मामले 30 जून तक खत्म करेंः डीएम

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में एनएचएआई-24 गोरखपुर-सोनौली राजमार्ग निर्माण के संदर्भ समीक्षा बैठक की गई। जिसमें प्रतिकर भुगतान वितरण, संरचनाओं को हटाने, छूटे हुए मकानों का मूल्यांकन, वृक्षों के कटान आदि के सम्बन्ध में चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने प्रतिकर भुगतान के लंबित प्रकरणों को 30 जून तक निस्तारित करने का निर्देश दिया। कहा कि जिन मामलों में प्रतिकर भुगतान किया जा चुका है, उनमें ध्वस्तीकरण को जून के अंत तक पूर्ण करें। उप भूमि अध्याप्ति अधिकारी मदन मोहन वर्मा ने अवगत कराया कि 35 गांवों में ध्वस्तीकरण का कोई प्रकरण अवशेष नही है, जबकि 12 गांवों में ध्वस्तीकरण का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा एनएचएआई और पीएमसी को निर्देशित किया कि जिन मामलों में मूल्यांकन का कार्य अधूरा है, उसको अविलंब पूरा करें, ताकि प्रतिकर भुगतान किया जा सके। जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण हेतु वृक्षों के कटाई को भी समय से पूर्ण कर लें।

ताकि बुझा सके बेजुबान अपनी प्यास

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। तेज धूप और जान लेवा तपिश से मानव हो या जानवर सब परेशान हैं। इस गर्मी से जहां मानव हानि की खबरें है वहीं बेजुबानों की भी मौतें हो रही है। हैरत है कि इससे सरकार से लेकर प्रशासन तक बेखबर हो सिर्फ वक्तव्यों और इशितहारों से जीवन बचाने की सीख दे रहा है।

वहीं एक शख्स ने अपने निजी संसाधन से ऐसा कर दिखाया जिसकी तारीफ हर जुबां पर है। फरेंदा कस्बे में एक निजी चिक्तिसालय की डायरेक्टर नीना अरूण चतुर्वेदी ने पानी के लिए जंगल से भाग कर आ रहे जानवरों के लिए जंगलों में छोटे छोटे जलाशय खुदवाकर उसमें पानी भरवाने का काम किया ही कस्बे में भटक रहे छुट्टा पशुओं के लिए भी करीब सौ हौदों में पानी भरवाने का नेक काम किया है। बता दें कि कि जंगलों में पशुओं के पानी का इंतजाम करने की जिम्मेदारी वन विभाग की है। जंगलों के जलाशय सूखे पड़े हैं और अधिकांश तो अस्तित्वहीन हो गए। वन विभाग द्वारा इस ओर ध्यान न देने से जहां भारी संख्या में बंदर बस्तियों में आकर उत्पात मचाने लगे वहीं पानी के लिए भटक कर बाहर निकले अनगिनत हिरन मर गए। इसी तरह कस्बों में छुट्टा पशुओं के पानी के इंतजाम की जिम्मेदारी नगरीय प्रशासन की है। दुर्भाग्य से उसने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया। प्यास से तड़प कर मर रहे बेजुबानों की ओर ध्यान देकर उनके लिए जंगल से लेकर कस्बे तक पानी की व्यवस्था कर निश्चय ही नीना अरुण चतुर्वेदी ने पुण्य का काम किया है। उनके इस काम की सराहना हर ओर हो रही है।

डुमरियागंज मूल के प्रवासी ई. अजय अग्रहरि न्यूजीलैंड में बच्चों दे रहे है योग का ज्ञान

सुधांशु अग्रहरि

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। भारत सहित पूरी दुनिया में 21 जून को योग दिवस काफी उत्साह के साथ मनाया जाता है। ऐसे में जहां भारत लोग काफी उत्साहित है वैसे ही न्यूजीलैंड में भी योग दिवस के दो सप्ताह पहले से ही योग दिवस को लेकर काफी उत्साह का माहौल है। वहां पर डुमरियागंज मूल के प्रवासी ई. अजय अग्रहरि न्यूजीलैंड में बच्चों को योग का ज्ञान देकर योगाभ्यास करा रहे है। अजय अग्रहरि डुमरियागंज मूल के एक युवा प्रवासी हैं, जो न्यूजीलैंड में एक रिसर्च संस्थान में इंजीनियर हैं। इनका योग का काफ़ी जुड़ाव है, और यह योगा अलायन्स के साथ एक पंजीकृत योग शिक्षक (आर.वाई.टी) है, जो न्यूजीलैंड में निशुल्क योगा सिखाते हुए योगाभ्यास कराते हैं। अजय के अनुसार योग एक विज्ञान है जो आपकी मन व शरीर को उसकी प्राकृतिक स्वास्थ्य अवस्था में लाता है तथा आपकी आत्मा को परमात्मा से जोड़ता है। वर्ष 2019 के वाराणसी में आयोजित युवा प्रवासी दिवस पर भारत सरकार ने उन्हें न्यूजीलैंड से यूथ डेलेगेट के रूप में बीएचयू और पूरे देश भर से चयनित एनएसएस के विद्यार्थियों से अपने विचार साझा करने के लिए आमंत्रित किया था। अजय ने न्यूजीलैंड में भी योग के क्षेत्र में कई कीर्तिमान

अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस पर विशेष

स्थापित कर पुरुस्कृत भी हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि हिन्दू काउंसिल ऑफ न्यूजीलैंड द्वारा हेल्थ फॉर ह्यूमैनिटी योगाथन कार्यक्रम हर वर्ष न्यूजीलैंड के सभी शहरों व कस्बों में योगा सप्ताह के रूप में आयोजित किया जाता है। जिसमे दो सप्ताह में ज्यादा से ज्यादा सूर्य नमस्कार लोगों को कराने का लक्ष्य रखा जाता हैं। कार्यक्रम में नेशनल कॉर्डिनेटर अजय के नेतृत्व में योगाथन कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2019 में 108000 सूर्य नमस्कार, 2020 व 2021 में 140000 सूर्य नमस्कार तथा 2022 में 250000 सूर्य नमस्कार कराकर कीर्तिमान स्थापित किया गया है। अजय अग्रहरि ने बताया कि योग का महत्व अब और अधिक बढ़ गया है, तथा

बच्चों का शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक एवं बौद्धिक विकास के लिए योग आवश्यक: अजय अग्रहरि

यह प्रत्येक परिवार, समुदाय और संस्था का हिस्सा बन गया है। योग के महत्व को लेकर लोगों में काफी आशा व उत्साह है। यह वास्तव में हर परिवार, हर समुदाय, हर संस्थान का हिस्सा बन गया है कि वे इस बारे में सोचना शुरू करें कि योग किस तरह से उनके जीवन में मूल्य ला सकता है और उस समुदाय के सदस्यों और उनके परिवारों को आज दुनिया में हमारे सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने में मदद कर सकता है। अब युवा और छात्र भी इसमें बहुत अधिक शामिल हो रहे हैं और योग को एक संपूर्ण और समग्र परंपरा के रूप में देखते हैं। उन्होंने बताया की मैं न्यूजीलैंड में जहाँ भी जाता हूँ, वहाँ युवा लोग, छात्र, खास तौर पर कॉलेज के बच्चे...इसमें बहुत शामिल होते हैं। शुरू में, वे इसे शारीरिक फिटनेस की परंपरा के रूप में देखते हैं। लेकिन मुझे लगता है कि वे बहुत जल्दी आगे बढ़ जाते हैं और देखते हैं कि यह एक संपूर्ण और समग्र परंपरा है। योगाथन कार्यक्रम को यहां काफी लोकप्रियता प्राप्त हुई है और यह एक बहुत बड़ा कार्यक्रम बन कर उभरा है, जिससे योग व उसके लाभ से न्यूजीलैंड के निवासी इतना प्रभावित हुए हैं कि यहां पर ढेर सारा योगा स्कूल खुल गया हैं और वहां के लोग अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस काफी उत्साहित होकर मनाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय योगा दिवस पर योगा सप्ताह का आयोजन किया जाता है जिसमें सभी को निशुल्क में योगा सिखाई जाती है और योग के प्रति लोगों को जागरूक किया जाता हैं। जिसमें वहां के लोगों को योग, भारतीय संस्कृति, अध्यात्म, मंत्रों से पहचान कराई जाती है। योगाथन टीम ने इस बार योगाथन कार्यक्रम को स्कूलों, कॉलेजों व यूनिवर्सिटी में भी ले जाने का प्रयास किया, जिसके फलस्वरूप मैसी यूनिवर्सिटी में योगाथन के अंतर्गत योगा क्लासेस कराये गये। एपसम नॉर्मल प्राइमरी स्कूल के प्रधानाचार्य इस योगाथन कार्यक्रम व योग से इतना प्रभावित हुए की उन्होंने विद्यालय के अगले सत्र में योग को अपने पाठ्यक्रम में शामिल करने की घोषणा की है। अजय अग्रहरि ने बताया की इस बार मुख्य रूप से बच्चों को योग की जानकारी देकर योगाभ्यास कराया जा रहा हैं जिसमें योग के अलग अलग आसन के साथ, सूर्य नमस्कार, भ्रामरी, कपालभाति आदि का विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। जिससे बच्चों का शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक एवं बौद्धिक विकास हो सकेगा। अजय के अनुसार योग एक जीवन पद्धति है जिससे व्यक्ति, समाज तथा परिवार संस्कारित बनते हैं।

वनों का क्षेत्र कम होने से वर्षा की मात्रा कम हो जाती है : डॉ. शिवेंद्र मोहन

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। 'भूमि पुनर्स्थापन मरुस्थलीकरण और सूखा लचीलापन' की थीम पर 'विश्व पर्यावरण दिवस माह-2024' के अवसर पर विश्व युवक केंद्र नई दिल्ली के सहयोग से युवा विकास समिति-बस्ती के तत्वाधान में शिव हर्ष किसान पी,जी. काजेज परिसर में चल रहे योग शिविर में पौध वितरण और पर्यावरण विमर्श कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर वनस्पति विज्ञान विभाग में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ. शिवेंद्र मोहन पाण्डेय नें कहा कि वनों की कटाई का पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वनों का क्षेत्र कम होने से वर्षा की मात्रा और आवधिकता कम हो जाती है, जिससे मरुस्थलीकरण या रेगिस्तान का निर्माण होता है। इसी प्रकार वनों की कटाई से कार्बनिक पदार्थों में संग्रहीत कार्बन को मुक्त करके और प्राथमिक उत्पादकता को कम करके वायुमण्डलीय कार्बन डाइऑक्साइड सामग्री बढ़ जाती है जिसे हम ग्लोबल वार्मिंग कहते हैं। उन्होंने कहा कि हम अधिक से अधिक पौध रोपित पर्यावरणीय समस्याओं से निजात पा सकते हैं।

गृह आधारित देखभाल (एचबीवाईसी) कार्यक्रम के तहत आशा बहुओं को किया गया प्रशिक्षित

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में गृह आधारित देखभाल(एचबीवाईसी) कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रशिक्षण के दौरान अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने आशा बहुओं को गृह भ्रमण के दौरान गर्भवती महिलाओं का प्रसव योजना बनाकर सरकारी संस्थागत प्रसव करवाने के लिए निर्देशित किया। डॉ.ओझा के द्वारा बताया गया संस्थागत प्रसव से जच्चा और बच्चा दोनों सुरक्षित किया जा सकता है। सुषमा द्विवेदी ने प्रशिक्षण के दौरान आशाओं को लक्ष्य के सापेक्ष गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण तथा संस्थागत प्रसव के फायदे की जानकारी दी गई। राजीव त्रिपाठी तथा मैराज अहमद के द्वारा आरंभिक बाल विकास, विकात्मक विलंब के मुख्य लक्षण, टीकाकरण के साथ-साथ आशा बहू को अष्टांग मार्ग के विषय में प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान फूल कुमारी, सूर्यदेव सिंह, पार्वती, मंजू, शीला, कृष्णावती, पुष्पा, रेखा आदि मौजूद रहे।

लोहिया नगर से बाइक गायब दिया शिकायती पत्र

बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। नगर पंचायत बढ़नी के वार्ड नं 3 लोहिया नगर से दिन में ही एक बाइक गायब हो जाने का मामला प्रकाश में आया है, जिसकी पीड़ित ने लिखित शिकायती पत्र देकर उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है। ढेबरुआ थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी बढ़नी अंतर्गत नगर पंचायत बढ़नी वार्ड नंबर 3 लोहिया नगर निवासी संजय पुत्र राजकुमार ने पुलिस चौकी बढ़नी पर शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बीते बुधवार की दोपहर को मैंने अपना मोटर साइकिल काले रंग की सुपर स्पेलेंडर यूपी 43 एडी 3142 को घर पर खड़ा करके घर के अंदर चला गया। कुछ घंटे बाद बाहर निकलकर देखा तो मोटर साइकिल घर से गायब था। घर के आसपास काफी खोजबीन व लोगों से पूछताछ किया लेकिन कुछ भी पता नहीं चला। पीड़ित ने बाइक के गायब हो जाने की लिखित शिकायती पत्र पुलिस चौकी बढ़नी को देकर उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में (15-21) तक के अनुक्रम में पुलिस लाइन में योगाभ्यास

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 15 से 21 जून तक योग सप्ताह मनाये जाने के अनुक्रम में पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड सिद्धार्थनगर में पुलिस कर्मियों को योग प्रशिक्षक महेश कुमार, राकेश मिश्र द्वारा योगाभ्यास कराया गया, जिसमे सबसे पहले सुक्ष्म व्यायाम-अनुलोम- विलोम, कपाल-भाति, पद्मासन तथा सूर्य नमस्कार आदि का अभ्यास कराया गया तथा इसके उपरांत योग प्रशिक्षक द्वारा बताया गया कि शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने के लिए योगाभ्यास जरूरी है तथा योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, परंतु इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है, स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी है, तन और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

अधीक्षक ने पियर एजूकेटर को दिया गिफ्ट

अवधनामा संवाददाता

बांसी सिद्धार्थनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बसन्तपुर के अधीक्षक डा डी के चौधरी ने सभी पियर एजूकेटर को छाता, बैग दीवाल घडी का वितरण किया गया। इस अवसर पर ओ.पी.द्विवेदी, प्रदीप कुमार जाटव, डा.अमरेश पाठक, जितेन्द्र कुमार, आनंद त्रिपाठी, अमित त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे।

14 बाल श्रमिकों को चिन्हित कर 12 सेवायोजकों को नोटिस

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग नई दिल्ली के निर्देश पर पूरे देश में 01 जून से 30 जून तक बाल एवम किशोर श्रम निषेध अभियान चलाया जा रहा है, जिसके क्रम में जनपद सिद्धार्थनगर में भी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को कन्दवा, गौहनिया, ददियाड़े, शोहरतगढ़, मड़वा, नकथर, छतहरी, कपिया चौराहा में बाल और किशोर श्रमिकों का चिन्हांकन करते हुए 12 सेवायोजकों को नोटिस जारी की गई तथा 14 बाल श्रमिकों का चिन्हांकन कर रेक्सक्यू किया गया। जांच टीम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्वल त्रिपाठी, आरक्षी आशुतोष सिंह, जिला समन्वयक मानव सेवा संस्थान जयप्रकाश गुप्ता शामिल रहे। श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्वल त्रिपाठी ने बताया कि यह अभियान पूरे माह चलता रहेगा, जिसमें जनपद के समस्त कस्बों में बाल श्रम का चिन्हांकन कर रेक्सक्यू किया जाएगा। अब तक इस माह में 39 बच्चों का रेक्सक्यू किया गया तथा 30 सेवायोजकों को नोटिस दिया जा चुका है।

डीएम ने किया बांधो के कार्यो का स्थलीय निरीक्षण

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल द्वारा बाढ़ पूर्व विभिन्न बांधो पर कराये गये कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल द्वारा बूढ़ी राप्ती नदी के बाये स्थित उसका-लखनापार बांध पर मनरेगा तथा ड्रेनेज खण्ड द्वारा कराये गये कार्यो को देखा गया। इसके साथ ही बूढ़ी राप्ती नदी के बाये स्थित ग्राम ककरही अन्तर्गत टोला तनेजवा में पूर्व निर्मित रेगुलेटर के अप स्ट्रीम के कराये गये को देखा गया। इसके साथ ही बैदौला लखनापार बांध पर कराये गये कार्यो का निरीक्षण किया गया। बाढ़ के दौरान बांधो के देख-'रेख के लिए कंकरीट भरकर रखी गयी बोरियों को भी देखा। जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल ने संबधित अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिया कि जो भी कार्य अधूरे है उन्हे प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण करा ले जिससे बाढ़ आने पर किसी भी प्रकार की समस्या न हो। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता ड्रेनेज खण्ड, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई निर्माण खण्ड व अन्य संबधित अधिकारी गण उपस्थित थे।

संदिग्ध परिस्थितियों में मिली अधेड़ की लाश

आलापुर (अंबेडकरनगर) अवधनामा संवाददाता। थाना क्षेत्र राजेसुल्तानपुर अंतर्गत ग्राम केदरूपुर में आज दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई । मालूम हो ग्राम केदरूपुर निवासी रुदल यादव उम्र लगभग 60 वर्ष के पेड़ पर गांव का ही एक 10-12 साल का लड़का आम तोड़ रहा था जिसको रुदल यादव ने देख लिया और भरी दोपहरी में ही लड़के को आम तोड़ने से रोकते हुए दौड़ा लिए दौड़ते वक्त रास्ते में ही वह गिर गए और उनकी मौत हो गई जबकि आम तोड़ रहा लड़का भाग खड़ा हुआ। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों द्वारा आम तोड़ रहे लड़के एवं उसके मां-बाप के ऊपर आरोप लगाया गया की इन लोगों ने मारपीट कर रुदल की हत्या कर दी है और सूचना पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस थाना अध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी क्षेत्राधिकारी आलापुर राम बहादुर सिंह ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया।

लखनऊ नगर निगम जलकल विभाग, जोन-1 लालबाग, लखनऊ

पत्र सं0 : 413/EE-1/नि. दिनांक : 20.06.2024

अल्पकालिक निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित आपूर्ति/कार्यों हेतु पृथक-पृथक निविदाएं इस कार्यालय में दिनांक 27/06/2024 अपरान्ह 2.30 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 27/06/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। सम्बन्धित कार्य की निविदा प्रपत्र अधिशासी अभियन्ता जोन-1 जलकल विभाग नगर निगम लखनऊ के कैश काउन्टर से निर्धारित शुल्क (Non-Refundable) जमा करके प्राप्त किये जा सकते है। निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, जो किसी भी कार्यदिवस में अवलोकित की जा सकती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। किसी भी या समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में विदित है।

क्र. सं.	कार्य/आपूर्ति का विवरण	निविदा शुल्क (रू.)	धरोहर धनराशि (रू.)	कार्य/आपूर्ति की अवधि
1	जोन-1 अन्तर्गत मोहम्मद वाली गली वे-लेन में 90एम0एम0 व्यास की लगभग 120 मीटर पी0वी0सी0 पाइप लाइन डालने का कार्य।	150.00	3500.00	07 दिवस

अधिशासी अभियन्ता जोन-1
जलकल विभाग, लालबाग, लखनऊ

कार्यालय ग्राम पंचायत कुसिया, वि.ख. जलालपुर, जौनपुर

अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 21-06-2024 से 26-06-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 27-06-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष दोपहर 12:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

क्र.सं.	परियोजना का नाम	मात्रा (प्रकलन) के अनुसार	शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर)
1	ईंट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईंट	प्रति हजार	
2	सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय	प्रति बैग	
3	मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू	प्रति घन मी.	
4	स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र	प्रति घन मी.	
5	सरिया विभिन्न साइज	प्रति कुन्तल	
6	करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित	प्रति नग	
7	पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट	प्रति हजार	
8	सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट	प्रति नग	
9	शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री		
10	ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3	प्रति मी.	
11	टाइल्स विभिन्न साइज	प्रति वर्ग मी.	
12	गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य	प्रति घन मी.	
13	सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
14	कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
15	जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर	प्रति नग	
16	मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास	प्रति घन मी.	
17	चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था	प्रति नग	
18	बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि	प्रति वर्ग मी.	
19	विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम	प्रति नग	
20	गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री		
21	हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी		
22	S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय		

प्रतिबंध एवं शर्तें: सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

सरिता सिंह
ग्राम प्रधान- कुसिया
वि.ख. जलालपुर, जौनपुर

अविनाश सिंह
सचिव-कुसिया
वि.ख. जलालपुर, जौनपुर

कार्यालय ग्राम पंचायत लोहगाजर, वि.ख. जलालपुर, जौनपुर

अल्पकालीन निविदा/टेन्डर

वित्तीय वर्ष 2024-25 मनरेगा/पंचम राज्य वित्त आयोग 15वां व केन्द्रीय वित्त आयोग अन्तेष्ठी स्थल/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत द्वारा योजना के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय/पंचायत भवन/मनरेगा पार्क एवं अन्य सार्वजनिक भवनों के अनुरक्षण-सुन्दरीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं के हेतु निम्नलिखित निर्माण सामग्रियों को क्रय करने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्ति कर्ता दिनांक 21-06-2024 से 26-06-2024 तत्कार्यालय दिवस में अपरान्ह दो बजे तक ग्राम प्रधान पंचायत कार्यालय पर सील बंद निविदा जमा कर सकते है। दिनांक 27-06-2024 को निविदा हेतु गठित कमिटी या निर्माण समिति के सदस्यों के समक्ष दोपहर 12:00 बजे तक खोली जाएगी। निविदा फॉर्म पैड पर होगी।

क्र.सं.	परियोजना का नाम	मात्रा (प्रकलन) के अनुसार	शिडयूल रेट के अनुसार (निम्नतमदर पर)
1	ईंट, 150 एम.एम. प्रथम श्रेणी/एस.ओ.बी. ईंट	प्रति हजार	
2	सीमेंट, शौचालय में कार्य करने वाले समूह का मानदेय	प्रति बैग	
3	मोरंग बालू, महीन बालू, गंगा बालू	प्रति घन मी.	
4	स्टोन बलास्ट, डाला गिट्टी, पत्थर गिट्टी 20 एम.एम. से 53 एम.एम. तक ईट गिट्टी 20 एम.एम./42 एम.एम.। अन्तेष्ठीय स्थल खडंजा, गौशाला केन्द्र	प्रति घन मी.	
5	सरिया विभिन्न साइज	प्रति कुन्तल	
6	करकर/एसबेस्टर सीट, पैनट आयरन, समरसेबुल, बोरिंग प्लेटफार्म सहित	प्रति नग	
7	पैक्र्स ब्लाक ईट/इण्टरलांकिग ईट/जागजेडा इण्टरलाकिंग ईट	प्रति हजार	
8	सोलर लाईट/विद्युत सामग्री/स्ट्रीट लाईट/ हाईमास्क सोलर लाईट	प्रति नग	
9	शौचालय निर्माण सामग्री/पंचायत भवन निर्माण सामग्री		
10	ह्यूम पाइप 150 एम.एम. 300 एम.एम. 350 एम.एम. 600 एम.एम. 800 एम.एम. NP3	प्रति मी.	
11	टाइल्स विभिन्न साइज	प्रति वर्ग मी.	
12	गिट्टी की भराई, समतलीकरण का कार्य	प्रति घन मी.	
13	सफाईकर्मी स्वच्छता कीट/सेनेटाइजर, इस्टबीन सहित अन्य संबधित सामग्री प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
14	कटीला तार एवं ईगल/प्रिकास्ट कंकरीट बेंच	प्रति नग	
15	जिम के संबंधित सामग्री/इण्डिया मार्क-2 हैण्डपम्प मरम्मत सामग्री/रिबोर	प्रति नग	
16	मैदान के सुन्दरीकरण हेतु घास	प्रति घन मी.	
17	चूना, पेन्ट इत्यादि स्वच्छता हेतु कूड़ादान व्यवस्था	प्रति नग	
18	बालू पेंटिंग व प्रचार-प्रसार इत्यादि	प्रति वर्ग मी.	
19	विडियो कैमरा, दिशासूचक बोर्ड/पब्लिक अड्रेस सिस्टम	प्रति नग	
20	गौशाला में चूना-चोकर, भूसा, मनरेगा पार्क में खेलकूद, जिम, झूला व अन्य सामग्री		
21	हैण्डम्प की निष्प्रयोज्य सामग्री की खुली नीलामी		
22	S.L.W.M. अन्तर्गत कार्य करने वाले कर्मियों का मानदेय		

प्रतिबंध एवं शर्तें: सभी कार्य योजना के अनुसार एवं प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेंगे। सामग्री की मात्रा स्वीकृत होने के पश्चात् तय की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव के आदेश पर की जाएगी अथवा नही। आपूर्तिकर्ता वाणिज्यकर्ता द्वारा 50 रूपये के स्टाम्प पेपर पर भरना अनिवार्य होगा सामग्री आपूर्ति के पश्चात् ही भुगतान किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता को 4 प्रतिशत वाणिज्य कर एवं 2.24 प्रतिशत आयकर में कटौती के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार निविदा समिति/निर्माण समिति में निहित होगा।

दुर्गा देवी
ग्राम प्रधान- लोहगाजर
वि.ख. जलालपुर, जौनपुर

अविनाश सिंह
सचिव- लोहगाजर
वि.ख. जलालपुर, जौनपुर

योग : सनातन धर्म की अप्रतिम देन

योग की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है और इसकी उत्पति तकरीबन छब्बीस हजार वर्ष पूर्व हुई थी ऐसा माना जाता है। योग के जनक या पित पुरुष पतंजलि ऋषि हैं। कहा जाता है कि जब से सभ्यता शुरू हुई है तभी से योग किया जा रहा है। योग सनातन धर्म की अप्रतिम धरोहर है। इसे आज सारा विश्व वैज्ञानिक और स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी मानता है, और पूरी शिद्दत से मान्यता देता है। तभी तो आज विश्व का प्रत्येक देश अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहा है। योग विद्या में भगवान शिव को आदि योगी व आदि गुरू माना जाता है। भगवान शंकर के बाद वैदिक ऋषि-मुनियों से ही योग का प्रारम्भ माना जाता है। बाद में कृष्ण, महावीर और बुद्ध ने इसे अपनी तरह से विस्तार दिया। इसके पश्चात पतञ्जलि ने इसे सुव्यवस्थित रूप दिया। इस रूप को ही आगे चलकर सिद्धपंथ, शैवपंथ, नाथपंथ, वैष्णव और शाक्त पंथियों ने अपने-अपने तरीके से विस्तार दिया। योग से सम्बन्धित सबसे प्राचीन ऐतिहासिक साक्ष्य सिन्धु घाटी सभ्यता से प्राप्त वस्तुएँ हैं, जिनकी शारीरिक मुद्राएँ और आसन उस काल में योग के अस्तित्व के प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। योग के इतिहास पर यदि हम दृष्टिपात करें तो इसके प्रारम्भ या अन्त का कोई प्रमाण नहीं मिलता, लेकिन योग का वर्णन सर्वप्रथम वेदों में मिलता है और वेद सबसे प्राचीन साहित्य माने जाते है। यह गर्व का विषय है कि योग की शुरुआत भारत में हुई थी, आज के समय में भारत देश के कई राज्यों में योग में ध्यान दिया जा रहा है। जिसमे सबसे आगे उत्तराखंड राज्य है, राज्य के प्रमुख धार्मिक नगर ऋषिकेश को योग नगरी के नाम से भी जाना जाता है। यहां पर गत कई वर्षों से योग गुरु रामदेव ने योग के प्रचार प्रसार और प्रयोग के लिए अनेक कार्य किए हैं। योग सही तरह से जीने का विज्ञान है और इस लिए इसे दैनिक जीवन में शामिल किया जाना चाहिए। यह हमारे जीवन से जुड़े भौतिक, मानसिक भावनात्मक, आत्मिक और आध्यात्मिक, आदि सभी पहलुओं पर काम करता है। योग का अर्थ एकता या बांधना है। इस शब्द की जड़ है संस्कृत शब्द युज, जिसका मतलब है जुड़ना। आध्यात्मिक स्तर पर इस जुड़ने का अर्थ है सार्वभौमिक चेतना के साथ व्यक्तिगत चेतना का एक होना। व्यावहारिक स्तर पर, योग शरीर, मन और भावनाओं को संतुलित करने और तालमेल बनाने का एक साधन है। यह योग या एकता आसन, प्राणायाम, मुद्रा, बँध, षट्कर्म और ध्यान के अभ्यास के माध्यम से प्राप्त होती है। तो योग जीने का एक तरीका भी है और अपने आप में परम उद्देश्य भी। योग सबसे पहले लाभ पहुँचाता है बाहरी शरीर को, जो ज्यादातर लोगों के लिए एक व्यावहारिक और क्रियात्मक पहलू है तो वही यह आंतरिक रूप से ध्यान और मस्तिष्क को भी पूरी तरह से प्रभावित करता है। हम अनुभव करते है, तो अंग,स्तर पर योग मानसिक और भावनात्मक स्तरों पर काम करता है। रोज़मर्रा की ज़िंदगी के तनाव और बातचीत के परिणामस्वरूप बहुत से लोग अनेक मानसिक परेशानियों से पीड़ित रहते हैं। योग इनका इलाज शायद तुरंत नहीं प्रदान करता लेकिन इनसे मुक़ाबला करने के लिए यह सिद्ध विधि है। पिछली सदी में, हठ योग बहुत प्रसिद्ध और प्रचलित हो गया था। लेकिन योग के सही मतलब और संपूर्ण ज्ञान के बारे में जागरूकता अब जाकर लगातार बढ़ रही है। शारीरिक और मानसिक उपचार योग के सबसे अधिक ज्ञात लाभों में से एक है। यह इतना शक्तिशाली और प्रभावी इसलिए है क्योंकि यह सद्भाव और एकीकरण के सिद्धांतों पर काम करता है। योग अस्थमा, मधुमेह, रक्तचाप, गठिया, पाचन विकार और अन्य बीमारियों में चिकित्सा के एक सफल विकल्प है, ख़ास तौर से वहाँ जहाँ आधुनिक विज्ञान आजतक उपचार देने में सफल नहीं हुआ है। एड्स पर योग के प्रभावों पर अनुसंधान वर्तमान में आशाजनक परिणाम दे रहे हैं।

सुरेश सिंह बैस शाश्वत

योगा के ज़रिये सक़ाफ़्तों से राबिता क़ायम करना मिस्र से बुलंद

इंशा वारसी

सक़ाफ़्ती तबादले और आलमी तआवुन के शानदार नुमाइश में, इंडियन कौंसिल फ़ार कल्चरल रेलेशन्ज़ (आईसीसीआर) ने हाल ही में मिस्र में एक काबिल-ए-ज़िक्र तक़रीब का एहतमाम किया। योगा अट्ल कोनिक प्लेस ये इक़दाम, आईसीसीआर इजिप्ट और इन्डम्बकेयरो (मिस्र में हिन्दुस्तान, सिफ़ारत-ख़ाना हिंद, क़ाहिरा का आ फेशल पेज के ज़रिये तआवुन याफ्ता है। ना सिर्फ योगा की मश्क़ का जश्न मनाया बल्कि आलमी सतह पर हिन्दुस्तान की नर्म ताक़त की रोशनी के तौर पर उसके मुतास्सिर असरात को भी ज़ाहिर किया। योगा, जो कभी हिन्दुस्तान के पुरस्कून आश्रमों तक महदूद था, जुग़राफ़ियाई और सक़ाफ़्ती हदूद से आगे बढ़कर एक काबिल-ए-क़दर आलमी रुजहान बन गया है। इसकी कशिश दूर दूर तक फैली हुई है, जो हंगामाखेज़ शहरों से लेकर पुरसुकून मनाज़िर तक शायक़ीन को मसहूर करती है। योगा का जोहर, जिसकी जड़ें जामा फ़लाह-ओ-बहबूद और रुहानी हम-आहंगी को फ़रोग़ देने में हैं, आलमी सतह पर गूँजती हैं, जो उसे सक़ाफ़्ती सिफ़ारत-कारी के लिए एक ताक़तवर गाड़ी बनाती है।

मिस्र में ये तक़रीब महज़ जिस्मानी हरकात की नुमाइश नहीं थी बल्कि सक़ाफ़्ती इत्तेहाद और इफ़्हाम-ओ-तफ़्हीम का जश्न था। शुरका ना सिर्फ योगा आसन करने बल्कि उसके इत्तेहाद और अमन के फ़लसफ़े को अपनाने के लिए मशहूर मुक़ामात पर जमा हुए। इस अलामती इशारे ने लिसानी, मज़हबी और सियासी रुकावटों को उबूर करते हुए अक़्वाम और लोगों के दरमियान रवाबित को फ़रोग़ देने की योगा की सलाहीयत को ज़ाहिर किया। हिन्दुस्तान ने आईसीसीआर की क़यादत में अपनी सक़ाफ़्ती सिफ़ारत-कारी की कोशिशों के ज़रिये, मिस्र और मुत्तहदा अरब अमारात जैसे मुस्लिम अक्सरियती ममालिक समेत दुनिया-भर के ममालिक के साथ दो तरफ़ा ताल्लुक़ात को मज़बूत बनाने के लिए योगा को एक पल के तौर पर बख़ूबी इस्तेमाल किया है। योगा को एक सैकुलर मश्क़ के तौर पर फ़रोग़ देकर जो जिस्मानी, ज़ेहनी और रुहानी तंदरुस्ती पर मरकूज़ है, हिन्दुस्तान ने इसके जोहर को सियासत करने या ग़लत समझने की किसी भी कोशिश का मोस्सर तरीक़े से मुक़ाबला किया है। योगा का क़दीम मश्क़ से आलमी रुजहान तक का सफ़र एक सक़ाफ़्ती सुपर पावर के तौर पर हिन्दुस्तान के अपने इर्तिक़ा का आईना-ए-दार है। योगा अट्ल कोनिक प्लेस जैसे इक़दामात के ज़रिये आईसीसीआर ना सिर्फ बैरून-ए-मुल्क हिन्दुस्तानी सक़ाफ़्त को फ़रोग़ देता है बल्कि हिन्दुस्तान के मोतबर रुहानी विरसे और आलमी फ़लाह-ओ-बहबूद में इस के तआवुन के लिए मुतास्सिर तारीफ़ भी पैदा करता है। मज़ीद ये कि योगा हिन्दुस्तान की साफ़्ट पावर डिप्लोमेसी हिक्मत-ए-अमली के संग-ए-बुनियाद के तौर पर काम करता है। ये मुल्क की मुसबत और जामा तस्वीर को फ़रोग़ देकर हिन्दुस्तान के आलमी असर-ओ-रसूख़ को बढ़ाता है। चूँकि दुनिया-भर में लाखों लोग योगा को रोज़ाना की रस्म के तौर पर क़बूल करते हैं, हिन्दुस्तान की सक़ाफ़्ती इक़दार और अख़्लाक़ियात को फ़रोग़ देने में इस का किरदार तेज़ी से अहम होता जा रहा है। योगा का एक बैनुल-अक़्वामी रुजहान के तौर पर उरूज उसकी आलमगीर अपील और सक़ाफ़्ती और क़ौमी हदूद को उबूर करने की सलाहियत को ज़ाहिर करता है। ये दुनिया-भर में मतनूअ मुआशरे के दरमियान बाहमी एहतराम और इफ़्हाम-ओ-तफ़्हीम को फ़रोग़ देने, सेहत और बहबूद के मुशतर्का ख़्वाब को फ़रोग़ देता है। मिस्र में योगा अट्ल कोनिक प्लेस जैसे वाकेयात ना सिर्फ योगा के जिस्मानी फ़वाइद बल्कि उस की मुतास्सिर रुहानी और सक़ाफ़्ती जेहतों को भी मनाते हैं। वो सक़ाफ़्ती सिफ़ारत-कारी के ज़रिये आलमी सतह पर हम-आहंगी और फ़लाह-ओ-बहबूद को फ़रोग़ देने के लिए हिन्दुस्तान के अज़्म को ज़ाहिर करते हैं। जैसा कि योगा आलमी मुआशरे के ताने-बाने में अपना रास्ता बना रहा है, बैनुल-अक़्वामी तआवुन और इफ़्हाम-ओ-तफ़्हीम को फ़रोग़ देने में इसका किरदार सबसे अहम है। जैसे जैसे दुनिया तेज़ी से योगा की तब्दीली की ताक़त को अपना रही है, क़ौमों और सक़ाफ़्तों के दरमियान राबिता क़ायम करने की इसकी सलाहियत पहले से कहीं ज्यादा चमक रही है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

नीट मामले पर सुप्रीम फटकार

किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर हर देश के पूर्ण विकास में शिक्षा का अति महत्वपूर्ण योगदान होता है। परंतु एक ओर जहां भारत विजन 2047, 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था व विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर चल पड़ा है, वहीं बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि यहां बड़ी-बड़ी परीक्षाओं की पवित्रता भंग हो रही है, जिससे छात्रों का भविष्य दांव पर लग रहा है, जिसका सबसे बड़ा कारण भ्रष्टाचार है अभी नीट 2024 गड़बड़ी का मामला अपने चरम सीमां पर पहुंच गया है, जहां 19 जून 2024 को माननीय सुप्रीम कोर्ट ने शाम एनटीए को एक टिप्पणी के माध्यम से जोरदार फटकार लगाई थी और कहा 0.001 प्रतिशत की चूक या लापरवाही भी हुई तो उसे हर हाल में निपटाया जाना चाहिए। तो वहीं 19 जून 2024 को ही देर रात्रि यूजीसी नेट परीक्षा के रद्द करने की जानकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से मीडिया में आई तो, हड़कंप मच गया। बता दें मंगलवार 28 जून 2024 को ही करीब 11 लाख से अधिक छात्रों ने यह परीक्षा दी थी जो 317 शहरों के 1205 सेंटरों में हुई थी, जिसमें गृह मंत्रालय से लीक के इनपुट मिले और शिक्षा मंत्रालय ने तुरंत इस परीक्षा को रद्द करने का आदेश दिया।

बता दें यह परीक्षा भी एनटीए द्वारा ही कराई गई थी जो पहले ही आरोपी के घेरे में है। नीट की परीक्षा में 24 लाख छात्रों ने परीक्षा दी थी और परीक्षा में ग्रेस मार्कों के चक्कर में छात्र सड़कों पर आंदोलन कर रहे हैं सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी के 21 जून 2024 को पूरे भारत में आंदोलन करने की जानकारी मीडिया में आई है, अब यूजीसी नेट परीक्षा रद्द होने से आंदोलन को संजीवनी बूटी मिल गई है। 19 जून 2024 को देर रात्रि एक चैनल पर यूजीसी के पूर्व सदस्य से फोन पर बातचीत बताई गई तो उन्होंने कहा पूरा मामला भ्रष्टाचार सेजुड़ा है जो के पेपर सेटर,प्रिंटिंग प्रेस व कुछ अन्य अधिकारियों की चैनल से ही यह काम होते हैं जिससे उनको अच्छी बड़ी मात्रा में वारे नियारे होते हैं और पेपर लीक हो जाते हैं।

मेरा स्वयं का मानना यह है कि बड़े दुर्भाग्य की बात है,अब समय आ गया है किए एनटीए को चुस्त दुरुस्त किया जाना चाहिए मैं स्वयं करीब 30 वर्षों से बजट रिपोर्टिंग पर काम करता हूं बजट तारीख से पहले पूरी बजट की टीम को अनेक दिनों तक अंडरग्राउंड कर दिया जाता है, उनका बाहर की दुनिया से कोई नाता नहीं रहता, परिवार तो क्या मोबाइल से भी संबंध कट जाता है,यानें इतनी सिक्रेंसी रहती है, तो बजट कभी लीक नहीं होता। परंतु एनटीए सहित अन्य

एजेंसियों के पेपर लीक हो जाते हैं। अब माननीय केंद्रीय शिक्षा मंत्री को सख्ती बरतनी होगी। चूंकि नेट मामले पर सुप्रीम फटकार, यूजीसी नेट 18 जून 2024 परीक्षा रद्द करार, बैक फुट पर एनटीए व केंद्र सरकार! इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, परीक्षा आयोजित करने वाली जिम्मेदार एजेंसियों को हाई अटेंशन रहने की जरूरत! रत्ती भर की चूक में परीक्षार्थियों का भविष्य गांव पर लग जाता है। साथियों बात अगर हम 19 जून 2024 को देर रात्रि शिक्षा मंत्रालय द्वारा यूजीसी नेट जून 2024 परीक्षा रद्द करने की घोषणा की करें तो, शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसी-नेट जून 2024 परीक्षा रद्द करने का फैसला किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने मंगलवार, 18 जून को यह परीक्षा करवाई थी, शिक्षा मंत्रालय को बुधवार को संकेत मिले कि इस परीक्षा की पवित्रता भंग हो गई है, जिसके बाद उसने परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया।मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा, परीक्षा प्रक्रिया की उच्चतम स्तर की पारदर्शिता और पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए, शिक्षा मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि यूजीसी-नेट जून 2024 परीक्षा रद्द कर दी जाए। साथ ही मामले की गहन जांच के लिए मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) को सौंपा जा रहा है। मंत्रालय ने अपने बयान में नीट-यूजी परीक्षा में हुए कथित घोटाले की जांच से जुड़ी जानकारी भी दी। बता दें मंत्रालय ने कहा, नीट यूजी परीक्षा 2024 से संबंधित मामले में, ग्रेस मार्क्स से संबंधित मुद्दे को पहले ही पूरी तरह से संबोधित किया जा चुकाहै,पटना में परीक्षा के संचालन में कथित कुछ अनियमितताओं के संबंध में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। यह रिपोर्ट मिलने पर सरकार आगे की कार्रवाई करेगी। यह परीक्षा भी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी कंडक्ट कराती है। जल्द ही परीक्षा की नई तारीखों का ऐलान किया जाएगा. मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई है।

एनटीए ने 18 जून, 2024 को देश के विभिन्न शहरों में दो पालियों में ओएमआर (पेन और पेपर) मोड में यूजीसी-नेट जून 2024 परीक्षा आयोजित की।19 जून, 2024 को, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को परीक्षा के संबंध में गृह मंत्रालय के तहत भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की राष्ट्रीय साइबर अपराध खतरा विश्लेषण इकाई से कुछ इनपुट प्राप्त हुए। ये इनपुट प्रथम दृष्टया संकेत देते हैं कि उपरोक्त परीक्षा की अखंडता से समझौता किया गया है। परीक्षा प्रक्रियाकी उच्चतम स्तर कीपारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए, शिक्षा मंत्रालय,भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि यूजीसी-नेट जून 2024 परीक्षा रद्द कर दी जाए। नए सिरे से परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके लिए जानकारी अलग से साझा की जाएगी। साथ ही मामले की गहन जांच के लिए मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) को सौंपा जा रहा है।बता दें कि यूजीसी नेट की परीक्षा 18 जून के देश भर के 317 शहरों में 1205 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई थी, जिसमें 11,21,225 कैंडिडेट्स ने हिस्सा लिया था।बता दें कि पहले की प्रथा से हटकर इस बार राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा एक ही दिन 18 जून को पेन और पेपर मोड में आयोजित की गई, जिसमें रिकॉर्ड 11 लाख छात्रों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। यूजीसी नेट जूनियर रिसर्च फेलोशिप की परीक्षा विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में पीएचडी में प्रवेश के लिए भारतीय नागरिकों की पात्रता निर्धारित के लिए आयोजित की जाती है।साथियों बात अगर हम नीट यूजी 2024 परीक्षा रद्द करने के लिए छात्रों व विपक्ष के आंदोलन की करें तो, शिक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि नीट (यूजी) परीक्षा-2024 से संबंधित मामले में ग्रेस मार्क्स से संबंधित मुद्दे को पहले ही पूरी तरह से सुलझा लिया गया है।

महिला सशक्तिकरण का केंद्र बिंदु है योग

डॉ. शंकर सुवन सिंह

नारी राष्ट्र का अभिमान है। नारी राष्ट्र के विकास की नींव है। नारी सृष्टि की सुंदरता का अनमोल उपहार है। संस्कृत में एक श्लोक है- यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः। अर्थात, नारी की पूजा जहां होती है, वहां देवता निवास करते हैं। भारतीय संस्कृति में नारी के आदर को महत्व दिया गया है। लगभग सभी धर्मों में नारी सशक्तिकरण का उदाहरण देखने को मिलता है। वैदिक साहित्य में नारी को अत्यंत गरिमामयी स्थान प्रदान किया गया है। धर्म ग्रन्थ वेद महिलाओं को परिवार की सम्राज्ञी कहते हैं। महिलाएं देश की शासिका बनने का अधिकार रखती हैं। वेदों में स्त्री यज्ञीय है अर्थात् यज्ञ समान पूजनीय है। वेदों में नारी को ज्ञान देने वाली, सुखङ्कसमृद्धि लाने वाली, विशेष तेज वाली, देवी, विदुषी, सरस्वती, इन्द्राणी, उषा (जो सबको जगाती है) इत्यादि अनेक आदर सूचक नाम दिए गए।

वेदों में स्त्रियों पर किसी प्रकार का प्रतिबन्ध नहीं है। उसे सदा विजयिनी कहा गया है। प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 की थीम/प्रसंग है - महिला सशक्तिकरण के लिए योग। इस वर्ष योग दिवस, महिलाओं के समग्र कल्याण व समग्र विकास की भावना के साथ मनाया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण के लिए योग एक अद्भुत माध्यम है। योगासन करने से शारीरिक शक्ति, लचीलापन और सहनशक्ति बढ़ती है, जिससे महिलाएं जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम होती हैं।

योग तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में मदद करता है, जिससे महिलाओं का मन शांत और एकाग्र होता है। योगाभ्यास से आत्मविश्वास बढ़ता है। योगाभ्यास से महिलाएं अपनी क्षमताओं पर विश्वास करने लगती हैं। योगाभ्यास से आत्म-सम्मान बढ़ता है और महिलाएं खुद को स्वीकार करने लगती हैं। योग सकारात्मक सोच को बढ़ावा देता है, जिससे महिलाएं जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना सकारात्मक रूप से कर पाती हैं। योगाभ्यास से आत्मरक्षा की क्षमता विकसित होती है, जिससे महिलाएं खुद को सुरक्षित रख पाती हैं। योग नेतृत्व कौशल विकसित करने में मदद करता है। महिलाओं में शक्ति का संचार करने के लिए निम्नलिखित योगासन इस प्रकार हैं- 1. सूर्य नमस्कार- यह आसन पूरे शरीर को सक्रिय करता है और ऊर्जा प्रदान करता है। 2. वृक्षासन- यह आसन एकाग्रता और संतुलन बढ़ाने में मदद करता है। 3. भुजंगासन- यह आसन रीढ़ की हड्डी को मजबूत करता है और छाती को खोलता है। 4. वीरासन- यह आसन पैरों और घुटनों को मजबूत करता है। 5. अधोमुख श्वानासन- यह आसन पूरे शरीर को खींचता है और तनाव कम करता है। 6. शवासन- यह आसन शरीर और मन को शांत करता है। सरकार और कई गैर-सरकारी संगठन महिलाओं के लिए योग शिविर और कार्यक्रम आयोजित करते हैं। इन शिविरों में महिलाओं को योगासन, प्राणायाम, ध्यान और योग दर्शन सिखाया जाता है। यह महिलाओं को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनाता है। यदि आप एक सशक्त महिला बनना चाहती हैं, तो योग को अपने जीवन का हिस्सा जरूर बनाएं। आज के समय में, योग महिला सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण बनकर उभरा है। योग महिलाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाता है। योग, रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है, जिससे महिलाएं बीमारियों से लड़ने में सक्षम होती हैं। योगासन से शारीरिक संतुलन बेहतर होता है। योग करने से शरीर का वजन नियंत्रित रहता है, जिससे मोटापे और मधुमेह जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। योग आत्म-नियंत्रण की क्षमता को विकसित करता है, जिससे महिलाएं अपने आवेगों पर नियंत्रण रख पाती हैं। योग आंतरिक शांति प्रदान करता है, जिससे महिलाएं जीवन में आने वाले उतार-चढ़ाव का सामना शांतचित्त होकर कर पाती हैं। योग महिलाओं को सामाजिक रूप से भी सशक्त बनाता है। योग महिलाओं को एक साथ लाता है। योग सामुदायिक भावना को बढ़ावा देता है। योग महिला सशक्तिकरण के लिए एक बहुआयामी उपकरण है। अतएव यह महिलाओं को शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाता है। भारतीय महिलाएं, खासकर शहरी क्षेत्रों में, स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर अधिक जागरूक हो रही हैं। योग विभिन्न प्रकार के आसनों और प्राणायाम के माध्यम से महिलाओं को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने में मदद करता है। ध्यान और प्राणायाम के माध्यम से महिलाएं अपने मानसिक स्वास्थ्य में सुधार कर सकती हैं। यह अवसाद, चिंता और अनिद्रा जैसी समस्याओं से निपटने में प्रभावी है। योगाभ्यास के दौरान आत्म-स्वीकृति और आत्म-सम्मान की भावना प्रबल होती है, जो महिलाओं को सामाजिक और व्यक्तिगत चुनौतियों का सामना करने के लिए मजबूत बनाती है। भारतीय समाज में योग का एक गहरा सांस्कृतिक महत्व है। यह एक ऐसी परंपरा है जो पीढ़ियों से चली आ रही है और महिलाओं में इसे लेकर एक विशेष स्थान है। आजकल, योग शिक्षा और प्रशिक्षण केंद्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। कई महिलाएं योग शिक्षिका बनकर न केवल अपने जीवन को सुधार रही हैं, बल्कि समाज में भी योगदान दे रही हैं। योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं है। यह एक जीवनशैली है जो समग्र विकास को प्रोत्साहित करती है। भारतीय महिलाएं योग के माध्यम से एक संतुलित और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की दिशा में अग्रसर हो रही हैं। यह उन्हें स्वस्थ खान-पान, नियमित व्यायाम, और सकारात्मक सोच की ओर प्रेरित करता है। योग का अभ्यास आत्म-साक्षात्कार और आंतरिक शांति की ओर ले जाता है, जिससे व्यक्ति जीवन में अधिक संतुलित और संतुष्ट महसूस करता है। योग, आयुर्वेद का हिस्सा है। आयुर्वेद विज्ञान एक प्राचीन चिकित्सा प्रणाली है जो प्राकृतिक उपचार पद्धतियों और जीवन शैली पर आधारित है। यह शरीर, मन, और आत्मा के बीच संतुलन बनाए रखने पर जोर देती है। आयुर्वेद में तीन मुख्य दोष (वात, पित्त, कफ) होते हैं, जो शरीर की जैविक ऊर्जाएं हैं। स्वस्थ जीवन के लिए इन दोषों का संतुलन अत्यंत महत्वपूर्ण है। आयुर्वेदिक चिकित्सा में हर्बल औषधियाँ, पंचकर्म (शुद्धिकरण प्रक्रियाएँ), और आहार संबंधी सिफारिशें शामिल हैं। यह न केवल रोगों का उपचार करता है बल्कि उनकी रोकथाम पर भी जोर देता है। आयुर्वेदिक जीवनशैली में दैनिक और मौसमी दिनचर्या, योग अभ्यास, और ध्यान शामिल हैं, जो दीर्घायु और स्वस्थ जीवन को प्रोत्साहित करते हैं। योग और आयुर्वेद दोनों का उद्देश्य शरीर और मन के बीच संतुलन बनाए रखना है। योग करने से महिलाएं सशक्त होती हैं। सशक्त महिलाओं से समाज में संतुलन की स्थिति पैदा होती है। संयुक्त परिवार की शक्ति का केंद्र बिंदु महिलाएं ही हैं। महिलाएं सशक्त होंगी तो परिवार भी सशक्त होगा। योग परिवार को जोड़ने का काम करता है। योग अर्थात जोड़ना। महिलाएं, योग के द्वारा परिवार, समाज और देश में एकता को बल प्रदान करती हैं। योग एक होने का ही नाम है। एकता का सूत्र, योग के द्वारा ही संभव है। महिलाएं योग के द्वारा संतुलित जीवनशैली को प्रोत्साहित करती हैं।

योगः कर्मषु कौशलम्

हर्षवर्धन पाण्डे

दुनिया में हर कोई अच्छा स्वास्थ्य, मन की शांति को प्राप्त करना चाहता है। योग के बारे में कहा गया है-नास्ति माया समं पाशो नास्ति योगात्परंबलम् नास्ति ज्ञानत्मरो बन्धु न अहंकारात्परोरिपुः अर्थात् माया से बढ़कर कोई बंधन नहीं होता और ज्ञान से बढ़कर कोई बंधु नहीं होता। अहंकार से बढ़कर कोई शत्रु नीर होता और योग से बढ़कर कोई बल नहीं होता। एक सामान्य अर्थ में भी योग का अर्थ 'जोड़ना' होता है। भारतीय मनीषी तो सम्पूर्ण विश्व को परिवार घोषित करते हैं । यह अवसर हमें दुनिया को करीब से समझने- समझाने में मदद कर सकता है। यह प्रसन्नता की बात है कि विदेश ही नहीं देशभर से योग के प्रति लोगों की रूचि अब बढ़ रही है। हजारों वर्षों पूर्व हमारे ऋषियों ने मानवता के हित में विश्व को यह योग विद्या दी थी लेकिन इसे जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करने वाले बाबा रामदेव भी अभिनंदन के पात्र हैं। आज सारी दुनिया योग के महत्व को समझते हुए उसे अपनी दिनचर्या का अंग बना रही है।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने पुष्टि की है कि योग से न सिर्फ तनाव कम होता है बल्कि दीर्घकाल तक कई फायदे होते हैं। प्राचीन भारतीय प्रणालियाँ शारीरिक, मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों की जरूरतों का सम्पूर्ण निदान अपने योग में है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो देश सदियों से योग विद्या का साक्षी रहा है उस देश के अधिकांश युवा आज तथा कथित आधुनिक जीवन शैली और खान पान की खराब आदतों के कारण बहुत कम आयु में ही मधुमेह और ब्लड प्रेशर, कैंसर जैसे रोगों के शिकार हो रहे हैं। उन्हें इंटरनेट, स्मार्ट फोन, सोशल मीडिया ने इतना व्यस्त कर दिया है कि वे अपने कर्तव्यों को तो भूले ही है, स्वयं अपने आप तक को भूल रहे हैं। मौजूदा दौर में शारीरिक श्रम लगातार कम हो रहा है। ऐसे में मन और बुद्धि सक्रिय होते हुए भी शरीर की निष्क्रियता बोझ बन रही है। ऐसे में योग कारगर साबित हुआ है। जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी से त्रस्त थी तब उसे मात देने के लिए योग रामबाण साबित हुआ।

सही मायनों में कहा जाए तो योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि कई बीमारियों से बचाव में भी सक्षम है। हाल के वर्षों में हुए कई वैज्ञानिक अध्ययन भी इस बात को साबित करते हैं योग बीमारियों का उपचार है तो जांच भी है। सामान्य सांस लेने में हम 500 एमएल ऑक्सीजन ग्रहण करते हैं जबकि इस प्राणायाम को करने से 500 से 10,000 एमएल ऑक्सीजन हमारे शरीर को प्राप्त होती है। दिन भर अपने आसपास नेगेटिव समाचार सुन-सुन कर हम सभी तनाव या अवसाद से घिर रहे हैं। इससे मुक्ति पाने के लिए हमें प्राणायामों के साथ योग नियमित करना चाहिए। जब हमारे आसपास नकारात्मकता महसूस होने लगे तो योग के साथ अपने इष्टदेव के मंत्रों का जाप हर रोज योग और मेडिटेशन करते हुए करें। ऐसा करने से विपरीत परिस्थितियों में भी हम हमेशा शांत रहेंगे। भारतभूमि अनादिकाल से पूरे विश्व में योग भूमि के रूप में विख्यात रही है, जिसका लाभ अब सम्पूर्ण विश्व को मिल रहा है। भारत में सदियों से योग का प्रचार-प्रसार रहा है लेकिन संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 2015 से हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाये जाने की घोषणा के बाद लगभग पूरी दुनिया योग की महत्ता जान चुकी है। स्वयं की स्वयं के माध्यम से स्वयं तक पहुँचने की यात्रा का नाम योग है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयत्नों से आज भारत के योग का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। निश्चित ही यह सम्पूर्ण मानवता और सम्पूर्ण विश्व के लिए एक शुभ संकेत है। योग मनुष्य में सकारात्मकता और प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। योग मनुष्य जीवन की विसंगतियों पर नियंत्रण का माध्यम है। योग मनुष्य को पवित्र बनाता है, निर्मल बनाता है, स्वस्थ बनाता है।

कोरोना संक्रमण के दौर में योग रामबाण औषधि की तरह रहा। योग के पथ पर अविराम गति से वही साधक आगे बढ़ सकता है, जो चित्त की पवित्रता एवं निर्मलता के प्रति पूर्ण जागरूक हो, क्योंकि निर्मल चित्त वाला व्यक्ति ही योग की गहराई तक पहुंच सकता है। योग कोई धार्मिक कर्मकांड नहीं है इसीलिए तो 'योगः कर्मषु कौशलम्' कहा गया है। गीता 'योग क्षेम वहाम्यहं' का उद्घोष करती है जिसका अर्थ है- अप्राप्त को प्राप्त करना और प्राप्त की रक्षा करना। दुनिया में ऐसा कौन है जो अच्छा स्वास्थ्य, मन की शांति प्राप्त न करना चाहते हो। यह कामना रखना अथवा इसके लिए प्रयास करना किसी एक धर्म के लोगों के लिए आरक्षित नहीं हो सकता। एक सामान्य अर्थ में भी योग का अर्थ 'जोड़ना' होता है। यह प्रसन्नता की बात है कि विदेश ही नहीं देशभर से योग के प्रति लोगो की रूचि बढ़ रही है। हजारों वर्षों पूर्व हमारे ऋषियों ने मानवता के हित में विश्व को यह योग विद्या दी थी लेकिन इसे जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करने वाले भी अभिनंदन के पात्र है।

आज सारी दुनिया योग के महत्व को समझते हुए उसे अपनी दिनचर्या का अंग बना रही है। योग कला, विज्ञान और दर्शन आज दुनिया को भारतबोध करा रहा है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने भी इस बात की पुष्टि की है कि योग से न सिर्फ तनाव कम होता है बल्कि दीर्घकाल तक कई फायदे होते हैं। प्राचीन भारतीय पद्धतियां शारीरिक, मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों की जरूरतों का संपूर्ण उत्तर हैं। पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में योग की महत्व बढ़ रहा है तो इसके लिए हर भारतीय को प्रसन्न ही होना चाहिए। महर्षि पतंजलि के अनुसार, 'योगश्चित्त वृत्तिनिरोधः'' अर्थात् चित्त की वृत्तियों को रोकने का नाम योग है। हम सभी को भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अपने चित्त से सुदीर्घ जीवन के लिए प्रयास करने चाहिए।

मुजफ्फरपुर यौन शोषण केस : पीड़िता का आरोप, तीन-तीन बार कराया था गर्भपात, नकली शादी भी की

- शादी क झांसा देकर बनाया शारीरिक संबंध
- 200 रुपये देकर बोला कि जाओ अपने मायके

अवधनामा संवाददाता

मुजफ्फरपुर। सारण की युवती ने आरोप लगाया है कि डीबीआर नाम की चिटफंड कंपनी में सैलरी 25 हजार रुपये बताई गई। रूम और मेस के लिए 20 हजार रुपये जमा करा लिया गया था। पहले तो कुछ दिनों के लिए इसके सेंटर पर भेजा गया। इसके बाद बखरी स्थित कंपनी में बुलाया गया। पहले तो करीब तीन माह तक सिर्फ फ्रॉड कॉल करने के बारे में सिखाया गया। तीन माह की सैलरी भी नहीं दी। वहां पांच सौ से अधिक युवक और युवतियां थे। इसके बाद 50-52 को इसमें जोड़ने के लिए कहा गया। इतने लोगों को जोड़ने पर सैलरी 50 हजार रुपये और अतरिक्त बोनस देने की बात थी। लोगों को जोड़ने से इनकार किया तो मोबाइल में जितने कांटेक्ट थे, सभी को जोड़ने के लिए काल करवाने लगा। जब कोई नहीं आता था तो मारपीट भी की जाती थी। किसी तरह कंपनी में दिन रात एक कर 52-53 लोग को ज्वाइन कराया। तब कहा गया डीबीआर यूनिट में शेयर होल्डर हो गई हो। इसके बाद शादी का झांसा देकर तिलक कुमार सिंह ने शारीरिक संबंध बनाया। तीन बार गर्भवती हो गई, तीनों बार गर्भपात कराया। उसने कहा, उसे सिर्फ शादी की आस दी जाती रही। बीते साल 19 मई को बखरी स्थित कंपनी में अहियापुर पुलिस की रेड हुई। उसे हाजीपुर के कार्यालय में ले जाया गया। वहां नकली शादी कराई गई। इसके बाद अपने रूम पर पत्नी के रूप में रखने लगा। उसका यौन शोषण करता रहा। कंपनी के सीएमडी मनीष सिन्हा और तिलक हमेशा पिस्टल के साथ रूम पर आता था। मायके चलने के लिए कहने पर बहलाने फुसलाने के बाद छोड़ दिया जाता है। जब जिद की तो 26 दिसंबर 2023 को पटना ऑफिस बुलाया गया। वहां 10 बजे रात्रि तक रखा गया। सभी मारपीट करने के बाद मोबाइल से शादी की सभी तस्वीर और वीडियो डिलीट कर दिया। मोबाइल, सिम और मेमोरी को नष्ट कर दिया गया। सभी हथियार के साथ तीन कार से सुबह के तीन बजे बैरिया बस स्टैंड छोड़ दिया। 200 रुपये देते हुए बोला कि जाओ अपने मायके, कही शिकायत की तो आगे कुछ बताने की जरूरत नहीं है। भाई समेत तुम्हारे परिवार के सभी लोगों को लापता कर दिया जाएगा। धमकी देते हुए सभी वहां से चले गए। पीड़िता के अनुसार इस कंपनी की आड़ में बेरोजगार युवक-युवतियों को फंसाया जाता है। ब्लैकमेलिंग और मारपीट के साथ युवतियों का यौन शोषण होता है। उससे देह व्यापार भी कराया जाता है। कंपनियों के गुंडों द्वारा अवैध हथियारों का इस्तेमाल किया जाता है। यह पटना के बख्तियारपुर में छुपा कर रखता है।

टीएमयू का सासाकावा लैप्रोसी फाउंडेशन के संग एमओयू साइन

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज़ और सासाकावा इंडिया लैप्रोसी फाउंडेशन, नई दिल्ली के बीच एमओयू साइन हुआ है। एमओयू के तहत लैप्रोसी के तहत अवेयरनेस कैंप, यूथ फेस्टिवल, स्टुडेंट्स के लिए छात्रवृत्ति, लैप्रोसी पीड़ित बस्तियों में कैंप, न्यू कमर्स स्टुडेंट्स के लिए अवेयरनेस प्रोग्राम आदि पर सहमति बनी है। टीएमयू की ओर से रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, जबकि सासाकावा इंडिया लैप्रोसी फाउंडेशन की ओर से सीओई श्री गौरव सेन ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

इस मौके पर टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन, पैरामेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार, प्रोग्राम सुपरवाइजर मिस चन्द्र किरन, रीजनल मैनेजर श्री तंजील खान, इवेंट मैनेजर श्री आफताब पाशा, प्रोग्राम ऑफिसर मिस अन्वेशा बरूआ आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। एमओयू हस्ताक्षर होने के बाद सासाकावा का यह प्रतिनिधिमंडल वीसी कार्यालय में प्रो. वीके जैन से भी मिला। प्रो. जैन ने सासाकावा फाउंडेशन के सीईओ श्री गौरव सेन को यूनिवर्सिटी का स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। टीएमयू और सासाकावा के बीच रिश्तों की डोर दिनों-दिन प्रगाढ़ हो रही है। सासाकावा के यूथ फेस्टिवल में पैरामेडिकल के स्टुडेंट्स न केवल भाग ले चुके हैं, बल्कि उत्कृष्ट प्रदर्शन के बूते पर विजेता भी रहे हैं। सासाकावा के प्रतिनिधि भी समय-समय पर टीएमयू के पैरामेडिकल में गेस्ट लेक्चर्स के जरिए स्टुडेंट्स के ज्ञान का संवर्धन करते रहते हैं। उल्लेखनीय है, 2006 में स्थापित, सासाकावा-इंडिया लेप्रोसी फाउंडेशन सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के माध्यम से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों और उनके परिवारों को मुख्यधारा में लाने की दिशा में काम करता है। ससाकावा स्वरोजगार के लिए सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना के लिए तकनीकी सहायता और सूक्ष्म अनुदान प्रदान करना, व्यावसायिक प्रशिक्षण और उच्च शिक्षा तक पहुंच प्रदान करना, आजीविका गतिविधियों में क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण देती है। सासाकावा देश के 18 सूबों के 214 जिलों में सक्रिय है। देशभर की 278 कॉलोनियों में फैली 356 से अधिक लैप्रोसी परियोजनाएं चलाते हैं।

कलेक्ट्रेट परिसर में नव-निर्मित एनआईसी हॉल का डीएम-सीडीओ ने किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु के साथ क्रिटिकल गैप्स योजनान्तर्गत रू. 19.68 लाख की लागत से कलैक्ट्रेट परिसर में नव-निर्मित एन.आई.सी. हॉल का उद्घाटन करते हुये कहा कि नवीन वीडियो कान्फ्रेंस रूम अत्याधुनिक साउंड सिस्टम, स्क्रीन से लैस है, वीडियो कान्फ्रेंसिंग के लिए आवश्यक सभी तरह के उपकरण लगाए गए हैं, नवीन हॉल में वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से शासन के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, जनपद स्तरीय अधिकारियों से सीधे संवाद स्थापित हो सकेंगा, जिससे समय की बचत होगी। उन्होंने कहा कि पुराने एन.आई.सी. हॉल में काफी कम संख्या में बैठने की व्यवस्था थी, नवीन कक्ष में लगभग 40 लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। उन्होने एन.आई.सी. हॉल का उद्घाटन के उपरांत वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से उप जिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों से वार्ता भी की। इस दौरान अपर जिलाधिकारी न्यायिक नवीन श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर गोपाल शर्मा, उपायुक्त मनरेगा पी.सी. राम, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. सत्येन्द्र कुमार, जिला आबकारी अधिकारी दिनेश कुमार, अधिशाषी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग विष्णु पाल, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मयंक शर्मा, ई-डिस्ट्रिक मैनेजर सौरभ पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह सहित कलेक्टेऊट से वेद प्रकाश, धीरेन्द्र सिंह, अनिल सक्सैना, रोहित दुबे, वीरेश पाठक, अनुज कुमार, एन.आई.सी. से कमलेश कुमार, धीरज कुमार, योगेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

आईआईटी बॉम्बे के छात्रों ने नाटक में राम-सीता का किया अपमान

मुंबई। मुंबई से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे ने एक छात्र पर 1.2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। दरअसल, इस साल मार्च में आयोजित संस्थान के प्रदर्शन कला महोत्सव के दौरान 'राहोवन' नामक नाटक में हिस्सा लेने वाले छात्र पर जुर्माना लगाया गया है, जो एक सेमेस्टर की फीस के बराबर है। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि रामायण पर आधारित इस नाटक का छात्रों के एक वर्ग ने विरोध किया था। इनका आरोप था कि यह हिंदू धर्म के प्रति अपमानजनक है। राम और सीता के प्रति अपमानजनक है। इस मामले में कम से कम सात अन्य छात्रों को भी दंडित किया गया। फिलहाल उनको मिली सजा और जुर्माने की रकम का पता नहीं लगाया जा सका। वहीं, आईआईटी बॉम्बे के प्रवक्ता ने इस पूरे मामले पर कुछ भी बोलने से इनकार कर दिया। आईआईटी बॉम्बे ने छात्र को चार जून को एक नोटिस देकर जुर्माने देने की बात कही। नोटिस में कहा गया है कि 1.20 लाख रुपये का जुर्माना 20 जुलाई, 2024 को छात्र मामलों के डीन के कार्यालय में जमा किया जाना है। इससे पहले नाटक के बारे में शिकायतों को दूर करने के लिए आठ मई को अनुशासन समिति की बैठक बुलाई गई थी। संबंधित छात्र ने बैठक में हिस्सा लिया और बातचीत के आधार पर समिति ने सजा के उपायों की सिफारिश की। नोटिस में कहा गया कि इस सजा का उल्लंघन करने पर आगे और प्रतिबंध लगाए जाएंगे। नोटिस को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आईआईटी बी फॉर भारत ने साझा किया, जो आईआईटी बॉम्बे कैंपस का ही एक समूह है और भारतीय सभ्यता के मूल्यों को बनाए रखने का दावा करता है। इस समूह ने ही नाटक का विरोध किया था। बाद में संस्थान की कार्रवाई का स्वागत किया। समूह ने पोस्ट में लिखा था कि इस नाटक में रामायण को अपमानजनक तरीके से दिखाया गया था। इन छात्रों ने भगवान राम, माता सीता और भगवान लक्ष्मण का उपहास करने के लिए शिक्षा की आजादी का दुरुपयोग किया। जिन छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी, उन्होंने कुछ भी बोलने से मना कर दिया। फिलहाल उनके साथियों ने पुष्टि की कि इस महीने की शुरुआत में जुर्माना लगाया गया था। छात्रों ने कहा कि नाटक में शामिल आठ छात्रों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, जिनमें जुलाई में स्नातक करने वाले छात्र भी शामिल हैं। स्नातक करने वाले छात्रों पर भारी जुर्माना लगाया गया, जबकि पढ़ाई जारी रखने वाले छात्रों पर कम जुर्माना लगाया गया और उन्हें छात्रावास से निलंबित कर दिया गया।

तैराकी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। प्रदेश स्तरीय सब जूनियर एवं जूनियर बालक/ बालिका तैराकी प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक बासी श्री जय प्रताप सिंह, जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेंद्र कुमार द्वारा स्पोर्ट स्टेडियम तरणताल मे शुभारंभ किया किया गया। फाइनल मुकाबले को अतिथि गण द्वारा हरी झंडी दिखाकर तैराकों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ म्यूजिकल योगा से हुआ, उसके बाद बच्चियों ने सरस्वती वंदना गीत पर नृत्य किया। साथ ही तैराकों ने अतिथियों का सम्मान किया। मा विधायक बांसी श्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि जिले में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होना जिले के लिए गौरव की बात है। इसमें सभी मंडल के खिलाड़ियों ने भाग लिया है। प्रतियोगिता का आयोजन होने से जिले के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन भी होता है। चार दिनों तक चलने वाली प्रतियोगिता में तैराक बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे है। पिछले वर्ष 10 खिलाड़ियों ने नया कीर्तिमान स्थापित किया था। जबकि इस वर्ष खिलाड़ियों में एक नया उत्साह देखने को मिल रहा है। इस वर्ष भी कई नए कीर्तिमान स्थापित हो सकता है। जिलाधिकारी श्री पवन अग्रवाल ने कहा कि जिले में इतना बड़ा इवेंट होना गौरव की बात है। उन्होंने प्रतियोगिता में आए हुए सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री जयेंद्र कुमार, राविन कपूर, क्रीड़ी अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री, सत्य प्रकाश त्रिपाठी, प्रभात सिंह, सुमन सिंह, शेषमणी प्रजापति, विमलेश कुमार, अरुण प्रजापति मौजूद रहे।

करबला की ज़ियारत के बाद वतन वापसी पर मजलिस

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। वृहस्पतिवार की दोपहर जायरीनों का काफिला सकुशल वापसी पर तहसील क्षेत्र के कस्बा हल्लौर स्थित इमामबारगाह वक्फ शाह आलमगीर सानी में मजलिस का आयोजन किया गया जिसमें मजलिस को ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई और मरसिया ख़्वानी के फ़रायज़ को अम्बर मेंहदी व हमनवां ने अंजाम दिया। मजलिस को सम्बोधित करते हुए ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने मोहब्बत व मोअद्दत पर विस्तार से प्रकाश डाला। अंत मे कर्बला के शहीदों के मसाएब बयान किया तो हर तरफ रोने की आवाज़ सुनाई दी। बताते चले कि जब भी जायरीन का काफिला ईरान इराक सीरिया स्थित प्रमुख धार्मिक स्थलों की ज़ियारत के लिए जाता है तो पहले करबला के शहीदों की याद में मजलिस का आयोजन किया जाता है और जब सकुशल वतन वापस आता है तब भी मजलिस करने के बाद ही ज़ायरीन अपने अपने घरो को जाते है। इसी के मद्देनजर शनिवार को हल्लौर स्थित वक्फ शाह आलमगीर सानी (बड़े इमामबाड़े) में मजलिस आयोजित हुई। मजलिस के दौरान इस मौके पर अलमदार हुसैन, कायम रज़ा, वसी हैदर, मनव्वर रिज़्वी, काज़िम रज़ा, इन्तेज़ार हुसैन शबाब, आफ़ताब, शायान, हक्कन बैंक, मोहम्मद मेंहदी, सोमन मास्टर, शमशाद, साबिर, नेहाल, अमन, नफीस हैदर, चुन्नू, माहताब काका, मोहम्मद हैदर शब्लू, चिक्के सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

भाषा विश्वविद्यालय में हुआ योग कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण के तत्वाधान में माननीय कुलपति प्रोफेसर एन बी सिंह जी के संरक्षण और मार्गदर्शन में ,दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 के अंतर्गत योग सप्ताह मनाए जाने के क्रम में आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला 5श्शद्ब मीट पर आयोजित की गई इसका विषय *मानसिक विकारों के प्रबंधन में योग की भूमिका* था । डॉक्टर सुधा राव सहायक आचार्य डिपार्मेंट आफ विजुअल इंपेयरमेंट फैकेल्टी आफ स्पेशल एजुकेशन डॉक्टर शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश ने इस एक दिवसीय कार्यशाला की विषय विशेषज्ञ थीं।उन्होंने योग के विभिन्न आयामों के ऊपर प्रकाश डाला । अध्यनरत विद्यार्थियों तथा साथ ही साथ शिक्षकों और अन्य लोग जो ऐसे इंस्टीट्यूशंस में काम करते हैं उनके ऊपर जितने मानसिक दबाव रहते हैं उसके चलते उन्हें कई बार स्ट्रेस की परेशानियां हो जाती है एंजायटी की परेशानियां हो जाती हैं जिससे वह अपना परफॉर्मेंस बहुत अच्छा नहीं कर पाते हैं इन सभी विषयों के ऊपर डॉक्टर सुधा राव जी ने प्रकाश डाला और इसको कैसे योग के माध्यम से इन्हें दूर किया जा सकता है इसके विषय में भी उन्होंने बताया उन्होंने कई ऐसे योग क्रियाओं के बारे में बताया जिससे बच्चे अपने स्ट्रेस को अपने ऊपर बढ़ रहे दबाव को आसानी से जीत हासिल कर सकते हैं इसके लिए उन्होंने बताया कि बहुत सारे परामर्श केंद्र होते हैं कई सारे ऑनलाइन भी विशेषज्ञ होते हैं जिनसे बच्चे परामर्श प्राप्त कर सकते हैं साथ ही साथ उनका यह भी कहना था कि आज के भाग दौड़ भरी जिंदगी में बच्चों के सोने उठने बैठने के घंटे में और उनके कार्य करने की दक्षता में बहुत परिवर्तन आया है इन परिवर्तनों की वजह से भी ऐसे कई सारे मनोविकार उत्पन्न हो रहे हैं जिस पर बच्चों द्वारा आसानी से विजय नहीं प्राप्त की जा सकती उन्हें कहीं ना कहीं सहायता की आवश्यकता होती है उन्होंने साथ में यह भी कहा कि आजकल के माता-पिता,अभिभावकों व शिक्षकों और आसपास के परिवेश में जो भी बड़े लोग हैं उन के ऊपर बच्चों के ऊपर जो दबाव है उनके ऊपर जो मानसिक रूप से दबाव है उसे भावनात्मक रूप के दबाव को महसूस तो करना आता है लेकिन उसके लिए क्या उपाय किए जाएं इस पर दक्षता होनी आवश्यक है उसकी जानकारी होनी आवश्यक है जिससे कि वह ऐसे बच्चों को योग के माध्यम से मानसिक रूप से जो भी जिस भी तरीके परेशानियां हैं उनके विषय में वह उन्हें जागरूक कर पाए उन्हें मार्गदर्शन दे पाए और उनकी समस्याओं को निजात दिला पाए ऐसे प्रयासों की आवश्यकता पर डॉक्टर सुधा राव जी ने जोर दिया अंत में उन्होंने बच्चों को बहुत सारी बधाइयां देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्होंने नए भारत के निर्माण में एक स्वस्थ मानसिक रूप से दैहिक ,दैविक रूप से स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए बच्चों का आह्वान किया बच्चों को यह भी कहा कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति उन्हें और अधिक चैतन्य रहने की आवश्यकता है और अधिक सीखने की आवश्यकता है और व्यक्तिगत तौर पर इस तरीके की चीजों में हिस्सा लेने की आवश्यकता है जिसे आने वाली पीढियां को मानसिक रूप से किसी भी प्रकार की कोई भी विकृति ना रहे और एक स्वस्थ भारत का निर्माण हो किया जा सके। कार्यशाला में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर डे, राष्ट्रीय सेवा योजना की कोऑर्डिनेटर डॉ नलिनी मिश्रा तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ पूनम चौधरी डॉ मनीष कुमार आदि लोगों ने प्रतिभाग किया।

फूफा ने सेटिंग की बात की पेपर देकर रात भर रटवाया



- सिकंदर यादवेंदु ही है अनुराग का फूफा
- चार परीक्षार्थियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पटना। नीट यूजी पेपरकेस लीक केस में रोज नए खुलाए हो रहे हैं। बिहार पुलिस ने जिस अनुराग यादव नाम के परीक्षार्थी को गिरफ्तार किया था, उसका कबूलनामा सामने आया है। उसने स्पष्ट कहा कि उसके फूफा सिकंदर प्रसाद यादवेंदु ने ही उसे कोटा से पटना बुलाया था। कहा था कि परीक्षा में सब सेटिंग हो चुका है। इसके बाद चार मई की रात पटना के एक रेस्ट हाउस में अमित आनंद और नीतीश कुमार के पास मुझे छोड़ दिया। इनलोगों ने मुझे नीट के परीक्षा का प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका दिया। रात भर में पेपर रटवाया गया। अनुराग ने यह भी खुलासा किया कि अगले दिन जब मैं परीक्षा देने सेंटर पर पहुंचा तो प्रश्न देखकर दंग रह गया। सभी प्रश्न वही थे जो रात में मैंने पढ़ा था। इसके बाद पुलिस ने अनुराग को गिरफ्तार कर लिया था। अनुराग के कबूलनामे के बाद यह स्पष्ट हो गया कि बिहार में पेपरलीक हुआ था। बता दें कि नीट पेपरलीक केस में जूनियर इंजीनियर सिकंदर प्रसाद यादवेंदु को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गेस्ट हाउस की इंट्री रजिस्टर में जिस अनुराग यादव का नाम दर्ज है, ये वही शख्स है। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने पहले ही सिकंदर प्रसाद यादवेंदु को तेजस्वी प्रसाद यादव के निजी सचिव प्रीतम का करीबी बता चुके हैं। इतना ही नहीं पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने दावा किया है कि पेपर लीक केस के आरोपियों के संबंध राजद के टॉप थ्री लोगों से है। आर्थिक अपराध इकाई के डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लों का कहना है कि अब तक की छानबीन में सॉल्वर गैंग के पास 13 परीक्षार्थियों के रोल कोड मिले थे। इनमें से चार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। बाकी 9 परीक्षार्थियों के बारे में जानकारी के लिए श्वह्र ने परीक्षा का संचालन करने वाली एजेंसी ह्रञ्ज से जानकारी मांगी थी। जानकारी मिलने के बाद उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया जा रहा है। आर्थिक अपराध इकाई के डीआईजी मानवजीत सिंह ढिल्लों का कहना है कि सभी अभ्यर्थी बिहार के अलग-अलग जिलों से हैं।

राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्री-ट्रायल बैठक

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ, के निर्देशानुसार गुरुवार को अरविन्द राय पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की अध्यक्षता में आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पेटिशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित किए जाने हेतु प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मनोज कुमार तिवारी अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/ पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इम्तियाज अली, राकेश सिंह, इजहार अहमद खान, शिव कुमार पाण्डेय, तनवीर अहमद, विनय चन्द्र मिश्र, सिराज तारिक, प्रदीप कुमार उपाध्याय, उमाशंकर पाण्डेय, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, अरूण कुमार त्रिपाठी, रत्नेश कुमार त्रिपाठी, प्रमोद कुमार व विद्वान अधिवक्तागण तथा पक्षकार व इन्श्योरेंश कम्पनी की ओर से उनके अधिवक्तागण के साथ-साथ कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सिद्धार्थनगर के कर्मचारीगण एवं कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धर्थनगर के कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

खण्ड शिक्षा अधिकारी के निर्धन पर शिक्षक शिक्षामित्र और अनुदेशक ने व्यक्त की शोक संवेदना

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। बस्ती जिले में तैनात खण्ड शिक्षा अधिकारी अभिमन्यु 58 वर्ष के आकस्मिक निधन पर शिक्षा विभाग में शोक व्याप्त रहा। गुरुवार को सुबह में उनकी अचानक तबीयत खराब होने के बाद निधन हो गया। वे जनपद सिद्धार्थनगर के शोहरतगढ़,बढ़नी व लोटन शिक्षा क्षेत्र में काफ़ी दिनों तक बेहतर सेवा देने के चलते शिक्षक,शिक्षामित्र, अनुदेशक व अधिकारियों के हृदय में जगह बना लिये थे। अभी कुछ दिन पहले ही उनका स्थानांतरण शोहरतगढ़ से बस्ती जनपद के लिए हुआ था। वह मूलतः देवरिया जनपद के रहने वाले थे। उनके निधन पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्रांतीय उपाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी, जिला मंत्री योगेंद्र पाण्डेय, लालजी यादव, मुस्तन शेरुल्लाह, आशुतोष सिंह, अतिउल्लाह, अवधेश सिंह, अमरेश कुमार, राकेश राज,अभय सिंह,संजीव राम, कल्पना, प्रमोद कुमार, मनोज यादव, अरविंद कुमार दयाल, बिजय बहादुर, सुशील सिंह, पंकज कुमार,आनंद गौंड़, जावेद आलम, निसार अहमद, नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, अनिरुद्ध मौर्य, सिद्धार्थ कुमार,पवन चौरसिया, मनमोहन, शशि यादव, रामानंद पाण्डेय, कृष्ण गोविन्द चौधरी, अली हसन, नागेन्द्र कुमार, प्रकाश तिवारीआदि लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

भाकपा (माले) ने मनाया विरोध दिवस

लखनऊ। भाकपा (माले) ने प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार से सम्मानित जानीमानी अंग्रेजी लेखिका व सामाजिक कार्यकर्ता अरुंधति रॉय और प्रसिद्ध राजनीतिक विश्लेषक व कश्मीर केंद्रीय विवि के पूर्व प्रोफेसर शेख शौकत हुसैन पर, करीब चौदह साल पहले एक कार्यक्रम में दिए गए वक्तव्य को आधार बनाकर, उनके खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) जैसे दमनकारी कानून के तहत मुकदमा चलाने के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल द्वारा दिये गए हालिया आदेश के खिलाफ आज (गुरुवार, 20 जून को) देशव्यापी विरोध दिवस मनाया। राजधानी लखनऊ सहित जिला मुख्यालयों पर मार्च और प्रदर्शन कर जिलाधिकारियों के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजा। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि केंद्र में मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही आया यह आदेश अभिव्यक्ति की आजादी के विरुद्ध और लोकतांत्रिक बुद्धिजीवियों को निशाने पर लेकर उनका उत्पीड़न करने की कोशिश है। यह केंद्र के इशारे पर हुआ है। यह लोकतंत्र पर हमला है। फासीवादी कृत्य है।

एरा यूनिवर्सिटी में इंडियन एकेडमी ऑफ न्यूरोसाइंसेज द्वारा आयोजित संगोष्ठी

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। बुनियादी और क्लिनिकल न्यूरोसाइंस रिसर्च में रुझान का आयोजन किया। संगोष्ठी के आयोजन सचिव प्रोफेसर सैयद शादाब रजा, आईएएन सचिव और एरा विश्वविद्यालय में जैव प्रौद्योगिकी ;ठपवजमबीदवसवहलद्ध के प्रोफेसर, थे, जिसमें राज्य भर के प्रमुख न्यूरोसाइन्सेज, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और छात्रों ने न्यूरोसाइन्सेज के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति और भविष्य की दिशाओं पर चर्चा की। संगोष्ठी में गंगवार इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (जीआईएमएस) के प्रमुख और आईआईटी कानपुर में रसायन विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रोफेसर संदीप वर्मा, आईएएन के अध्यक्ष प्रोफेसर विनय कुमार खन्ना, डॉ. .पी.के. दलाल, अध्यक्ष आईएएन-लखनऊ चैप्टर, प्रोफेसर अशोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आईएएन, और प्रोफेसर अब्बास अली महदी, एरा विश्वविद्यालय के कुलपति आदि कई प्रतिष्ठित प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पीएचडी, स्नातकोत्तर और स्नातक छात्रों के साथ-साथ एरा विश्वविद्यालय के एवं कई अन्य आमंत्रित गणमान्य व्यक्तियों की भी भागीदारी रही। अपने मुख्य भाषण में डॉ. पी.के. दलाल ने पूरे भारत में न्यूरोसाइन्सेज में अधिक स्नातक और परास्नातक कार्यक्रम स्थापित करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि भारत में न्यूरोसाइन्सेज की शिक्षा प्रदान करने वाले संस्थानों की संख्या अन्य विकसित देशों की तुलना में काफी कम है और इस बात पर भी जोर दिया कि देश में इस क्षेत्र की प्रगति के लिए ऐसे कार्यक्रमों का विस्तार महत्वपूर्ण है। एरा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अब्बास अली महदी ने मुख्य वक्ताओं की भावनाओं को दोहराया और घोषणा की कि एरा विश्वविद्यालय एक नया पाठ्यक्रम न्यूरोसाइन्सेज में एम.एस.सी. शुरू करने के लिए तैयार है।

उन्होंने भारतीय न्यूरोसाइन्सेज अकादमी के ऐतिहासिक महत्व और इसके साथ अपने व्यक्तिगत जुड़ाव पर भी चर्चा की, और भारत में न्यूरोसाइन्सेज शिक्षा और अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

पुलिस द्वारा चलाए गए सघन चैकिंग अभियान में 6 दबोचे

■ 15 मोबाइल, 2 काली पल्सर, 2 तमंचा व 2 कारतूस बरामद

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। थाना उत्तर पुलिस व सर्विलांस टीम द्वारा राह चलते व्यक्तियों से मोबाइल लूट करने वाले गिरोह के 06 अभियक्तों को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से लूट/चोरी के 15 अदद मोबाइल फोन, व घटना में प्रयुक्त 02 अदद काली पल्सर मोटरसाईकिल व 02 अदद तमंचा 315 बोर मय 02 कारतूस जिन्दा 315 बोर बरामद किए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में लूट/चोरी के अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निकट पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा चौकी आगरा गेट क्षेत्र में चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर नाले के पटरी रहना से लूट करने वाले गिरोह के 06 अभियुक्तगण देवेन्द्र गोस्वामी उर्फ करुआ पुत्र बबलू गोस्वामी निवासी एके टाकीज के पास विजयनगर छारबाग, कृष्णा वर्मा पुत्र जमुना दास निवासी स्वर्ग आश्रम के पास छारबाग, छोटू वर्मा पुत्र सीताराम एके टाकीज के पास छारबाग, सीपू गुप्ता उर्फ सतेन्द्र पुत्र राकेश गुप्ता निवासी एके टाकीज के पास पथवारी मन्दिर के सामने छारबाग, शिवम पुत्र वीरी सिंह निवासी गोलेहोटल रामनगर छारबाग, राघव उर्फ राघवेन्द्र पुत्र साहूकार वर्मा निवासी रामनगर छारबाग थाना लाईनपार जनपद फिरोजाबाद को अलग-अलग स्थानो से छीने गये चोरी/लूट के 15 अदद मोबाइल फोन व 02 अदद काली पल्सर मोटर साईकिल व 02 अदद तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया है। उक्त अभियुक्तगणों ने पूछताछ में बताया कि अभियुक्तगण प्रतिदिन अलग-अलग स्थानों से राह चलते लोगो से मौका पाकर उनके मोबाइलो को मोटर साइकिल से लूट कर भाग जाते थे। उपरोक्त अभियुक्तगण थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.सं. 390/2024 धारा 392 भादवि में प्रकाश में आये वाँछित अभियुक्तगण है। अभियुक्तगण को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जाएगी। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष वैभव कुमार सिंह, उ.नि. अमित तोमर सर्विलांस प्रभारी जनपद फिरोजाबाद, उ.नि. अर्जुन राठी चौकी प्रभारी आगरा गेट, उ.नि.प्रि. स्वप्निल कश्यप, है.का. 200 अशोक कुमार राघव, हे.का. 722 अजीत सिंह, है.का. 807 नीलेश कुमार, है. का. 295 सत्यदेव सिंह, का. 723 कृष्ण कुमार सर्विलांस सैल जनपद फिरोजाबाद, का. 150 रवि कुमार थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद शामिल रहे।

जिलाधिकारी से काफ़ी प्रभावित हैं मेधावी आराध्या

हरदोई। गत इंटरमीडियेट परीक्षा में जनपद में 6वां स्थान प्राप्त करने वाली मेधावी बालिका आराध्या पाल ने आज जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह से मुलाक़ात की। भविष्य को लेकर जिलाधिकारी ने आराध्या को बहुत से टिप्स दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर इसे प्राप्त करने के उचित रणनीति के साथ परिश्रम करें। लक्ष्य से डिगे नहीं। आराध्या ने बताया कि वह जिलाधिकारी की कार्यशैली से बहुत प्रभावित हैं। काफ़ी समय से वह जिलाधिकारी से मिलकर प्रेरणा लेना चाहती थीं। जिलाधिकारी से उन्होंने अपने मोहल्ले आजाद नगर में सड़क बनवाने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया।

विज्ञान कैम्प में गूँजे योग करो निरोग रहो के जागरूक संदेश

अवधनामा संवाददाता

सिरसागंज। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद द्वारा 10 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जिला विज्ञान क्लब, फिरोजाबाद के कार्यालय पर चल रहे विज्ञान कैम्प के 26 वें दिवस पर योग विषय पर एक स्लोगन प्रदर्शन का कार्यक्रम किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने योग विषय पर जन जागरूक स्लोगन प्रदर्शित किए। अश्वनी कुमार जैन ने विद्यार्थियों के स्लोगन की सराहना करते हुए बताया कि इस स्लोगन प्रदर्शन में विद्यार्थियों ने हर रोग को तोड़ना है, योग से नाता जोड़ना है, सब रोगों का एक समाधान, योगा करो सुबह और शाम, वन वर्ल्ड एवं वन हेल्थ, हर आँगन योग, योग- योग का नारा है, भविष्य अब हमारा है, जीवन से मिटाना है रोग, तो हर दिन करो योग, जीवन में योग को अपनाएंगे, बीमारी को कोसों दूर भगाएंगे, स्वंय को बदलो, तो यह जग बदलेगा, न कोई कष्ट न कोई रोग, जब जीवन मे होगा योग, चलो विश्व योग दिवस मनाएं, पूरे विश्व को स्वस्थ बनाएं, योग आओ मिलकर सभी योग अपनाएं आदि प्रदर्शित किए। उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए योग के विषय को भी समझाया एवं 21 जून 2024 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी को योग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अयाज, कृष्णा यादव, ललित कुमार, मोहित सिंह, सोनवीर, ब्रजमोहन, सुशान्त, नीरज कुमार, कु गोसिया फारूकी, उपासना सिंह, रोशनी, पायल कश्यप, सारिका, शिवानी,पूजा, खुशी, निशा, वर्षा की सहभागिता रही।

जिलाधिकारी ने पुस्तकों का किया विमोचन

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत प्राथमिक विद्यालय पिरोजापुर, विकास खण्ड बावन के प्रधानाध्यापक राजीव कुमार सिंह एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ लाल बहादुर गौतम प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय म्योनी विकास खण्ड सुरसा द्वारा लिखित पुस्तकें निपुण बनेंगे हम, कला की दुनिया, एवं आई.सी.टी. स्मार्ट शाला पुस्तकों का जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय में लोकार्पण किया । आपको बताते चलें कि दोनों शिक्षकों ने अपने विद्यालयों में बच्चों के अंदर नए-नए प्रयोग करके शैक्षिक गतिविधियों एवं कला शैक्षिक एवं तकनीकी शिक्षा में बच्चों को पारंगत बनाने का प्रयास किया। उन्ही गतिविधियों का उक्त पुस्तकों में संकलन किया गया है। जनपद मे उक्त दोनों विद्यालयों के शिक्षको ने अपनी मेहनत और लगन से नई-नई शैक्षणिक विधाओं का पुस्तकों में संकलन किया है जिसके माध्यम से हमारे बेसिक के बच्चों को उक्त गतिविधियों से कुछ न कुछ नई चीजे सीखने को मिलेंगी निपुण बनेंगे हम पुस्तक में कक्षा 1 से लेकर तीन तक की सभी गतिविधियों का संकलन किया गया है तथा दूसरी पुस्तक कला की दुनिया जिसमें इन विद्यालयों में बच्चों को चित्र कला के माध्यम से बाला पेंटिंग, वाल पेंटिंग द्वारा बेहतरीन कला को सिखाया गया है बेसिक शिक्षा में वर्तमान समय में प्रौद्योगिकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आई, सी, टी, का विकास हुआ है।

भ्रष्टचार की हद, खुलेआम खाते में कमीशन ले रहे अफसर

सुलतानपुर। जिले में भ्रष्टचार की हदें पार हो गयी हैं। चोरी छिपे नहीं, खुलेआम योजनाओं की सब्सिडी दिलाने के नाम पर लाभार्थी से अफसर खाते में कमीशन की धनराशि ले रहे हैं। ऐसा ही सनसनीखेज़ मामला पकड़ में आया है। जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी पर रिश्वतखोरी का सनसनीखेज आरोप लगाया गया है। जनसुनवाई पोर्टल पर मुख्यमंत्री से शिकायत करके नीतू पत्नी श्रवण कुमार ने कहा है कि उसने प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2028-19 में इलेक्ट्रिक एवं इलेक्ट्रानिक उद्योग के लिए 15 लाख रूपये का लोन केनरा बैंक धनपतगंज शाखा से लिया था। ब्याज की सब्सिडी 35000 रूपया जिला खाद्यी ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा दिया जाना था। आरोप है कि सब्सिडी दिए जाने के लिए जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी रामसुरेश यादव द्वारा 7500 रूपये की बतौर रिश्वत मांग की गई। शिकायकर्ता महिला का आरोप है कि उसने जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी राम सुरेश यादव के मोबाइल नंबर 9452842150 पर 16.11.2023 को फोन के माध्यम से 7500 रूपया दिया।

चुनाव जीतने पर शशिबाला के नेतृत्व में महिला अधिवक्ताओं ने वकीलों को दिया धन्यवाद

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। महिला अधिवक्ताओं ने ज़िला बार एसोसिएशन के चुनाव में बंपर जीत दर्ज करने के बाद ढोल नगाड़ों सहित कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं के बस्तों पर जाकर उन्हें धन्यवाद दिया। जिला बार एसोसिएशन के चुनाव में शशिवाला चतुर्वेदी एडवोकेट ने मध्यम उपाध्यक्ष पद पर, किरण राजपूत और साक्षी शर्मा ने कनिष्ठ सदस्य के पद पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की इसके उपलक्ष्य में गुरुवार को करीब दो दर्जन से अधिक महिला अधिवक्ताओं ने डी बी ए सभागार में विजयी हुई महिला प्रत्याशियों का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया और नारी शक्ति जिंदाबाद, फूल नहीं चिंगारी है यह भारत की नारी है, अधिवक्ता एकता जिंदाबाद, इंकलाब ज़िंदाबाद जैसे गगन भेदी नारे लगाए। इसके बाद महिला अधिवक्ताओं ने ढोल नगाड़े और नारे बाजी करते हुए कचहरी परिसर में सभी अधिवक्ताओं को बस्तों पर जाकर वोट देकर विजयी होने के लिए धन्यवाद दिया। शशिवाला चतुर्वेदी ने कहा कि अधिवक्ताओं के हित में वह हर स्तर पर उनकी आवाज़ बुलंद करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी और उनके सुख दुःख में सहभागिता करने का प्रयत्न करेंगी इस अवसर पर निधि पाल एडवोकेट, प्रीति चौहान एडवोकेट, सुनीता वर्मा एडवोकेट , बीनू चौधरी एडवोकेट, अनुराधा एडवोकेट, संध्या एडवोकेट, साधना एडवोकेट, खुशबू एडवोकेट, राखी एडवोकेट, आकांक्षा एडवोकेट, ज्योति राव दुबे एडवोकेट, हंसमुखी शंखवार एडवोकेट, किरन माथुर एडवोकेट, सरस्वती शर्मा एडवोकेट, मदीना एडवोकेट मोनिका अग्निहोत्री मंत्री सेवाश्रम, अम्बुज एडवोकेट, प्राची सक्सेना कोषाध्यक्ष सेवाश्रम, निवेदिका, रश्मि आदि मौजूद रही।

संक्षिप्त समाचार

बैभव पाठक के असिस्टेंट कमिश्नर बनने पर परशुराम सेवा समिति ने बधाई दी

इटावा/अवधनामा ब्यूरो। परशुराम सेवा समिति उत्तर प्रदेश के संरक्षक मेजर पाण्डेय मेला मालिक परशूपुरा का भांजा मूल रूप से बकेबर निवासी हाल निवास उज्जैन म.प्र.अनुज कुमार पाठक(आदित्य पाठक)के अनुज पुत्र बैभव पाठक ने अपने प्रथम प्रयास में ही MPPSC में सफलता पा कर असिस्टेंट कमिश्नर का पद प्राप्त किया। बैभव को परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट, संरक्षक हरिप्रकाश चौधरी, महामन्त्री जयशिव मिश्रा, डॉ.राहुल दीक्षित प्रदेश संगठन मंत्री, प्रदेश सचिव मुकेश दीक्षित, कोषाध्यक्ष राजेंद्र देव दुबे, जिलाध्यक्ष रोहित चौधरी, युवा जिलाध्यक्ष अनुभव पांडेय, शशांक भारद्वाज, बृजेश मिश्रा, गोविन्द पाण्डेय, नरेंद्र शर्मा आदि ने बधाई देते उज्जवल भविष्य की कामना की है।

अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवसः समस्त थानों पर नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा किया गया योगाभ्यास

इटावा/अवधनामा ब्यूरो। दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21जून एवं योग सप्ताह 15 जून से 21जून के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशानुसार जनपद के समस्त थानों पर नियुक्त पुलिस अधिकारियो/कर्मचारियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। समस्त थानाध्यक्षों द्वारा योगाभ्यास कर समस्त पुलिसकर्मियों एवं आम जनमानस को योग के द्वारा स्वयं को स्वस्थ रखने हेतु संदेश दिया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष द्वारा कहा गया कि व्यायाम करने से मनुष्य शारीरिक एवं मानसिक रूप से हर समय स्वस्थ रहता है। मनुष्य को प्रतिदिन निरोगी रहने के लिए योग एवं व्यायाम अवश्य करना चाहिए, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही अच्छा मस्तिष्क निवास करता है। विभिन्न बीमारियों एवं रोगों से बचने का व्यायाम एकमात्र और सशक्त माध्यम है। प्रतिदिन व्यायाम करने से मनुष्य के शरीर को नई ऊर्जा मिलती है, जिससे पूरे दिन मनुष्य में स्फूर्ति बनी रहती है, इसलिए जरूरी है कि मनुष्य रोजाना योग एवं व्यायाम करें।

एस एस पी ने पुलिस कार्यालय में की जनसुनवाई

इटावा/अवधनामा ब्यूरो। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय में गुरुवार को जनसुनवाई आयोजित कर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया एवं उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुनकर संबंधित को तत्काल निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत किये गये।

ब्लैक फिल्म, मोडिफाईड साइलेन्सर, हूटर सायरन/प्रेशर हॉर्न, लाल नीली बत्ती लगे वाहनों के विरुद्ध की गई कार्यवाही

इटावा/अवधनामा ब्यूरो। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी चकरनगर नागेंद्र चौबे के नेतृत्व में थाना चकरनगर टीम द्वारा चकरनगर चौराहा एवं थाना गेट के सामने सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस टीम द्वारा ब्लैक फिल्म, हूटर सायरन/प्रेशर हॉर्न, लाल नीली बत्ती, दो पहिया/चार पहिया वाहनों पर पुलिस कलर्स, उ.प्र.शासन एवं भारत सरकार लिखे जाने, बिना हेलमेट सीट बेल्ट इत्यादि के विरुद्ध अभियान चलाकर 15 वाहनों का चालान किया गया, जिस पर 42500/- का शमन शुल्क किया गया। अभियान के दौरान वाहनों से 14 प्रेशर हार्न, 02 हूटर एवं 04 वाहनों की ब्लैक फिल्म उतरवायी गई तथा जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी। अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी चकरनगर नागेन्द्र चौबे, I/C प्रभारी अवधेश कुमार थाना चकरनगर मय टीम उपस्थित रहे।

सर्वजन सुखाय पार्टी की बैठक 23 जून को

इटावा/अवधनामा ब्यूरो। सर्वजन सुखाय पार्टी के सभी पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार दिनांक 23 जून 2024 दिन रविवार को सुबह 11:00 बजे पार्टी कार्यालय मानिकपुर मोड़ अड्डा निहाल पर एक आवश्यक बैठक की जाएगी जिसमें आप सभी से अनुरोध है की बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो। उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह ने दी।

जिला कार्यालय पर कांग्रेसियों ने मनाया राहुल गांधी का 54 वा जन्मदिन

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। कांग्रेस नेता एवं रायबरेली सांसद राहुल गांधी का 54 वा जन्मदिन कांग्रेसियों ने बुधवार को धूमधाम से मनाया।

जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के नेतृत्व में केक काटकर एक दूसरे को खिलाकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दीर्घायु होने की कामना की गयी तो वही कार्यालय के प्रांगण में ही नीम का पौधा रोपित कर उनकी लंबी उम्र की कामना की गई। कांग्रेस नेता एवं रायबरेली सांसद राहुल गांधी का जन्मदिन आज हम लोगों ने कार्यालय पर केक काटकर और एक दूसरे को मिष्ठान वितरण कर उनके दीर्घायु होने की कामना की, कार्यालय के प्रांगण में ही वृक्षारोपण कर उनकी लंबी उम्र की कामना की गई। हमारे नेता राहुल गांधी गरीबों, किसानो, मजलूमों नवजवानों के ऊपर अन्याय कतई बर्दाश्त नहीं करते और उसके लिए सड़क से लेकर संसद तक अपनी बेबाक बुलंद आवाज़ व निडरता के साथ लड़ाई लड़ते है। ऐसे जननेता का आज हम लोगों ने 54 वा जन्मदिन धूमधाम से मनाया है। इस मौके पर जिला प्रवक्ता नफ़ीस फ़ारूक़ी, हरीश त्रिपाठी, राहुल त्रिपाठी, राजेश श्रीवास्तव, तेज बहादुर पाठक, ममनून आलम, ज़मींदार यादव, विभू पांडेय, हाजी फ़िरोज़, नंदलाल मौर्य, सुव्रत सिंह सनी, अमित सिंह, पवन मिश्र, अनवर अंसारी, बलराम तिवारी, गुड्डू जायसवाल, श्याम लगन गौतम, जेपी तिवारी, प्रेमप्रकाश अग्रहरि, शहबाज़ ख़ान, रामचंद्र कोरी, संजय मिश्र, मो हमज़ा, अतीउल्ला, शक्ति तिवारी, शीतला साहू, प्रभात पाल आदि लोग उपस्थित रहे।

आधार दर्जन बाल श्रमिक मुक्त कार्रवाई से हड़कंप

मथुरा। शासन तथा एनसीपीसीआर के निर्देश पर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना के निर्देशन में सहायक श्रमायुक्त एम.एल.पाल के निर्देश पर मांट कस्बे,वृंदावन कट स्थित ढाबों में बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिनमे 06 किशोर श्रमिक काम करते हुए पाए गए। इनके सेवायोजको के विरुद्ध मौके पर नोटिस जारी की गई। टीम के पहुंचने पर कस्बे में हड़कंप मच गया। कुछ लोगो ने बच्चो को भगा दिया। मौके पर सभी व्यापारियों को हिदायत दी गई कि वह बच्चो से कार्य न कराए। यह अभियान 30 जून तक जारी रहेगा। इस अभियान में प्रमुख रूप से श्रम प्रवर्तन अधिकारी एस.पी.पांडेय, नीलम श्रम प्रवर्तन अधिकारी, प्रभारी एएचटीयू कर्मवीर, चाइल्ड लाइन से वैशाली, कांस्टेबल योगेश एवं महिला कांस्टेबल प्रियंका एवं नेहा तथा स्थानीय पुलिस फोर्स उपस्थिति रही।

जिलाधिकारी ने इन्दिरा स्टेडियम का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

■ योग दिवस के लिए की गई तैयारियों का लिया जायज़ा

बहराइच। दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इन्दिरा गांधी स्पोर्टस स्टेडियम बहराइच में आयोजित होने वाले भव्य योगा कार्यक्रम के लिए की गई तैयारियों का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसोदिया, प्राचार्य मेडिकल कालेज प्रो. डॉ. संजय खत्री, जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र देव, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी, क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. राजन वर्मा व अन्य अधिकारियों के इन्दिरा गांधी स्टेडियम का निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

संपति विवाद में ससुराल वालों ने दामाद को मौत के घाट उतारा

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा में घर के बाहर सो रहे युवक पर ससुरालीजनों ने धारदार हथियार से हमला करके हत्या कर दी। घटना से घर में चीख पुकार मच गई। मृतक के पिता ने बेटे के ससुरालीजनों पर सात नामजद व चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। घटना छाता कोतवाली के तरौली जनूबी गांव की है। पुलिस ने मृतक की पत्नी, पत्नी की बड़ी बहन (जेठानी) को हिरासत में लिया है। घटना के बाद भागते हुए आरोपियों ने गाड़ी से एक गाय को टक्कर मार दी। इससे गाय की भी मौत हो गई। तरौली जनूबी निवासी मृतक के पिता राजेंद्र ने थाने पर दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि बुधवार को उसके बेटे व पुत्रवधू के बीच दिन में दो बार झगड़ा हो गया था। रात करीब 12 बजे पुत्रवधू कमलेश व गुड़िया ने अपने भाई भूदेव, प्रभु व अपने पिता को फोन कर दिया। बताया कि वह, उसका बेटा वीरेंद्र व उसके भाई का लड़का प्रेमपाल घर के बाहर सो रहे थे। बुधवार रात 12 बजे बोलेरो में सवार होकर आए वीरेंद्र के ससुरालीजन व उनके साथियों ने वीरेंद्र पर धारदार हथियार से हमला बोल दिया। बचाने आए भाई के लड़के प्रेमपाल पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया। इससे वह भी घायल हो गया। वीरेंद्र को इलाज के लिए सिटी अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। आरोपी घटना के भागते हुए एक गाय को भी टक्कर मार गए। इससे गाय की मौके पर मौत हो गई। मृतक के पिता की संपत्ति बंटवारे को लेकर पत्नी कमलेश से कहासुनी हो गई थी। इसमें वीरेंद्र ने कमलेश के साथ मारपीट कर दी थी। इससे गुस्साकर वीरेंद्र के ससुरालीजनों ने वीरेंद्र पर हमला बोल दिया। फिलहाल पुलिस ने कमलेश व उसकी बड़ी बहन गुड़िया को हिरासत में लिया है। 10 वर्ष पूर्व वीरेंद्र व उसके बड़े भाई से दोनों बहनों की शादी हुई थी। मृतक को दो लड़की हैं।

शादी के सात साल बाद विवाहिता की मौत, फंदे पर लटकी मिली लाश

मथुरा। थाना मांट इलाके के गांव नगला कालौंदा में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं मायके वालों ने ससुराल वालों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। थाना मांट पहुंचे मायके वालों ने हंगामा किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

थाना मांट के गांव नगला कालौंदा में संदिग्ध परिस्थितियों में 30 वर्षीय गायत्री पत्नी पिंकू ने घर में कमरे में दुपट्टे का फंदा लगाकर लटक गई।

राजकीय संप्रेषण गृह का किया निरीक्षण

मथुरा। जिला न्यायाधीश आशीष गर्ग, जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर में व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए। जिला न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशोरों से वार्ता की तथा सीसीटीवी कैमरे, कम्प्यूटर सेंटर आदि का निरीक्षण किया।

सिलगन क्रॉसिंग स्थित अंडर पास का ट्रैफिक होगा डायवर्ट

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। सिलगन क्रॉसिंग स्थित अंडर पास में कार्य प्रगति पर होने के कारण ट्रैफिक डायवर्सन हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने रेलवे सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में बताया गया कि सिलगन स्थित रेलवे अंडर पास जिसके बारिश के मौसम में पानी का भराव हो जाता है, जिससे दुर्घटना होने की संभावना होती है, इसके निस्तारण हेतु अंडर के ट्रैफिक को बंद कर आवश्यक कार्य कराया जाना है। चूंकि इस अंडर पास के माध्यम से राजघाट, चंदेरी सहित निकट के जनपदों के यात्री आवागमन करते हैं, इसलिए यह अत्यंत व्यस्त मार्ग है। जब तक कार्य प्रगति पर रहेगा तब तक ट्रैफिक डायवर्सन करना आवश्यक है, जिसके लिए अमरपुर होते हुए दैलवारा मार्ग एवं महर्रा होते हुए राखपंचमपुर मार्ग का विकल्प दिया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि रूट डायवर्सन हेतु कल तक रूट व चेक पॉइंट्स निर्धारित करें, साथ ही नगर के इलाइट चौराहा और पिसनारी चौराहा पर चेक पॉइंट्स बनाकर ट्रैफिक पुलिस द्वारा डायवर्ट रूट के बारे में लोगों को जानकारी दी जाए। बैठक में रेलवे, लोक निर्माण विभाग, पुलिस व यातायात विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को दिलायी गई योग की शपथ

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.राकेश नारायण की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 21 जून 2024 को अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग सप्ताह के अन्तर्गत नेहरू महाविद्यालय के शिक्षकों व कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को नियमित रूप से योग करने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि भारत में जन्मी योग विद्या की आज सम्पूर्ण विश्व में प्रतिष्ठा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि योग करने से मन पवित्र रहता है, बुद्धि निर्मल होती है व शरीर स्वस्थ व ऊर्जावान होता है। सारी दुनिया में आज विश्व योग दिवस मनाने हेतु तैयारियां जोरों पर है। इसी क्रम में 21 जून 2024 को अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस पर नेहरू महाविद्यालय में वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसमें शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र/छात्राओं को योग कराया जायेगा। इतिहास विभाग के प्रोफेसर पंकज शर्मा ने कहा कि योग के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है जहाँ एक ओर योग समाज व देश को जोड़ता है, साथ ही शरीर को निरोग बनाकर राष्ट्रसेवा के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। इस मौके पर डा.रौशन कुमार सिंह, डा.सुधाकर उपाध्याय, डा.ओ.पी.चौधरी, अनीता, डा.जगवीर सिंह, फहीम बख्श, अंकित चौबे, ध्रुव किलेदार सहित शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

साल्ट की आक्रामक पारी से इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराया

ग्रोस आइलेट। फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से गत चैम्पियन इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने पहले मैच में सह मेजबान वेस्टइंडीज को बृहस्पतिवार को आठ विकेट से हराया। अफगानिस्तान को आखिरी ग्रुप मैच में हराने वाली वेस्टइंडीज टीम ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर चार विकेट पर 180 रन बनाये लेकिन जवाब में इंग्लैंड की टीम ने ग्रुप दो के मैच में 17 . 3 ओवर में ही दो विकेट पर 181 रन बना लिये। साल्ट ने अपनी आक्रामक पारी में सात चौके और पांच छक्के लगाये। वहीं जॉनी बेयरस्टो ने 26 गेंद में नाबाद 48 रन जोड़े जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे। इंग्लैंड के गेंदबाजों को भी जीत का श्रेय जाता है जिन्होंने 51 डॉट गेंदें डाली। जोफा आर्चर ने 34 रन देकर और आदिल रशीद ने 21 रन देकर एक एक विकेट लिया और किफायती गेंदबाजी की। साल्ट को सात के स्कोर पर निकोलस पूरन ने जीवनदान दिया जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। उन्होंने बेयरस्टो के साथ तीसरे विकेट के लिये 44 गेंद में 97 रन की साझेदारी की। दोनों के बीच के ओवरों में मेजबान स्पिन आक्रमण का बखूबी सामना किया। धीमी शुरूआत के बाद इंग्लैंड ने दूसरे ओवर में खुलकर खेलना शुरू किया जब कप्तान जोस बटलर ने रोमारियो शेपर्ड को दो चौके लगाये। वहीं साल्ट ने अगले ओवर में आद्रे रसेल को छक्का जड़ा। दोनों ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखते हुए पावरप्ले के छह ओवर में स्कोर बिना किसी नुकसान के 58 रन तक पहुंचाया। आफ स्पिनर रोस्टन चेस ने मेजबान को पहली सफलता दिलाई जब बटलर 108.9 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली उनकी गेंद पर चकमा खाकर पगबाधा आउट हो गए। इसके बाद हालांकि साल्ट और बेयरस्टो ने टीम को आसानी से जीत तक पहुंचाया। इससे पहले वेस्टइंडीज की शुरूआत शानदार रही जब ब्रेंडन किंग और जॉनसन चार्ल्स ने पांचवें ओवर तक बिना किसी नुकसान के 40 रन बना लिये थे। किंग को सैम कुरेन की गेंद बाजू में लगी और चोटिल होने के कारण उन्हें मैदान से जाना पड़ा। शानदार फॉर्म में चल रहे पूरन इसके बाद क्रीज पर आये और उन्होंने चार्ल्स के साथ पावरप्ले में 54 रन तक स्कोर पहुंचाया। पूरन ने आठवें ओवर में मार्क वुडको छक्का लगाया लेकिन इसके बाद इंग्लैंड के गेंदबाजों ने वापसी की। चार्ल्स ने रशीदको छक्का लगाया लेकिन अगले ओवर में मोईन अली ने उन्हें लांग आन पर हैरी ब्रूक के हाथों लपकवाया। चार्ल्स ने 34 गेंद में चार चौकों और एक छक्के की मदद से 38 रन बनाये। कप्तान रोवमैन पॉवेल ने आफ स्पिनर अली को छक्का लगाया और लियाम लिविंगस्टोन को पांच गेंद में तीन छक्के जड़े। लिविंगस्टोन ने हालांकि अपनी आखिरी गेंद पर उन्हें आउट किया। पॉवेल ने 17 गेंद में 36 रन बनाये। आर्चर ने पूरन (32 गेंद में 36 रन) को पवेलियन भेजा। शेरफेन रदरफोर्ड ने आखिरी ओवरों में 15 गेंद में नाबाद 28 रन बनाये।

भारत का दौरा करेंगी बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड टीमें, बीसीसीआई ने घरेलू सीजन का शेड्यूल किया जारी

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद भी भारतीय टीम का टाइट शेड्यूल रहना वाला है। इस दौरान भारत बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और इंग्लैंड टीम की मेजबानी करेगा। दरअसल, बीसीसीआई ने भारतीय टीम सत्र 2024-25 का घरेलू शेड्यूल जारी किया है। इसका आगाज 19 सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से होगा। बता दें कि, भारतीय टीम सबसे पहले बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट और तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज खेलेगी। पहला टेस्ट 19 से 23 सितंबर 2024 और दूसरा टेस्ट 27 सितंबर से 1 अक्टूबर 2024 को खेला जाएगा। जबकि टी20 मुकाबले 6,9 और 12 अक्टूबर को खेले जाएंगे। वहीं, बांग्लादेश के बात भारतीय टीम न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगी। जहां दोनों टीमों के बीच तीन टेस्ट मैच खेले जाएंगे। जो कि, 16 अक्टूबर, 24 अक्टूबर और 1 नवंबर से शुरू होंगे।

पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन की बालकनी से गिरने के कारण मौत

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन की अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरने के कारण मौत हो गई। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। वह 52 वर्ष के थे और उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। जॉनसन अपने घर के पास में ही क्रिकेट अकादमी चला रहे थे लेकिन पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। केएससीए के अधिकारी ने कहा,''हमें बताया गया कि वह अपने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से गिर गए थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जॉनसन ने भारत की तरफ से दो टेस्ट मैच खेले। उन्होंने कुल 39 प्रथम श्रेणी मैच खेले।

वह कर्नाटक की उस मजबूत गेंदबाजी इकाई का हिस्सा थे जिसमें अनिल कुंबले, जवागल श्रीनाथ, वेंकटेश प्रसाद और डोडा गणेश शामिल थे। भारत के पूर्व गेंदबाज और जॉनसन के लंबे समय तक साथी रहे गणेश ने कहा,''यह बेहद दुखद खबर है क्योंकि हम टेनिस क्रिकेट के दिनों से ही एक क्लब जय कर्नाटक की तरफ से खेला करते थे।'' उन्होंने कहा,''इसके बाद हम राज्य और देश के लिए भी साथ में खेले। कर्नाटक का यह गेंदबाजी आक्रमण लंबे समय तक भारतीय गेंदबाजी आक्रमण दे रहा। असल में एक समय राहुल द्रविड़ सहित कर्नाटक के छह खिलाड़ी भारतीय टीम का हिस्सा थे। मुझे नहीं लगता कि किसी अन्य राज्य के नाम पर यह उपलब्धि होगी। दिग्गज लेकर स्पिनर अनिल कुंबले ने भी जॉनसन के निधन पर शोक व्यक्त किया।

कुंबले ने एक्स पर पोस्ट किया,''क्रिकेट के दिनों के मेरे साथी डेविड जॉनसन के निधन से बेहद दुखी हूं। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। बेनी तुम बहुत जल्दी चले गए।'' भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने भी जॉनसन के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। शाह ने एक्स पर लिखा,''पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन के परिवार और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना। खेल में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

नीरज चोपड़ा ने रचा इतिहास, पावो नूरमी गेम्स में जीता गोल्ड मेडल

भारतीय जेवलिन थ्रोओर नीरज चोपड़ा ने पावो नूरमी गेम्स 2024 में खेलते हुए मंगलवार को इतिहास रच दिया। उन्होंने पहली बार इस टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। 2022 में पावो नूरमी गेम्स में नीरज 89 मीटर भाला फेंकते हुए दूसरे स्थान पर रहे थे। इस बार उन्होंने 85.97 मीटर दूर भाला फेंका। उनके इस रिकॉर्ड को प्रतिस्पर्धा में मौजूद अन्य कोई एथलीट नहीं तोड़ पाया। इस तरह उन्होंने फिनलैंड में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के दौरान नंबर-1 पर रहते हुए गोल्ड पर कब्जा किया। नीरज चोपड़ा चोट के चलते साल 2023 में इसी टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाए थे। नीरज चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक के दौरान गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। 26 जुलाई से पेरिस ओलंपिक की शुरुआत होने जा रही है। ऐसे में नीरज का पावो नूरमी गेम्स 2024 में गोल्ड जीतना भारतीय फैंस के लिए अच्छी खबर है। आज के मैच की बात की जाए तो नीरज के बाद फिनलैंड के टोनी केरामेन ने 84.19 मीटर का थ्रो फेंका और वो दूसरे स्थान पर रहते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम करने में सफल रहे। वहीं, ओलिवियर हेलांडर ने 83.96 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ थ्रो के सात ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा किया।

वहीं नीरज चोपड़ा की शुरुआत में मैच के दौरान कुछ पिछड़ते हुए नजर आए, दूसरे प्रयास तक वो पीछे ही थे लेकिन तीसरे प्रयास में उन्होंने खुद को मजबूत किया और शानदार वापसी की। इस बार उन्होंने 85.97 मीटर दूर भाला फेंका। जिसे अन्य प्रयासों के दौरान भी कोई बीट नहीं कर पाया।

चेक गणराज्य को हराकर पुर्तगाल ने जीत के साथ आगाज किया

स्टॉपेज टाइम में सब्स्टीट्यूट फ्रांसिस्को कोंसिकाओ के गोल की मदद से पुर्तगाल ने यूरोपीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के मैच में चेक गणराज्य को 2 . 1 से हराकर जीत के साथ आगाज किया। मैदान पर 90वें मिनट में उतरे कोंसिकाओ ने 92वें मिनट में गोल दागा। चेक गणराज्य के लिये लुकास प्रोवोड ने 62वें मिनट में गोल दागा। इसके आठ मिनट बाद पुर्तगाल के लियेरानाक ने रिबाउंड पर बराबरी का गोल किया। इससे करीब 24 साल पहले कोंसिकाओ के पिता सर्जियो ने हैट्रिक लगाकर गत चैम्पियन जर्मनी को यूरो 2000 से बाहर किया था। छह यूरो चैम्पियनशिप खेलने वाले पहले खिलाड़ी बने सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो कोई गोल नहीं कर सके। वह पुर्तगाल के लिये टूर्नामेंट के इतिहास में 14 गोल कर चुके हैं। ग्रुप एफ के अन्य मैच में तुर्की ने जॉर्जिया को 3 . 1 से हराया।

फुटबॉल जगत को स्टार खिलाड़ी एमबाप की नाक की चोट पर अपडेट का इंतजार

फुटबॉल जगत को किलियन एमबापे की नाक की चोट पर अपडेट का इंतजार है और प्रशंसक जानना चाहते हैं कि फ्रांस का यह सुपरस्टार यूरोपीय चैम्पियनशिप से कितने समय तक बाहर रहेगा। एमबापे के दो साथी खिलाड़ियों ने उनकी चोट पर सकारात्मक जानकारी दी है। मिडफील्डर एड्रियन रबियोट ने बुधवार को यहां प्रेस कांफ्रेंस में एक अनुवादक के जरिये कहा, ''नाक में फ्रेक्चर दुनिया का अंत नहीं है। किलियन को जल्द ही हमारे साथ होना चाहिए। विलियम सलीबा ने कहा कि उन्होंने एमबापे से बात की जो थोड़ा बेहतर महसूस कर रहे हैं। फ्रांस के ग्रुप डी मुकाबले में आस्ट्रिया पर मिली 1-0 की जीत के दौरान एमबापे प्रतिद्वंदी टीम के डिफेंडर केविन डान्सो से टकरा गये थे और उनकी नाक में फ्रेक्चर हो गया था। उनकी नाक सूज गयी थी और खून बह रहा था जिससे उनकी सफेद जर्सी लाल हो गयी थी। उनकी नाक की और अन्य जांच हो रही है। फ्रांस की टीम ने कहा कि अगर एमबापे टूर्नामेंट में खेलते हैं तो उन्हें मास्क पहनकर खेलना होगा। फ्रांस का अगला मैच शुक्रवार को नीदरलैंड से है और टीम ने अभी तक आधिकारिक रूप से एमबापे की उपलब्धता की पुष्टि नहीं की है। सलीबा ने कहा, ''मैंने उसे सुबह देखा, वह थोड़ा बेहतर थे। मुझे लगता है कि वह और जांच कराने जायेंगे। मैं इससे ज्यादा नहीं जानता। उन्होंने कहा, ''लेकिन जब मैंने उन्हें देखा तो वह थोड़े बेहतर दिख रहे थे। उम्मीद है कि एमबापे यूरो 2024 के आगे के हिस्से में खेलेंगे क्योंकि आस्ट्रिया पर जीत से फ्रांस के 29 जून से शुरू होने वाले नॉकआउट चरण में पहुंचने की संभावना है। फ्रांस 30 जून से पहले राउंड 16 के मैच नहीं खेलेगह। रैबियोट ने कहा कि वह नहीं जानते कि एमबापे कब तक बाहर रहेंगे और कहा, किलियन के बिना खेलना मुश्किल होगा। वह बहुत महत्वपूर्ण खिलाड़ी है और हमारा कप्तान भी है। इसलिये इसका असर पड़ेगा। प्रतिद्वंद्वी के लिए भी अपने मैच की तैयारी करना अलग होगा। मैं चाहता हूं कि वह खेलें। एमबापे के विकल्प के तौर पर फ्रांस के पास ओलिवर गिरोड और रंडाल कोलो मुआनी हैं।

सोनाक्षी सिन्हा की शादी पर शत्रुघ्न सिन्हा ने तोड़ी चुप्पी, सभी अफवाहों को किया खामोश, कहा मेरी एक ही बेटी है, मैं उसके साथ हूं

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा 23 जून को अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल से शादी करने जा रही हैं। उनके पिता शत्रुघ्न सिन्हा ने अब शादी में परिवार के शामिल होने की अफवाहों पर प्रतिक्रिया दी है। कई रिपोर्टों में कहा गया था कि सोनाक्षी का परिवार, खासकर उनके पिता, उनकी शादी में शामिल नहीं होने वाले थे। हालांकि, अभिनेता-राजनेता ने अफवाहों पर सफाई दी है।

ज़ूम के साथ अपने हालिया साक्षात्कार में, उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी बेटी पर गर्व है और शादी में उसे आशीर्वाद देने के लिए वहां मौजूद रहेंगे। दिग्गज अभिनेता ने खुद को उनकी सबसे मजबूत ताकत बताया। सिन्हा ने कहा कि परिवार में किसी भी तनाव के बारे में अफवाह फैलाने वालों को अपने काम से मतलब रखना चाहिए। उन्होंने कहा, बताइए, यह किसकी ज़िंदगी है? यह सिर्फ़ मेरी इकलौती बेटी सोनाक्षी की ज़िंदगी है, जिस पर मुझे बहुत गर्व है और जिसे मैं बेहद प्यार करता हूँ। वह मुझे अपनी ताकत का स्तंभ कहती है। मैं शादी में ज़रूर मौजूद रहूँगा। मुझे क्यों नहीं होना चाहिए और क्यों नहीं रहूँगा?

लोकप्रिय अभिनेता ने अपनी बेटी की पसंद की तारीफ़ की और कहा कि वे एक अच्छी जोड़ी हैं। उन्होंने आगे कहा, यह तथ्य कि मैं अभी भी मुंबई में हूँ, यह बताता है कि मैं न केवल उसकी ताकत के स्तंभ के रूप में बल्कि उसके असली कवच के रूप में भी यहाँ हूँ। सोनाक्षी और ज़हीर को एक साथ ज़िंदगी जीनी है। वे एक साथ बहुत अच्छे लगते हैं। सिन्हा ने अपनी खुशी व्यक्त करने के लिए अपने ख़ास संवाद का इस्तेमाल किया। उन्होंने अंत में कहा, मैं उन्हें अपने ख़ास संवाद से सावधान करना चाहूँगा- खामोश, यहा तुम्हारा कोई काम नहीं है। सिर्फ़ अपने काम से मतलब रखो। सोनाक्षी और ज़हीर के 23 जून को विशेष विवाह अधिनियम के तहत कोर्ट मैरिज करने की उम्मीद है। इससे पहले, जोड़े के वॉयस नोट्स वाला एक शादी का निमंत्रण सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिससे पार्टी के बारे में कई अटकलें लगाई जा रही थीं। यह पहली बार है जब सोनाक्षी के परिवार के किसी सदस्य ने मीडिया में उनकी शादी के बारे में सकारात्मक बयान दिया है।

दीपिका पादुकोण ने शानदार ब्लैक ड्रेस में बेबी बंप किया फ्लॉन्ट, कहा कैप्शन में लिखा मुझे भूख लगी है!

जल्द ही मां बनने वाली और बॉलीवुड की ए-लिस्टर दीपिका पादुकोण ने आखिरकार बुधवार को प्रशंसकों को अपने बेबी बंप की साफ झलक दिखाई। पति रणवीर सिंह के साथ अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वह काले रंग की ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। यह पोस्ट पादुकोण की आगामी साइंस-फिक्शन फिल्म कल्कि 2898 एडी के प्री-रिलीज़ इवेंट से पहले आई है। पादुकोण की मोनोक्रोम तस्वीरों में वह पीछे की तरफ स्टाइलिश स्लिट वाली फिटेड ब्लैक ड्रेस में दिख रही हैं। उन्होंने हाई हील्स और बोल्ड ज्वैलरी पहनी है, जो उनकी ट्रेडमार्क स्माइल और चंचल अंदाज को दर्शाती है। एक तस्वीर में वह खुशी से अपने बेबी बंप को थामे हुए हैं और खिलखिलाकर हंस रही हैं। अभिनेत्री ने अपने पोस्ट के साथ एक मजेदार कैप्शन भी लिखा, जिसमें लिखा था, ठीक है बहुत हुआ...अब मुझे भूख लगी है! अभिनेत्री द्वारा फोटो पोस्ट करने से पहले, एक वीडियो ऑनलाइन सामने आया, जिसमें वह इवेंट स्थल पर पहुंचती दिखाई दे रही हैं। वीडियो में दीपिका रिलैक्स्ड मैचिंग आउटफिट पहने नजर आ रही हैं। मार्च में दीपिका और उनके पति रणवीर सिंह ने अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन के लिए जामनगर जाने से ठीक पहले इंस्टाग्राम पर अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी।

वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका पादुकोण जल्द ही रोहित शेट्टी की सिंघम अगेन में रणवीर सिंह के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी, जो अभी प्रोडक्शन में है। इसके अलावा वह प्रभास और अमिताभ बच्चन के साथ कल्कि 2898 ई.डी. में दिखाई देंगी। कल्कि 2898 ई.डी. के निर्माताओं ने सोमवार को फिल्म से भैरव एंथम का अनावरण किया। एनर्जेटिक ट्रैक में तेलुगु सुपरस्टार और कल्कि 2898 ई.डी. के मुख्य अभिनेता प्रभास लोकप्रिय पंजाबी अभिनेता-गायक दिलजीत दोसांझ के साथ डांस करते नजर आ रहे हैं। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित यह पोस्ट-एपोकैलिप्स फिल्म हिंदू धर्मग्रंथों से प्रेरित है और वर्ष 2898 ई.डी. में सेट है। अमिताभ बच्चन, कमल हासन और दिशा पटानी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं, जो 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

मुझे पढ़ने का शौक नहीं था लेकिन राहा किताबें साथ लेकर सोती है : आलिया भट्ट

अभिनेत्री आलिया भट्ट का कहना है कि वह अपनी बेटी राहा को रोजाना तीन तो कभी चार किताबें पढ़कर सुनाती हैं। आलिया ने कहा कि उनका बचपन इससे बहुत अलग था जब उनके माता-पिता और बहन उनपर किताबें थोप दिया करते थे लेकिन इसका कुछ फायदा हुआ नहीं। आलिया अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहती है कि वह बहुत ज्यादा पढ़ाकू नहीं थी और अपना अधिकतर समय खिड़की से बाहर देखने और चीजों के बारे में सोचते-सोचते ही बिताया करती थीं। आलिया ने चित्र पुस्तक द एडवेंचर्स ऑफ एड-ए-मम्मा एड फाइंड्स ए होम के साथ एक लेखक के रूप में अपने करियर की शुरूआत की है। यह पुस्तक उनकी 19 महीने की बेटी को समर्पित है। आलिया ने कहा मैं राहा को हर दिन, हर दोपहर, हर रात एक किताब पढ़कर सुनाती हूं। हम एक-दो नहीं बल्कि तीन किताबें पढ़ते हैं। उसे अपनी किताबें बहुत पसंद हैं वह अपने साथ अपनी किताबें लेकर सोती, वह अपनी किताबों से बहुत प्यार करती है। आलिया मानती हैं कि यह उनके बचपन से बिल्कुल अलग है। अभिनेत्री ने कहा कि उनकी मां सोनी राजदान और बहन शाहीन भट्ट ने उन्हें किताबों की दुनिया से परिचित कराने की बहुत कोशिश की थी। उन्होंने कहा मैं बचपन में पढ़ाकू नहीं थी। असल में मेरी बहन बहुत पढ़ाकू थी और मुझे याद है कि मेरी मां और बहन दिन भर मेरे सामने किताबें रखकर कहतीं थी कि आलिया, पढ़ो-पढ़ो। हाईवे उड़ता पंजाब समेत कई अन्य फिल्मों में अपने दमदार अभिनय का लोहा मनवा चुकीं 31 वर्षीय आलिया ने बताया कि 2020 में उनके वस्त्र ब्रांड एड-ए- मम्मा की शुरुआत से पहले ही उनके मन में चित्र पुस्तक लिखने का विचार आ चुका था।

अब बॉलीवुड में दिखने लगा है गोरखपुर का जलवा

सबसे कम उम्र के निर्देशक, एडिटर और सिनेमाटोग्राफर हैं प्रकर्ष

सुधेश मोहन

बॉलीवुड में गोरखपुर का जलवा दिखने लगा है। अभी तक म्यूजिक विडिओ में धूम मचा रहे सबसे कम उम्र के निर्देशक, सिनेमाटोग्राफर और एडिटर शॉट बाई इन्फ्लिक्ट यानी प्रकर्ष तिवारी ने ब्लैक होल मीडिया के बैनर से बॉलीवुड में एंट्री ले ली है। वह एशियन अकादमी ऑफ़ फिल्म एंड टेलीविजन, नोएडा में सिनेमा विज्ञान में स्नातक हैं।

पिछले दिनों गोरखपुर आगमन पर उन्होंने पारिवारिक पृष्ठिभूमि से बिल्कुल अलग इस क्षेत्र में जगह बनाने सहित कई उतार चढ़ाव और संघर्ष पर खुल कर बात की।

आपने फिल्म और म्यूजिक वीडियो को ही करियर चुनने पर कहते हैं कि दर असल यह ख्याल तभी मेरे मन में आ चुका था जब मैं प्राइमरी सेक्शन में पढ़ता था। जब छठी सातवीं कक्षा में आया तब तक घर में कंप्यूटर आ चुका था। मैंने उसी पर हाथ आजमाना शुरू किया। आठवीं में था जब गूगल ने मुझे सबसे कम उम्र के ऑनलाइन एडिटर घोषित कर दिया। इसके बाद इस दिशा में काम करने का मन बन गया।

सनस्क्रीन और आफस्क्रीन की विधाओं पर वे कहते हैं कि देखिये, ऑनस्क्रीन काम करने के लिए अलग किस्म की मानसिकता होती है। मेरा लक्ष्य ऑनस्क्रीन प्रस्तुत होने वाले तत्वों को और अधिक बारीकी से प्रस्तुत करने का रहा है। ऑफस्क्रीन जितने भी काम होते हैं उनमे मुझे मजा आता है क्योंकि वहीं से ऑनस्क्रीन को पैदा करने की क्षमता आती है। इसकी एक और भी साफ़ वजह है। हमारे पास समय बहुत कम है। इस समय मैं 25 साल का हूँ। अभी से काम पर केंद्रित नहीं होऊंगा तो आगे कुछ भी करने में बहुत दिक्कत आएगी। यहाँ प्रतिस्पर्धा बहुत है। हम जिस परिवार से आते हैं वहां से इस फील्ड में कोई सम्बल नहीं मिल सकेगा यह मुझे मालूम है। ऐसे में मुझे अभी से लगना ही है।

अभी तक की उपलब्धियों पर बताते हैं कि अभी ही बादशाह एम सी जैसे बड़े कलाकारों के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट पूरे किए हैं। लाडो जैसे गाने की धूम से सभी परिचित हैं। यह गाना इस साल शादी की पार्टियों में हर जगह बहुत बजा है। इसे करोड़ों व्यूज मिले हैं। ऐसे 50 से अधिक गाने इस समय एफएम और बैंड में धूम मचा रहे हैं। वे कहते हैं इससे पहले मैंनें हन्नी सिंह के क्रू रू के साथ काम किया है। प्रख्यात रैपर लिलगोलू को शूट भी किया है, डायरेक्ट भी किया है और एडिट भी किया है। यह म्यूजिक वीडिओ की दुनिया में बहुत बड़ा प्रोजेक्ट है। इसमें पहली बार मुझे एक सौ से अधिक लोगों के यूनिट को डायरेक्ट करने का अवसर मिला। पूरी शूटिंग गुरुग्राम में हुई। इसके अलावा रैपर कृष्णा के लिए व्यंजन किया है। इसके दो लाख से अधिक व्यूअर हैं। बॉटम्स अप लक्ष्य किया है। सुणो योंगुस्टा राग किया है जिसके तीन लाख व्यूअर हो चुके हैं। वर्ष 2017 अवार्ड नॉमिनेटेड बेस्ट म्यूजिक विडिओ हिडिम्बा - मिरासी किया है जिसकी इस समय धूम मची है।

लिलगोलू के साथ ही गड्डी, लव, शैव्य, बाज़ी, युंगस्टा, डीएसबी 100 आदि बड़े प्रोजेक्ट्स पूरे हो चुके है ।

अपने लक्ष्य के बाबत बहुत स्पष्ट कहा कि उन्हें बॉलिवुड में एक निर्देशक और सिनेमाटोग्राफर के रूप में काम करना है। हमारे सामने बॉलीवुड में कई युवा निर्देशक हैं जिन्होंने प्रभावित भी किया है और उनके साथ काम करने का प्रस्ताव भी है। यहाँ अभी किसी नाम का जिक्र करना उचित नहीं है। लेकिन आप बहुत जल्दी मुझे वही देखेंगे एक बहुत उम्दा प्रोडक्शन के साथ।

मुंबई में मुकाम हासिल कर चुके गोरखपुर के कई शख्सियतों के बाबत उन्होंने बताया कि मैं उन सभी को जनता हूँ। अनुराग कश्यप जी जाने माने फिल्मकार हैं। माइक पांडेय जी जानेमाने फोटोग्राफर हैं। रवि किशन जी तो हमारे सांसद ही हैं। गोरखपुर के और भी कई लोग हैं जो बॉलीवुड में बहुत अच्छा कर रहे हैं। अनुभव सिन्हा जी की यात्रा भी मेरी तरह ही म्यूजिक वीडियो से हुई और आज वह बॉलीवुड के बहुत बड़ी हस्ती हैं।

इस फील्ड में आने पर परिवार के सपोर्ट पर वे कहते हैं कि मेरी माँ डॉ. अर्चना तिवारी एक शिक्षक है। पिताजी संजय तिवारी लेखक और पत्रकार हैं। मेरी माँ ने हमेशा ही मुझे प्रोत्साहित किया और आज भी करती हैं। पिता जी को उतना समय नहीं मिलता लेकिन माँ से मैं अपनी हर बात शेयर करता हूं और उनसे सटीक सलाह मिलती है। बड़े भाई उत्कर्ष तिवारी कानपुर आईआईटी में हैं। उससे भी हमेशा प्रोत्साहन मिला है। वह स्वयं भी बहुत शानदार गिटार वादक और गायक भी हैं।

कहा कि मैं अकेला नहीं हूं, यहां के कलाकार अब बड़े स्तर पर अपने को स्थापित कर रहे हैं। गोरखपुर, देवरिया, वाराणसी, लखनऊ जैसी जगहों के अनेक लोग हैं जिनके लोकप्रिय अल्बम आ चुके हैं। बॉलीवुड में उनके गानों की डिमांड भी बढ़ी है।

ग्वालियर में तीन मंजिला मकान में आग लगी, पिता और दो बेटियां जिंदा जले

ग्वालियर(हि.स)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर शहर के बहोड़पुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कैलाशनगर में बुधवार रात एक तीन मंजिला मकान में आग लग गई। इस हादसे में मकान में रहने वाले एक व्यक्ति और उनकी दो बेटियों की जिंदा जलने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और फायर ब्रिगेड के अधिकारी पहुंचे। एसडीआरएफ और एयरफोर्स को भी मदद के लिए मौके पर बुलाया गया। इसके बाद मौके पर एक के बाद एक फायर ब्रिगेड की 13 गाड़ियां पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना रात दो से तीन बजे के बीच हुई। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। बताया गया है कि बहोड़ापुर थाना इलाके के कैलाशनगर में विजय उर्फ बंटी अग्रवाल का तीन मंजिला मकान है, जिसमें इमारत में ग्राउंड फ्लोर पर ड्राय फ्रूट्स की दुकान, दूसरी मंजिल पर गोदाम है और तीसरी मंजिल पर वह परिवार के साथ रहते थे। विजय की पत्नी राधिका, बेटे अंश के साथ ससुराल मुरैना गई हुई थीं। घर पर विजय,

मौत

इस हादसे में मकान में रहने वाले एक व्यक्ति और उनकी दो बेटियों की जिंदा जलने से मौत हो गई।

उनकी दो बेटियां आएशा उर्फ मिनी (15) और यशिका उर्फ यीशू (14) ही थे। बुधवार की रात तीनों खाना खाकर सो गए। देर रात अचानक मकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और तेज लपटें उठने लगीं। मकान से बाहर निकलने का एकमात्र रास्ता नीचे से है। यहां आग फैली हुई थी। दूसरा रास्ता मकान के पिछले हिस्से से है, लेकिन वहां उन्होंने अलमारी रखी हुई थी, जिसकी वजह पिता और दोनों बेटियां आग में घिर गए और बाहर नहीं निकल सके। मकान से तेज लपटें उठती देख पड़ोस के लोगों ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और रेस्क्यू शुरू किया, लेकिन स्थिति काबू में नहीं आई, क्योंकि आग बहुत ज्यादा फैल चुकी थी। इसके बाद एसडीआरएफ और एयरफोर्स को भी मदद के लिए मौके पर बुलाया गया। एसडीआरएफ की 13 सदस्यीय टीम ने दूसरी मंजिल की दीवार को मशीन से तोड़ा। यहां से विजय को निकाला गया। तीसरी मंजिल के दरवाजे को तोड़कर अलमारी को हटाया। यहां से दोनों बेटियों को निकाला गया। तीनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। एएसपी अखिलेश रैनवाल ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है। मकान में फंसे तीन लोगों को निकालकर अस्पताल भेजा गया, लेकिन उनकी मौत हो चुकी थी। वहीं, प्रत्यक्षदर्शी पड़ोस में रहने वाले शैलू चौहान ने बताया कि आग बहुत भीषण थी। बेटियां और विजय अंदर से बाहर ही नहीं आ सके। एसडीआरएफ के प्लाटून कमांडर प्रभारी गोविंद शर्मा ने बताया कि हमें रात तीन बजे आग की सूचना मिली। हम लोग यहां मौके पर आए और दीवार तोड़कर विजय को बाहर निकाला। तीसरी मंजिल पर दरवाजा था, लेकिन अलमारी लगी होने से उसे भी तोड़ा गया। तीसरी मंजिल से दोनों बच्चियों को बाहर निकाला। गुरुवार तड़के 4.30 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया था।

समाज की प्रगति को दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशीलता से मापा जा सकता है : राष्ट्रपति

नई दिल्ली।(हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि किसी देश या समाज की प्रगति को उस देश या समाज के लोगों द्वारा दिव्यांगजनों के प्रति दिखाई गई संवेदनशीलता से मापा जा सकता है। राष्ट्रपति ने आज नई दिल्ली में शारीरिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय संस्थान का दौरा किया, जहां उन्होंने दिव्यांग बच्चों और छात्रों के साथ समय बिताया और उनके द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम को देखा। उन्होंने पुनर्निर्मित प्रोस्थेसिस और ऑर्थोसिस सेंटर का भी दौरा किया और रोगियों से बातचीत की। सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि संवेदनशीलता और समावेशिता हमारी संस्कृति और सभ्यता का अभिन्न अंग रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब हमारे प्रयास दिव्यांगजनों की जरूरतों के प्रति समावेशी और संवेदनशील हों तो कोई भी शारीरिक स्थिति सामान्य जीवन जीने में बाधा नहीं बन सकती। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि दिव्यांगजन अपने कौशल और प्रतिभा से हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। उन्होंने दीपा मलिक,

अरुणिमा सिन्हा और अवनी लेखरा जैसे खिलाड़ियों और के.एस. राजन्ना जैसे सामाजिक कार्यकर्ताओं का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसे सभी लोग इस बात के उदाहरण हैं कि समर्पण और दृढ़ संकल्प के साथ, कोई भी व्यक्ति हर तरह की शारीरिक सीमाओं को पार कर सकता है। राष्ट्रपति को यह जानकर खुशी हुई कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक दिव्यांग व्यक्ति संस्थान पिछले कई दशकों से विकलांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए काम कर रहा है। उन्होंने दिव्यांगजनों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में काम करने के लिए संस्थान से जुड़े सभी लोगों की सराहना की।

सोपोर मुठभेड़ में दो विदेशी आतंकवादियों को मार गिराना सुरक्षा बलों के लिए बड़ी सफलताः सेना

श्रीनगर(हि.स.)। सेना ने गुरुवार को कहा कि उत्तरी कश्मीर के सोपोर में राफियाबाद मुठभेड़ में दो विदेशी

आतंकवादियों को मार गिराना सुरक्षा बलों के लिए बड़ी सफलता है। कुपवाड़ा जिले के पोहरूपेट में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सेना की 7 सेक्टर राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) के कमांडर दीपक मोहन ने कहा कि पिछले कुछ दिनों से सोपोर के राफियाबाद में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में लगातार इनपुट मिल रहे थे। 19 जून को जम्मू-कश्मीर पुलिस को हादीपोरा, राफियाबाद के एक घर में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में एक विशेष सूचना मिली थी, जिसके बाद सेना, पुलिस और सीआरपीएफ ने एक संयुक्त अभियान शुरू किया। घर पर छापा मारने के बाद मुठभेड़ में दो आतंकवादियों को मार गिराया गया। सेना के अधिकारी के साथ उत्तरी कश्मीर के पुलिस उप महानिरीक्षक विवेक गुप्ता और पुलिस और सेना के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

मारे गए दोनों आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा संगठन से जुड़े थे और उनकी पहचान उस्मान और उमर के रूप में हुई है। सेना अधिकारी ने बताया कि उस्मान 2020 से कश्मीर में सक्रिय था।

उन्होंने कहा कि मुठभेड़ स्थल से बड़ी मात्रा में हथियारह्यह्य और गोला-बारूद बरामद किया गया है। दो आतंकवादियों का मारा जाना सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी सफलता है। पिछले कुछ महीनों से हमने उच्च परिचालन गति बनाए रखी है, जो आतंकवादियों के खात्मे के रूप में अच्छे परिणाम दे रही है। उन्होंने कहा कि इस सफलता का श्रेय कश्मीरी लोगों से मिले सहयोग को भी जाता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि सुरक्षा बल कश्मीर में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

यूजीसी-नेट परीक्षा मामले की सीबीआई करेगी जांच, नई तारीख जल्द होगी घोषित : शिक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली। शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसी-नेट परीक्षा को रद्द करने के एक दिन बाद गुरुवार को कहा कि मामले को जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि दोबारा परीक्षा की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी।

शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल ने शास्त्री भवन में संवाददाताओं को बताया कि एनटीए द्वारा 18 जून को आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा में 9 लाख छात्रों ने भाग लिया था। मंत्रालय ने देखा कि परीक्षा में गड़बड़ी की संभावना है। मंत्रालय ने उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए परीक्षा को रद्द कर दिया था।

उन्होंने कहा कि छात्र हित को सर्वोपरि मानते हुए मंत्रालय ने परीक्षा रद्द करने का फैसला किया है। इसकी अगली तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। जांच के लिए यह मामला सीबीआई को सौंप

दिया गया है। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने 18 जून को देश के विभिन्न शहरों में दो शिफ्ट में ओएमआर (पेन और पेपर) माध्यम से यूजीसी-नेट जून 2024 की परीक्षा आयोजित की थी। 19 जून को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को गृह मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) की राष्ट्रीय साइबर अपराध खतरा विश्लेषण इकाई से इस परीक्षा को लेकर कुछ जानकारियां मिलीं हैं। इन जानकारियों से प्रथम दृष्टया संकेत मिलता है कि उक्त परीक्षा की सत्यता से संभवतः समझौता हुआ है।

इस परीक्षा प्रक्रिया की उच्चतम स्तर की पारदर्शिता और पवित्रता सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने निर्णय लिया है कि यूजीसी-नेट जून 2024 परीक्षा रद्द की जाए। एक नई परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके लिए जानकारी अलग से साझा की जाएगी। साथ ही इस मामले की गहन जांच के लिए मामले को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सी.बी.आई.) को सौंपा जा रहा है।मंत्रालय के अनुसार, जहां तक नीट (यूजी) परीक्षा-2024 से संबंधित मामला है तो उसमें ग्रेस मार्क से जुड़े मुद्दे को पहले ही पूरी तरह सुलझा लिया गया है। पटना में परीक्षा के संचालन में जो कथित अनियमितताएं हुई हैं उनके संबंध में बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई से विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। रिपोर्ट मिलने पर सरकार आगे की कार्रवाई करेगी।

मंत्रालय का कहना है कि सरकार परीक्षाओं की पवित्रता सुनिश्चित करने और छात्रों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पुनः दोहराया जाता है कि इस मामले में लिप्त पाए गए हर व्यक्ति व संगठन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पूर्व सैनिकों के लिए 21 जून को हिंडन वायु सेना स्टेशन पर लगेगा रोजगार मेला

नई दिल्ली(हि.स.)। उत्तर प्रदेश के हिंडन (गाजियाबाद) स्थित वायु सेना स्टेशन के ऑडिटोरियम में 21 जून को पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार मेला लगाया जाएगा। रक्षा मंत्रालय के पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर) की ओर से आयोजित इस मेले का उद्देश्य पूर्व सैनिकों को रोजगार का दूसरा अवसर दिलाना है। देशभर से तीनों सेनाओं के पूर्व सैनिक इस रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। मेले में लगभग 40 कॉरपोरेट कंपनियों के भाग लेने की उम्मीद है, जो पूर्व सैनिकों को फील्ड जॉब, प्रशासनिक कार्य, डेस्क जॉब, संस्थागत सुरक्षा और संबंधित कार्यों जैसी विभिन्न नौकरियों की पेशकश करेंगे। पुनर्वास महानिदेशालय की ओर से बताया गया है कि रोजगार मेला स्थल पर सुबह 07 से 10 बजे तक पंजीकरण होगा।

प्रधानमंत्री प्रचंड ने सदन के अन्दर गठबंधन के ही नेताओं और मंत्रियों से जताई असंतुष्टि

काठमांडू (हि.स.)। नेपाल के सत्तारूढ़ दल गठबंधन में पिछले कुछ दिनों से लगातार अविश्वास बढ़ता जा रहा है। इसका नमूना गुरुवार को उस समय भी दिखाई दिया, जब प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचंड' सदन को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री 'प्रचंड' ने अपने संबोधन में गठबंधन दल के नेताओं और मंत्रियों के खिलाफ सार्वजनिक रूप से असंतुष्टि जाहिर की। संसद में अपने संबोधन के दौरान प्रधानमंत्री प्रचंड ने बजट को लेकर विपक्षी दलों की नाराजगी और विरोध को जायज बताया है। प्रधानमंत्री के आज के बयान के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन में स्पष्ट रूप से दरार होने की बात पुष्टि हो गई है। प्रधानमंत्री ने अपने ही गठबंधन के नेताओं, सांसदों और मंत्रियों के सदन से अनुपस्थित रहने को लेकर भी अपनी नाराजगी जाहिर की है।

ताइवान को 36 करोड़ डॉलर के हथियार देगा अमेरिका

मंजूरी

ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने बुधवार को ताइपे में ताइवान को नवीनतम हथियार बिक्री को मंजूरी देने के लिए अमेरिका को धन्यवाद दिया।

वॉशिंगटन(हि.स.)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन ने मंगलवार को ताइवान को 36 करोड़ डॉलर के नए हथियारों की बिक्री को मंजूरी दी है। इसमें 291अल्टियस-600एम सिस्टम शामिल है। इस प्रणाली में युद्धक हथियारों के साथ लैस मानवरहित विमान या ड्रोन शामिल हैं। अमेरिका के इस दावे से चीन की टेंशन बढ़ गई है।

इसके अलावा ताइवान को अधिक रेंज वाले 720 स्विचब्लेड ड्रोन और मिसाइल भी दिए जाएंगे। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि यह ताइवान की सुरक्षा में सुधार करने में मदद करेगा और क्षेत्र में राजनीतिक स्थिरता, सैन्य संतुलन और आर्थिक प्रगति बनाए रखने में सहायता करेगा।

ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने बुधवार को ताइपे में ताइवान को नवीनतम हथियार बिक्री को मंजूरी देने के लिए अमेरिका को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की मंजूरी ताइवान स्ट्रेट में शांति और स्थिरता बनाए रखने में मदद करती हैं।

उन्होंने कहा कि भविष्य में भी हम ताइवान की राष्ट्रीय रक्षा ताकत को मजबूत करना जारी रखेंगे। चाहे इसके लिए सैन्य खरीद का सहारा लेना पड़े। वहीं, अमेरिकी विदेश मंत्रालय के बयान में दावा किया गया कि नवीनतम हथियार हस्तांतरण से क्षेत्र में सैन्य संतुलन प्रभावित नहीं होगा।

फिलीपीन ने चीन से हथियार लौटाने, नौकाओं के नुकसान की भरपाई को कहा

मनीला(हि.स.)। फिलीपीन और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर संघर्ष व विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामले में फिलीपीन के सैन्य प्रमुख ने बुधवार को चीन से विवादित तटवर्ती क्षेत्र में चीनी तटरक्षक द्वारा जब्त किए गए हथियार और उपकरण लौटाने तथा हमले में हुए नुकसान की भरपाई की मांग की है। उन्होंने इस हमले की तुलना दक्षिण चीन सागर में समुद्री लूट की घटना से की।

फिलीपीन के अधिकारियों के अनुसार, सोमवार को आठ से अधिक मोटरबोट पर सवार चीनी तटरक्षक कर्मियों ने फिलीपीन की नौसेना की दो नौकाओं को बार-बार टक्कर मारी और उन पर चढ़ गए। चीनी तटरक्षक कर्मियों ने फिलीपीन नौसेना कर्मियों को द्वितीय थॉमस शोल में क्षेत्रीय चौकी पर खाद्य और आग्नेयास्त्रों सहित

टकराव

फिलीपीन के सुरक्षा अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि टकराव के बाद, चीनी कर्मियों ने नौकाओं को जब्त कर लिया और उन्हें हथियारों से क्षतिग्रस्त कर दिया।

अन्य आपूर्ति स्थानांतरित करने से रोक दिया। इस चौकी पर भी चीन अपना दावा करता है। फिलीपीन के सुरक्षा अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि टकराव के बाद, चीनी कर्मियों ने नौकाओं को जब्त कर लिया और उन्हें हथियारों से क्षतिग्रस्त कर दिया। उन्होंने नौवहन उपकरणों, आठ एम4 राइफलेंह्यह्य

भी जब्त कर लीं और नौसेना के कई कर्मियों को घायल कर दिया। फिलीपीन सशस्त्र बलों के प्रमुख जनरल रोमियो ब्रॉनर जूनियर ने पश्चिमी पलावन प्रांत में संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हम मांग करते हैं कि चीन हमारी राइफलें और हमारे उपकरण लौटा दे। हम यह भी मांग करते हैं कि उन्होंने जो नुकसान पहुंचाया है उसकी भरपाई की जाए।'' चीन ने इस टकराव के लिए फिलीपीन को दोषी ठहराते हुए कहा कि फिलीपीन के कर्मियों ने उसकी चेतावनियों की अवहेलना करते हुए समुद्र में उसके जल क्षेत्र का 'अतिक्रमण' किया।

नेपाल-भारत की खुली सीमा पर कंटीले तार लगाने की मांग वाले बयान का विरोध शुरू

काठमांडू(हि.स.)। नेपाल की सत्तारूढ़ गठबंधन के सबसे बड़े घटक दल नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) के संसदीय दल के प्रमुख सचेतक महेश बतौला ने नेपाल-भारत की खुली सीमा बंद करने और कंटीले तार लगाने वाला आपत्तिजनक बयान दिया है। अब

इस बयान का चौतरफा विरोध हो रहा है। नेपाल-भारत महिला मैत्री संघ की अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री चंदा चौधरी ने बतौला के इस बयान को आपत्तिजनक बताते हुए इसकी घोर भर्त्सना की है। पूर्व मंत्री चौधरी ने कहा कि नेपाल और भारत के बीच रहे जन-जन के संबंध को खत्म करने के लिए नेपाल के कम्युनिस्ट नेता का यह बयान आम नेपाली जनता की भावनाओं के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि काठमांडू में रहकर चीन की शह पर राजनीति करने वाले और कार्ल मार्क्स, लेनिन और माओ को अपना आदर्श मानने वाले वामपंथी नेताओं के नेपाल और भारत के बीच रहे अभूतपूर्व संबंध पर प्रहार करना लाजिमी है।

नेपाल-भारत के बीच मैत्री को और मजबूत करने के लिए पिछले डेढ़ दशक से लगातार सक्रिय चन्दा चौधरी ने कहा कि उनकी पार्टी नेपाली कांग्रेस कभी भी इस बात को नहीं सोच सकती कि दोनों देशों के बीच दुश्मन की तरह दीवार खड़ी की जाए। चौधरी ने आरोप लगाया कि दोनों देशों के बीच के सीमाओं को तार से घेरने की बात करने वाले वहां की जमीनी हकीकत को नहीं समझते हैं। चन्दा चौधरी ने अपने बयान में कहा कि नेपाल और भारत के बीच पूरी दुनिया से अलग सम्बन्ध हैं, उसका एकमात्र आधार हमारी खुली सीमा है। उन्होंने कहा कि खुली सीमा के कारण हमारा जन-जन का संबंध है और खुली सीमा के कारण ही युगों-युगों से चलते आ रहे धार्मिक, पौराणिक, आध्यात्मिक, पारिवारिक, सामाजिक आर्थिक संबंध टिके हैं।

विदेशमंत्री जयशंकर दूसरे कार्यकाल में अपनी पहली यात्रा पर श्रीलंका पहुंचे

नई दिल्ली(हि.स.)। भारत के विदेशमंत्री एस. जयशंकर अपने लगातार दूसरे कार्यकाल की अपनी पहली विदेश यात्रा पर आज कुछ देर पहले श्रीलंका की राजधानी कोलंबो पहुंचे। उनका कोलंबो में जोरदार स्वागत किया गया। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह यात्रा भारत की %पड़ोसी पहले नीति% के तहत है और श्रीलंका को लगातार अपने निकटतम समुद्री पड़ोसी के रूप में देखती है। विदेशमंत्री जयशंकर ने कोलंबो पहुंचने के दो फोटो अपने एक्स हैंडल पर साझा किए हैं।

विदेश मंत्रालय ने कहा है कि एस. जयशंकर की यह यात्रा दोनों देशों के बीच कनेक्टिविटी परियोजनाओं और अन्य क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी होगी। उल्लेखनीय है कि जयशंकर पिछले सप्ताह इटली के अपुलिया क्षेत्र में आयोजित जी-7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे।

अमेरिका का हवाई हमला, सीरिया में आईएसआईएस का बड़ा रणनीतिकार मारा गया

ग्राम पंचायत कड़जहवा ग्रांट विकास खण्ड इटवा द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स एवं स्वच्छ भारत अभियान से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 02.07.2024 को 12:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कड़जहवा ग्रांट के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 02:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

नियम एवं शर्ते -

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत कड़जहवा ग्रांट के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कड़जहवा ग्रांट कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कड़जहवा ग्रांट के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

ग्राम प्रधान- सरातुल्लाह
ग्रा.पं.-कड़जहवा ग्रांट
वि.खं.- इटवा, सिद्धार्थनगर

सचिव- जावेद खां
ग्रा.पं. कड़जहवा ग्रांट
वि.खं. इटवा, सिद्धार्थनगर

कार्यालय ग्राम पंचायत- मेंहदानी
वि.खं. इटवा, जनपद-सिद्धार्थनगर

अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत मेंहदानी विकास खण्ड इटवा द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, भूसा चारा टाइल्स एवं स्वच्छ भारत अभियान से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 02.07.2024 को 09:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत मेंहदानी के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 10:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

नियम एवं शर्ते -

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत मेंहदानी के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत मेंहदानी कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत मेंहदानी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

ग्राम प्रधान- नजमा खातून
ग्रा.पं.-मेंहदानी
वि.खं.- इटवा, सिद्धार्थनगर

सचिव- जावेद खां
ग्रा.पं. मेंहदानी
वि.खं. इटवा, सिद्धार्थनगर

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैंकों की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न

बैठक में अनुपस्थित रहने पर डी.सी.एन.आर.एल.एम एवं सहायक मिशन प्रबन्धक (डूडा) एवं सी.सी.एल. में खराब प्रगति के कारण पॉचों डी.एम.एम. का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में बैंको की जिला स्तरीय सलाहकार समिति एवं आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न प्रकार की सरकारी ऋण योजनाओं, एनपीए की स्थितिए एनपीए में जारी आरसी वसूली, वार्षिक ऋण योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन शहरी, आजीविका मिशन,प्रधानमंत्री स्व निधि योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना,प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम,पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना, वित्तीय समावेशन प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना अटल पेंशन योजना, आधार सीडिंग, एफपीओ आदि विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की तथा जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन बैंकों का सीडी रेशियों कम है वे इसमे सुधार करें तथा सरकार समर्थित विभिन्न योजनाओं में बैंकों द्वारा प्राथमिकता से ऋण दिया जाय। पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, यू.पी. कोऑपरेटिव बैंक, पंजाब एण्ड सिंध बैंक के सीडी रेशियो में खराब प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी वक्त करते हुए इसमें अपेक्षित सुधार करने के निर्देश दिए । उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक को चेतावनी देते हुए कहा कि अपनी प्रगति में सुधार लाये, खराब प्रगति होने पर सभी सरकारी खाते दूसरे बैंकों में स्थानान्तरित कर दिये जायेगें,तथा इस संबंध में उच्च स्तर पर पत्र भी प्रेषित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किए। उन्होने कहा कि बैंकों को विभिन्न योजनाओं में ऋण आदि का जो लक्ष्य दिया गया है उसको समय से प्राप्त किया जाय। पशु पालकोंए दुग्ध उत्पादकों एवं मत्स्य पालकों को भी किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ दिया जाए इसमें जितने आवेदन पत्र लंबित हैं उनका संबंधित बैंक तत्काल निस्तारित कराएं । कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन शासन की महत्वाकांक्षी योजना है इसमें स्वयं सहायता समूह के जो आवेदन पत्र लंबित हैं उनका निस्तारण कराएं। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर को ऋण वितरण कराए।

उन्होंने कहा कि शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में जो भी आवेदन पत्र लंबित है उनका शीघ्रता से निस्तारण कराए। जनपद में भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मुहैया कराएं ताकि लोग रोजगार से जुड़कर अपनी आमदनी में बढ़ोतरी कर सकें। इस मौके पर जिलाधिकारी ने आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक कर जरूरी दिशा निर्देश दिए, तथा वार्षिक ऋण नीति 2024-25 जारी की गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ0 नागेन्द्र नाथ यादव, नाबार्ड एवं आरबीआई के अधिकारी, बैंकर्स तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

नवनिर्वाचित सांसद ने गैस पीड़ितो से की मुलाकात

हमीरपुर। नवनिर्वाचित सांसद अजेंद्र सिंह लोधी चुनाव जीतने के बाद क्षेत्र की जनता के बीच में नजर आनें लगे आज वह हमीरपुर के बेतवा घाट मे गैस से पीड़ित परिवारो से मुलाकात की तथा जिलाधिकारी को वहीं से फोन किया और उनसे यह आग्रह किया कि पीड़ित परिवार के मृतको और घायलों को उचित मुआवजा दिया जाए एवं प्रधानमंत्री आवास में इनका आवास निर्मित किया जाए सांसद ने जिला कारागार हमीरपुर का निरीक्षण भी किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक गयादीन अनुरागी, इदरीस खान जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी, हिमांशु सैनी जिला अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी, नीरज कश्यप, यूगंक मिश्रा पूर्व प्रत्याशीअध्यक्ष, हसन खान गोलू सभासद, लाला प्रधान, रिजवान खान अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष, सैयद उमर, संजय धुरिया सभासद, परवेज बूथ अध्यक्ष, जुनैद अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

नदी में नहाने गए तीन मासूमों की डूब कर मौत

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। बृहस्पतिवार का दिन जनपद के पौथिया गांव में मौत का दिन बन कर आया जहां के तीन बच्चे एक साथ नदी में डूब कर मौत की आगोश में सदैव के लिए सो गये बच्चों की मौत से गांव मे कोहराम मच गया। जब तीनों बच्चों को जिला अस्पताल लाया गया तो वहां डिकटरो द्वारा तीनों को मृत घोषित कर दिया गया तीनों बच्चों की एक साथ लाश देख कर वहां मौजूद हर शख्स की आंखों से आंसू नही रूक रहे थे हर तरफ रोकनें और सिसकियों की आवाजें आ रही थीं। दिनांक 20.06.2024 को तीनों बच्चों के परिवार अपने दिनचर्या के अनुसार उठे किसी क्या पता कि आज का दिन उन क्या कयामत बरपा करेगा ख सुबह लगभग 10 बजे ग्राम पौथिया थाना लालपुरा के हर्षित पुत्र कालका प्रसाद (उम्र करीब 13 वर्ष), गोलू उर्फ रोहित पुत्र आशाराम (उम्र करीब 9 वर्ष) व अभि पुत्र केश कुमार (उम्र करीब 8 वर्ष) बेतवा नदी में नहाते समय डूब गए। परिजनों के द्वारा बच्चों को जिला अस्पताल हमीरपुर में इलाज हेतु भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों के द्वारा उपरोक्त तीनों बच्चों को मृत्यु घोषित कर दिया गया। थाना ललपुरा पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा/ पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है।अन्य आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रचलित हैं।लोगो ने बताया कि जानवर चरानें गये चरवाहे की नजर नदी किनारे बच्चों के कपड़े और चप्पलो पर पड़ी सामान देखकर वह बच्चों को ढूंढने लगा तभी बेतवा नदी में ढूंढने पर तीनों बच्चों के शव उतराते मिले तीनों बच्चों को जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया जहां डॉक्टरों नें तीनों बच्चो को मृत किया घोषित तीन मासूम बच्चों की मौत के बाद पूरा गांव गहरे सदमे डूबा हुआ है।

एक किलो से अधिक गांजा बरामद

मौदहा हमीरपुर। कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को गांजा के साथ गिरफ्तार किया है पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। बीती रात कोतवाली पुलिस को गश्त के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक युवक पढोरी की ओर से गांजा लेकर आ रहा है जिसपर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए स्टेशन रोड अम्बेडकर तिराहे के निकट संदिग्ध अवस्था में मिले पढोरी निवासी विजय सिंह पुत्र शिरोमणि सिंह के पास जो झोला था उसकी तलाशी ली तो उसमें एक किलो सौ ग्राम गांजा बरामद किया।पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

बुन्देल खण्ड विकास निधि (जिलांश) योजना के अन्तर्गत सी सी मार्ग दो माह में ध्वस्त

अवधनामा संवाददाता

सुमेरपुर। नगर पंचायत सुमेरपुर मे विधायक निधि द्वारा देव गांव रोड वार्ड न 16 विवेका नंद नगर मे राधे-राधे गेस्ट हाउस से लेकर बाबू लाल विश्वकर्मा के मकान तक बुन्देल खण्ड विकास निधि जिलांश योजना के तहद नाली व सी सी का घाटिया निर्माण कार्य कराया गया है जो पीछले दो माह पहले कार्यदायी संस्था यू पी पी सी एल कानपुर द्वारा बनायी गयी है इस सड़क के बनते ही जगह जगह से टूट गयी है क्यो कि इस सड़क मे ठेकेदार ने बेहद घाटिया किस्म का मटेरियल प्रयोग किया है जिसमे तीन नम्बर का ईटा प्रयोग किया गया मानक के आनुसार मटेरियल न डाल कर भारी कमीशन खोरी के चलते इस सड़क को बनाया गया है जो दो माह मे ही ध्वस्त हो गयी है सड़क कई जगह से टूट गयी है और कई जगह तो नालिया ध्वस्त हो गयी है ठेकेदार ने निर्माण कार्य मे मानको को दर किनारा करके भारी अनियमिता किया है जिससे ये सड़क अभी बिना बारिश के ही ध्वस्त हो गयी है जब की ये सड़क नगर पंचायत अध्यक्ष के वार्ड मे बनी हैं इस सड़क के निर्माण के समय न ही अध्यक्ष महोदय ने कोई दिल चस्पी दिखाई और न ही वार्ड सभासद ने ठेकेदार मन मानी करके बेहद घटिया निर्माण करके चला गया है और वार्ड की जनता को अब भुगताना पड़ रहा है स्थानीय निवासी शैलेन्द्र सिंह (छेटू), अमन, धर्मेन्द्र सिंह, राम सजीवन आदि लोगो ने बताया कि निर्माण कार्य के समय ही इसका विरोध किया गया था कि इतनी घटिया मटेरियल न डाला जाए एव ईटा भी तीन नम्बर का लगाया गया है जिस कारण सड़क पूर्ण रूप से ध्वस्त हो चुकी है जिसकी शिकायत मुख्य मंत्री पोर्टल मे कि जाये गी और मांग कि जाये गी की इस सड़क को दूबरा बनाया जाये सूत्रो से मिलि जानकरी के अनुसार भारी कमीशन खोरी के चलते ठेकेदार इतना घटिया निर्माण कार्य करते है।

जीएम के न रुकने से व्यापारी हुए मायूस

मौदहा हमीरपुर। रेलवे मण्डल झांसी से स्पेशल ट्रेन से आए जीएम को अपनी समस्याओं को बताने के लिए इकट्ठा व्यापारियों की भीड़ देखकर जीएम नहीं रुके जिससे व्यापारियों में खासी नाराजगी है। उत्तर मध्य रेलवे झांसी के जीएम रवींद्र गोयल गुरुवार दोपहर स्पेशल ट्रेन से भारी लाहोलश्कर के साथ बांदा के रास्ते आए।लेकिन उनके आगमन की खबर मिलते ही कस्बे के व्यापारियों द्वारा उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराने के उद्देश्य से स्टेशन पर इकट्ठा हो गए।लगभग साढे बारह बजे जब जीएम रवीन्द्र गोयल की स्पेशल ट्रेन रागौल स्टेशन पर पहुंची तो व्यापारियों की भीड़ देखकर जीएम की स्पेशल ट्रेन की अचानक से रफ्तार बढ़ गई और व्यापारी ठगे से रह गए।जिससे व्यापारियों में खासा आक्रोश फैल गया है।व्यापारियों की प्रमुख मांग में रीवांचल एक्सप्रेस को वाया बांदा कानपुर चलाने और मेमो ट्रेन में डिब्बे बढाने की मांग प्रमुख थी।

हरसुंडी गांव में आई तूफानी आंधी ने मचाई तबाही

ग्रामीण बोले पहली बार देखी ऐसी तबाही

अवधनामा संवाददाता

राठ (हमीरपुर)। बीती बुधवार की रात आंधी ने सरीला क्षेत्र के हरसुंडी गांव में ताण्डव मचाया और तेज आंधी से ग्रामीण भयभीत हो गये। हवा के झोंकों के प्रहार से कई पेड़ टूट गये और बिजली के खम्भे टूट टूटकर गिर गये। मकान के ऊपर लगे टीनशेड का पता ही नही चला और छप्पर ढह गये। निर्माधीन मकान की दीवार सहित गांव में कई मकान क्षतिग्रस्त हो गये। करीब घंटे भर ताण्डव करने के बाद जब आंधी थमी तो डरे सहमें ग्रामीण बाहर निकले। मगर प्रशासन ने गुरुवार की शाम होने तक ग्रामीणों की कोई सुध नहीं ली और न ही विद्युत विभाग ने वहां पहुंचकर कोई जानकारी ली इससे ग्रामीणों में खासा रोष व्याप्त है।

गांव के हेमेंद्र राजपूत का निर्माणधिन मकान धरासाई हो गया। बीती रात करीब 12:30 बजे तूफान ने हरसुंडी गांव को हिला के रख दिया तेज आंधी के ताण्डव कुछ ऐसा था कि सोये हुए ग्रामीण जाग गये और अपने आप को व परिजनों को सुरक्षित करने लगे। आंधी इतनी तेज थी कि छतो पर रखा सामान तो उड़कर दूर जा गिरा वहीं टीनशेड भी उखड़कर लापता हो गये। गांव के कई मोटे पेड़ टूट गये और बिजली के पोल टूटकर मकानों पर जा गिरे। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जगह लगे बिजली के खम्भे टूटकर लोगो के मकानों में गिर गए जिससे कुछ लोगो के मकान की दीवारों में दरारें आ गई है। गांव के रामनारायण कुशवाहा के ट्रैक्टर के ऊपर नीम का पेड़ टूटकर गिर गया जिससे ट्रैक्टर के बोनट सहित अन्य सामान क्षतिग्रस्त हो गया। भवानी राजपूत घर के अंदर सो रहा था तभी तेज आंधी से पड़ोसी की दीवार भरभरा कर गिर गई जिससे दबकर वह घायल हो गया और मकान के अंदर रखी बाइक टूट गई। दीवार गिरने से गांव के रामऔतार यादव के पड़वा की मौत हो गई। दर्जनों पेड़ टूट जाने पर गांव के रास्ते बंद हो गये। गांव में वृद्धजन जिनकी उम्र करीब 90 साल होगी उनका कहना है कि उन्होंने जीवन में पहली दफा इस तरह की आंधी देखी है। कई ग्रामीणों की गृहस्थी का सामान मकान के मलबे में दबकर बर्बाद हो गया। इस दौरान गांव के हेमेंद्र राजपूत, भवानी राजपूत, ह्रदेश, भगीरथ, बाबू यादव सहित अन्य ग्रामीण घायल हो गये हैं। ग्रामीणों ने बताया इसकी सूचना तहसीलदार को दी मगर कोई भी प्रशासनिक अधिकारी अथवा कर्मचारी गुरुवार शाम तक गांव नहीं पहुंचा। वहीं सूचना देने के बाद भी बिजली विभाग का कोई अधिकारी अथवा कर्मचारी गांव नहीं पहुंचा और गांव में जगह-जगह बिजली के खम्भे टूटे पड़े है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के निर्देश का पालन भी विद्युत विभाग नहीं कर रहा है। मुख्यमंत्री ने 24 घंटे में बिजली ठीक करने के निर्देश विद्युत विभाग को दिये है जबकि यहां तो प्रकृतिक आपदा से टूटे बिजली के खम्भों को देखने ही कर्मचारी अभी तक नहीं पहुंचे। इससे ग्रामीणों में गुस्सा व्याप्त है।

वीआईपी कल्चर वाहन दिखे तो कटेगा चालानः एसपी

आरटीओ के नेतृत्व में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस व यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से चलाया गया चेकिंग अभियान

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। शासन के निर्देशानुसार गुरुवार को पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन, आरटीओ धनवीर यादव के नेतृत्व में यातायात निरीक्षक अविनाश कुमार व रॉबर्ट्सगंज थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र राय व संयुक्त रुप से निजी वाहनों पर हूटर/सायरन/लाल नीली बत्ती/ पद सूचक/ब्लैक फिल्म/ विधायक का पास लगाए/उत्तर प्रदेश सरकार व भारत सरकार लिखी गाड़ियों/ प्रेसर हॉर्न लगाए गये वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया जिसमें कुल 115 गाड़ियो को चेक करते हुए कुल 30 वाहनों पर नियमानुसार कार्यवाही की गयी । इसी क्रम में जनपदी पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाकर हेलमेंट, सीटबेल्ट, तीन सवारी, अवैध पार्किंग, वाहनों पर मॉडीफाइड साइलेंसर/ हुटर सायरन/ लाल नीली बत्ती/ प्रेशर हॉर्न/ पद सूचक (जैसे- पुलिस, उत्तर प्रदेश सरकार, भारत सरकार आदि) एवं शीशों पर काली फिल्म का प्रयोग करनें वालों के विरुद्ध चेकिंग कर उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा यातायात नियमों के बारे में जागरुक करते हुए नियमों का पालन करने हेतु अपील की जा रही है।

राष्ट्रीय सेमिनार आज

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/ सिंगरौली। शुक्रवार, 21 जून, 2024 को भारत सरकार की सिंगरौली स्थित मिनिरत्न कंपनी एनसीएल, डीजीएमएस' के तत्वावधान में वृहद् मशीनों के 'सुरक्षित परिचालन और रखरखाव' पर एक 'राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार ' का आयोजन कर रही है। इस कार्यशाला सह संगोष्ठी के आयोजन का उद्देश्य खुली कोयला खदानों में नियोजित भारी मशीनों के सुरक्षित संचालन और रखरखाव के संबंध में समेकित परिचर्चा और गहन मंथन कर नवाचारी समाधान प्रस्तुत करना है। इस सेमिनार में डीजीएमएस से एस.डी. चिद्दरवार, उप. महानिदेशक (खान सुरक्षा), उत्तरी क्षेत्र, एनसीएल के सीएमडी बी. साईराम, कार्यकारी निदेशकमंडल, सीवीओ, डीजीएमएस के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। साथ ही इस संगोष्ठी में डीजीएमएस और एनसीएल के अतरिक्त सासन पावर लिमिटेड, जेपी माइन, एपीएमडीसी जैसे सिंगरौली परिक्षेत्र के कंपनियों के अलावा संविदा कंपनियों, निर्माता और आपूर्तिकर्ता से 180 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे।

राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/अनपरा। सम्मेलन में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन सोनभद्र के जिला अध्यक्ष /प्रदेश मंत्री गोपाल दास गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के द्वारा त्री वर्षीय व्यापार मंडल अनपरा का आम चुनाव के दिनांक 07/08/2024 को होना है निश्चित हुआ है।जो ब्यापारी भाई अभी तक सदस्यता नहीं लिए हैं। वे 1-प्रबुद्ध कुमार चौबे (मुन्ना चौबे) आटा चक्की, मित्तल फैंसी स्टोर सिनेमा रोड, काशी मशाला मैन रोड अनपरा बाजार पर जाकर सदस्यता शुल्क जमा कर सदस्य बन सकते है। चुनाव प्रक्रिया में नामांकन पत्र की खरीद दिनांक15/16 जूलाई, नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि19/20 जूलाई, नामांकन पत्रों की जांच, नामांकन वापस लेने की तिथि21 जूलाई, चुनाव चिन्ह आवंटन तिथि22 जूलाई तथा चुनाव दिनांक 07/08/2024को प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक होगा शाम 6 बजे तक होगा और चुनाव प्रक्रिया में लगभग 1500 ब्यापारी सदस्य मतदान करेंगे उसी शाम मतगणना होगी और विजेता का घोषणा होगा। चुनाव मुख्य रूप से तीन पदों अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष पद पर पुर्ण रूप से लोकतांत्रिक व्यवस्था में संपन्न कराया जाएगा। तीनों पदों के प्रत्याशियों को संगठन का सक्रिय सदस्य होना अनिवार्य होगा। चुनाव अधिकारियों द्वारा बनाए गए नियमों का पालन प्रत्येक प्रत्याशी को करना होगा।

बैकवर्ड कोल इम्पाईज वेलफेयर एसोशिएशन द्वारा किया गया बैठक

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/सिंगरौली। प्रातः 11.00 बजे अध्यक्ष, कोल इण्डिया के साथ एसोशिएन के साथ बैठक निर्धारित होने पर एसोशिएसन के मॉग इस प्रकार के है जिस पर अध्यक्ष की सहमति प्राप्त हुई।

1- एन.सी.एल. प्रबंधन के द्वारा मेडिकल बिल की राशि पर जो आयकर में जोड़ कर आयकर काटा गया था उसे एन.सी. एल. प्रबंधन के द्वारा वर्ष 2023 की राशि एसोशिएसन के मॉग के पश्चात बापस की गई परन्तु वर्ष 2018 से वर्ष 2022 तक पाँच वर्ष का आयकर की कटौती मेडिकल बिल की राशि को जोड कर की गई उसे भी वापस कियें जाने की मॉग एन.सी. एल. प्रबंधन द्वारा देने से न तो मना किया गया नही दिया गया जिसके चलते एसोशिएसन कोल इण्डिया के समक्ष इस मॉग रखा जिस पर अध्यक्ष द्वारा उचित कार्यवाही का अश्वासन दिया गया।

2- कोल इण्डिया द्वारा होम लोन एडवान्स रूपये 30 लाख को दिये जाने का व्यवस्था दिया गया है लेकिन मात्र सभी अधिकारियों/कर्मचारियों सी.सी. एल. प्रबंधन द्वारा ही उक्त पर कार्य करते हुए अधिकारी वर्ग को इस योजना का लाभ प्राप्त हो सका है, इस मॉग पर अध्यक्ष द्वारा सभी को दिये जाने की व्यवस्था बहाल किये जाने का ओदश दिये जाने का आश्वासन दिया गया।

3- पिछड़ी जाति के लोगो को सीधी भर्ती में 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ कोल इण्डिया एवं अनुषंगी कम्पनियों न मिलने पर उक्त मुद्दे को गम्भीरता पूर्वक लेते हुए अपनी चिन्ता व्यक्त की है एवं जल्द से जल्द उक्त पर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। इसके उपरान्त ओ.बी.सी. एसोशिएसन का एजेन्डा बैठक महाप्रबंधक (का. औ.सं.), कोल इण्डिया एवं सभी अनुषंगी कम्पनी को ओ.बी.सी. के लाईजन आफिसर उपस्थित रहे एवं एसोशिसन के पदाधिकारी कोल इण्डिया अध्यक्ष गुलाब सिंह, कोल इण्डिया महा सचिव जय बहादुर सिंह यादव, एन.सी. एल. के अध्यक्ष प्रीतम कुमार केवट, सी.एम.पी.डी.आई.एल. के अध्यक्ष राजेश साव, महासचिव रामधन यादव, समस्त अनुषंगी कम्पनी के अध्यक्ष एवं महासचिव उक्त बैठक में उपस्थित रहे।

सीसी रोड के निर्माण के बाद भी नाली न बनाने से गांव में लबालब भरा पानी

भरुआ सुमेरपुर। पीडब्ल्यूडी द्वारा सीसी मार्ग बनाने के बाद नाली न बनाने से ग्राम पंचायत देवगांव की आबादी भाग में जल भराव के कारण गांव के मकानों के जलमग्न होने से अब मकानों के गिरने का खतरा मंडराने लगा है। इस समस्या के दृष्टिगत ग्राम प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कई बार पूर्व में शिकायती पत्र देकर अधिकारियों से गुहार लगाई लेकिन समस्या को ध्यान न देने से बीते दिवस हुई आंधी बारिश ने ग्रामीणों को परेशानी खडी कर दी है। ग्राम प्रधान जितेन्द्र खरे सहित ग्रामीण नीरज कुमार, अजय कुमार, रामप्रकाश, संजय, सौरभ, धनीराम, बिंदा, नीलम आदि सैकड़ों लोगों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा सुमेरपुर से पत्यौरा मार्ग पर सीसी रोड का निर्माण कार्य कराया गया है। कार्यदायी संस्था द्वारा नाली बनाकर जल निकासी का आश्वासन दिया गया था लेकिन सही मानक में नालियों का निर्माण न कराये जाने से हल्की बारिश होने पर आबादी क्षेत्र के समस्त मकान जलमग्न हो गये हैं।

मरम्मीकरणः विद्युत विभाग को 15 लाख का नुकसान

अवधनामा संवाददाता

भरुआ सुमेरपुर। बीती शाम आई तेज आंधी व बारिश से सुमेरपुर क्षेत्र से सभी फीडरों के बाधित होने के बाद रात भर मरम्मतीकरण कार्य चलाया गया। दोपहर तक कुछ फीडरों को छोडकर बाकी सभी फीडरों की आपूर्ति बहाल कर दी गई है। विद्युत विभाग ने पोल टूटने, क्षतिग्रस्त होने व तार टूटने पर करीब 15 लाख के नुकसान का अनुमान लगाया है। पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित होने के बाद अधिशासी अभियंता अनिल आहूजा स्वयं रात भर मौके पर मौजूद रहे और साथ में कार्य भी वरवाया उन साथ एसडीओ व अवर अभियंता आदि के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों ने विद्युत का मरम्मतीकरण कार्य रात भर चलाया। दो दर्जन से अधिक विद्युतकर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद दोपहर तक एक दो फीडर को छोडकर सभी फीडरों की आपूर्ति बहाल कर दी गई है। अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि सुमेरपुर से मुख्यालय जाने वाली लाइन में करीब 15 पोलों से तार उतर गए थे, करीब पांच पोल टेढ़े होकर क्षतिग्रस्त हो गए थे। दोपहर एक बजे मुख्यालय की आपूर्ति बहाल कर दी गई है। सहुरापुर कैनाल में 15 पोल टूटे हैं जिस कारण लाइन चालू नहीं हो सकी। पौथिया लाइन के दो पोलो में तार उतर गए थे जिसको रात में ही चालू कर दिया गया था। तेज आंधी और बारिश ने जहां विद्युत लाइनों को क्षतिग्रस्त कर दिया वहां किसानों पर भी जमकर कहर बरपाया है। उनके खेतों में खडे आम के पेड़ों के सभी आम टूटकर जमीन पर गिर गए हैं जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ है।

पंचायत के सामने देवर ने कुल्हाड़ी से हमला कर भाभी को उतारा मौत के घाट

अवैध संबन्धों को लेकर देवर ने बुलाई थी पंचायत

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/चोपन। चोपन थाना क्षेत्र के कनछ ग्राम पंचायत के पकरी टोले मे गुरूवार की सुबह भाभी के नाजायज संबध को लेकर चल रही पंचायत के समक्ष देवर ने क्रोध मे आकर भाभी को कुल्हाड़ी से सर पर वार मौत के घाट उतार दिया,घटना देख पंचायत भी बीच बचाव कर के भाग खड़ी हुयी। सूचना पाकर मौके से पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर जांच मे जुट गयी है घटना के बाबत स्थानिय लोगो ने बताया की देवर मनोज यादव का आरोप था की उनकी भाभी सोनी देवी का किसी गैर मर्द से नाजायज रिस्ता बना रखा है। रात- रात भर मोबाइल से बात भी करती रहती है उसके भाई ट्रक चालक है वह अक्सर बाहर रहते थे वह इस रिस्ते से काफी खफा था।इसी को लेकर गुरुवार की सुबह पंचायत बुलाई गयी थी पंचायत के दौरान भाभी को काफी समझाया किंतु वही नही मानी इससे देवर मनोज यादव गुस्से मे आकर कुल्हाड़ी से अपनी भाभी सोनी देवी पत्नी सतेन्द्र यादव उम्र लगभग 30 वर्ष,के सर पर कई वार कर दिया जिससे वह लहुलुहान हो तड़प तड़प कर मौके पर मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक चोपन विजय कुमार चौरसिया ने मौके की स्थिति जांच कर पंचनामा कर शव को अपने कब्जे मे ले लिया। कुछ समय बाद अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह सीओ सीटी चारू द्विवेदी मौके पर पहुंची घटना की जांच कर लोगो के घटना की जानकारी ली। मौके पर मौजूद अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कालू सिंह ने बताया की प्रेम संबध की बात विवाद मे देवर मनोज यादव द्वारा कुल्हाड़ी से अपनी भाभी सोनी देवी की हत्या कर दी गयी पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा जा रहा प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बीडीसी के साथ हुए दुर्व्यावहार में गैर जनपद तबादले की मांग

अवधनामा ब्यूरो

क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिमंडल ने सीएमएस से मिलकर की वार्ता

सोनभद्र। जिला अस्पताल परिसर में क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधिमंडल द्वारा सीएमएस से मिलकर क्षेत्र पंचायत सदस्य के साथ बीते 6 जून को हुए दुर्व्यवहार व गली कॉलेज के मामले में कोई कार्रवाई न होने पर जताई नाराजगी बताया कि चिकित्सक को गैर जनपद ट्रांसफर होने पर आपसी बातचीत समझौता किया जाएगा इस तरह जनप्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार किया जाना उचित नहीं है जिस संबंध में संबंधित सीएमओ से वार्ता करते हुए जल्द से जल्द कार्रवाई करने को लेकर बतलाया गया वही अगर कार्रवाई नही हुई तो मामले में पीड़ित परिवार किसी भी दरबार या अधिकारी के यहां जाने के लिए विवश हो जाएगा जिसकी जिम्मेदारी संबंधित जिला अस्पताल संचालक की होगी। वही क्षेत्र पंचायत संघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार शुक्ला ने बताया कि बीडीसी प्रत्याशी महिला के साथ हुए दुर्व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा संगठन इस मामले को लेकर अंत तक लड़ाई लड़ेगा जब तक पीड़ित प्रतिनिधि को न्याय नहीं मिल जाता।

प्रदेश को मलेरिया मुक्त करेगी योगी सरकार

- योगी सरकार प्रदेश के हर मरीज के इलाज और जांच पर दे रही जोर
- जून को मलेरियारोधी माह के तौर पर मनाया जा रहा है
- रिपोर्टिंग और पूर्ण उपचार सुनिश्चित करने पर दिया जा रहा विशेष ध्यान

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। योगी सरकार वर्ष 2027 तक प्रदेश को मलेरिया मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे में योगी सरकार मलेरिया के हर केस की जांच व हर मरीज के पूर्ण इलाज पर जोर दे रही है। सीएम योगी की मंशा के अनुरुप राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जून को मलेरियारोधी माह के तौर पर मनाया जा रहा है। बता दें कि प्रदेश में इस साल अब तक 771 मलेरिया के मरीज मिले हैं।

मलेरिया उन्मूलन की दिशा में आ रही चुनौतियों को दूर करने के लिए भारत ने देश के विभिन्न हिस्सों में बेहतर केस रिपोर्टिंग और प्रबंधन पर ज़ोर दिया है। वेक्टर नियंत्रण प्रक्रिया मे तेजी लाते हुए निरंतर महामारी विज्ञान और कीट विज्ञान निगरानी को बढ़ाया है। साथ ही सामुदायिक भागीदारी, प्रशिक्षण और क्षमता विकास पर बल दिया है। साथ ही क्षेत्रीय रणनीति तैयार कर उन्मूलन के लिए प्रतिबद्धता दर्शायी है। राज्य मलेरिया अधिकारी डॉ. विकास सिंघल ने बताया कि मलेरिया मामलों की रिपोर्टिंग और पूर्ण उपचार सुनिश्चित करने पर सबसे ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। वास्तव में यह सुनिश्चित करने के लिए हर मामले की जांच और पूरा इलाज किया जाता है। सभी जिला मलेरिया अधिकारियों, संबंधित कर्मचारियों और प्रथम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया है और सभी जिलों मे मलेरिया की जांच के लिए रैपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट किट उपलब्ध कराई गई है। इस क्रम में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा अधिक से अधिक सर्वेक्षण कर बुखार पीड़ितों की मलेरिया की जांच की जा रही है। समुदाय में लोगों को मलेरिया से बचाव एवं लक्षणों के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

राज्य मलेरिया अधिकारी ने बताया कि जून के आखिरी सप्ताह में मानसून आने की उम्मीद है। इस दौरान मच्छरजनित बीमारियां भी पनपती हैं। इनसे बचाव की व्यापक तैयारियों के मद्देनजर जून को मलेरिया माह के रूप मनाया जाता है। इसको लेकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। मलेरिया मच्छरजनित बीमारी है, जो मादा एनाफिलीज मच्छर के काटने से होती है। इसके परजीवी के शरीर में प्रवेश करने के बाद 14 से 21 दिन के अंदर बुखार आता है। इससे बचाव के लिए सबसे जरूरी है कि इसके लक्षणों को पहचान कर इसका समय से इलाज किया जाए। इसका पूर्ण इलाज और रोकथाम किया जा सकता है।

नायल की 20वीं बोर्ड बैठक संपन्न

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) की 20वीं बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की इस बोर्ड बैठक में नोएडा इंटरनेशनल ग्रीनफ़ील्ड एयरपोर्ट ज़ेवर के विकास के सम्बन्ध में हुई प्रगति को प्रस्तुत किया गया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा एयरपोर्ट डा0 अरुण वीर सिंह ने बोर्ड के समक्ष एजेंडा प्रस्तुत किया।

इस प्रस्तुतीकरण में मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा बताया गया की विकासकर्ता जुरिक एयरपोर्ट की एसपीवी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड ने परियोजना हेतु डिवेलप्मेंट प्लान के अनुसार एयरपोर्ट के विकास के लिए ईपीसी काँट्रैक्टर टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग, एटीसी, रनवे और अन्य संरचनात्मक संसाधन का विकास कर रही है। नोएडा एयरपोर्ट की एजीएम की बैठक का भी आयोजन किया गया।

शुगर मिल में हुए बवाल में पूर्व विधायक कांशीराम दिवाकर को सात साल की जेल

- 70 हजार का जुर्माना
- फैसला सुनते ही सन्न रह गए पूर्व विधायक

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। शाहबाद की राणा शुगर मिल में 12 साल पहले हुए बवाल के मामले में कोर्ट ने शाहबाद के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता कांशीराम दिवाकर को सात साल की सजा सुनाई है। इसके अलावा उन पर 70 हजार का जुर्माना भी लगाया गया है। अन्य छह दोषियों को एक-एक साल की जेल और दस हजार का जुर्माना लगाया गया है।

कोर्ट ने साक्ष्य के अभाव में 21 आरोपियों को बरी कर दिया है। बवाल का यह मामला शाहबाद के करीमगंज स्थित राणा शुगर मिल का है। यहां गन्ना ले जा रहे किसानों का 15 जनवरी 2012 की रात ट्रैक्टर-ट्रॉली निकालने को लेकर कर्मचारियों से विवाद हो गया था। इसके अगले दिन आक्रोशित किसानों ने राणा शुगर मिल पर धावा बोलते हुए जमकर पथराव किया था। हमले में राणा शुगर मिल के दो अधिकारियों सहित कई कर्मचारी घायल हो गए थे। इस मामले में भाजपा के पूर्व विधायक कांशीराम दिवाकर, भाजपा नेता सुरेश बाबू गुप्ता, कुंवरपाल समेत 39 लोगों को नामजद और 200-250 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने यह मामला राणा शुगर मिल के उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह की तहरीर पर दर्ज किया था। मुकदमे में आरोपियों पर लूटपाट, जानलेवा हमला, बंधक बनाकर मारपीट करने का आरोप लगा था। पुलिस ने आरोपी महिला संजू यादव से लूट के 10 हजार रुपये बरामद होने की बात कही थी। पुलिस ने इस मामले की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की। कोर्ट में 28 लोगों का ट्रायल चला। ट्रायल के दौरान एक आरोपी की मृत्यु हो गई। बुधवार को इस मामले में कोर्ट ने सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया। कोर्ट ने इस मामले में पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता कांशीराम दिवाकर, सुरेश बाबू गुप्ता, किशनपाल, भारत सिंह, मेघराज, महिला संजू यादव को मारपीट, डकैती, तोड़फोड़, जान से मारने की धमकी देने के मामले में दोषी करार दिया। इसके बाद सभी आरोपियों को कोर्ट ने जेल भेज दिया था। बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान पूर्व विधायक कांशीराम दिवाकर को सात साल के कारावास की सजा सुनाई है। 12 साल पुराने मामले में कोर्ट की तरफ से सजा सुनाए जाने के दौरान पूर्व विधायक कांशीराम समेत छह लोग सन्न रह गए।

अवधेश प्रसाद के प्रथम आगमन पर किया गया भव्य स्वागत

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन पांडे जी के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी अयोध्या महानगर/अयोध्या विधानसभा कमेटी द्वारा अयोध्या-फैजाबाद के नवनिर्वाचित सांसद अवधेश प्रसाद के प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रवासियों ने सांसद अवधेश प्रसाद को विजयी होने पर बधाई दिया तथा आनेवाले समय में पार्टी संगठन को और मजबूत करके एवं अखिलेश यादव के नीतियों-सिद्धांतों को जन-जन तक पहुँचाकर 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का संकल्प लिया। इस मौक़े पर भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के सम्मानित नेतागण-पदाधिकारी, कार्यकर्ता क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इस मौके पर महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष श्रीचंद यादव, अयोध्या विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव, शमशेर यादव, प्रदेश सचिव राम अचल यादव, हाजी असद, पार्षद विशाल पाल टिंकू, अपर्णा जयसवाल, अखिलेश चौबे, गयादीन यादव, चौधरी जगदीश यादव, आशीष वर्मा, विरेन्द्र गौतम, सिकंदर चौधरी, शिव शंकर शिवा, गोपीनाथ वर्मा, राजेश कोरी, जगन्नाथ यादव इत्यादि लोग मौजूद थे।

एसडीएम की गाड़ी से पुलिस ने नीली बत्ती व हूटर हटवाया

लखनऊ। बाराबंकी शहर में एक पीसीएस अधिकारी की सरकारी गाड़ी रोककर एसएसआई और चौकी इंचार्ज ने हूटर और नीली बत्ती उतरवा दी। इसके बाद वीडियो भी वायरल होने लगा। अधिकारी ने इसे लेकर डीएम से शिकायत की तो डीएम नाराज हो गए और उन्होंने एसपी से वार्ता की।

डैमेज कंट्रोल करने के लिए तत्काल एसएसआई और चौकी चार्ज को लाइन हाजिर कर दिया गया है। पीसीएस अधिकारी मधुमिता सिंह बाराबंकी के रामनगर तहसील में एसडीएम न्यायिक के पद पर तैनात हैं। कार्रवाई के समय उनकी बहन गाड़ी में बैठी थी। शहर से गुजरे लखनऊ अयोध्या मार्ग पर पटेल तिराहे पर शहर कोतवाली के एसएसआई वीके शर्मा और आवास विकास चौकी इंचार्ज मनोज कुमार सिंह चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान अयोध्या की ओर से ज्वाइंट मजिस्ट्रेट और एसडीएम लिखी एक गाड़ी आई तो पुलिसकर्मियों ने उसे रोकवा लिया।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने उप्र राज्य कर सेवा संघ के वार्षिक अधिवेशन का किया उद्घाटन

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा

- प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में एवं प्रदेश के राजस्व संग्रह के लिए राज्य कर विभाग एक महत्वपूर्ण विभाग
- 8 विकास तभी संभव है जब संसाधन उपलब्ध हो और संसाधन जुटाने में राज्य कर विभाग का अहम रोल

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश का वित्तीय ढ़ाचा मजबूत हुआ है। आज प्रदेश सरप्लस राजस्व वाले स्टेट के रूप में जाना जाता है। योगी की सरकार आने के बाद से मितव्ययिता के साथ फिजूलखर्ची पर लगाम का परिणाम है कि प्रदेश का वित्तीय अनुशासन सुधरा है और प्रदेश हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार का प्रयास है कि हर वर्ग को संतृप्त किया जाए। उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना आज यहां इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित उत्तर प्रदेश राज्य कर सेवा संघ के वार्षिक अधिवेशन के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में एवं प्रदेश के राजस्व संग्रह के लिए राज्य कर विभाग एक महत्वपूर्ण विभाग है। बिना राजस्व के योजना तो बनाई जा सकती है लेकिन विकास तभी संभव है जब संसाधन उपलब्ध हो और संसाधन जुटाने में कर विभाग का अहम रोल है। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों की सोच बदलने के लिए आवश्यक कदम बढ़ाए जिसका परिणाम आज हमारे पासपोर्ट का वैल्यू, हमारा एक्सपोर्ट एवं विदेशो में भारत का मान सम्मान हर प्रकार से बढ़ा है। आज हर कोई महसूस कर रहा है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को आगे बढ़ाने में सहायता मिली है। एक देश एक टैक्स की मांग बहुत पुरानी मांग थी जिसे हमारे प्रधानमंत्री ने मूर्त रूप दिया। टैक्स स्ट्रक्चर के सरलीकरण के लिए प्रधानमंत्री द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं और उसे अंजाम दिया जा रहा है। सुरेश कुमार खन्ना ने राज्य कर विभाग के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य कर विभाग वह मजबूत कड़ी है जिसके सहारे सरकार तमाम महत्वपूर्ण मंसूबे पूरा करती है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिस उद्देश्य से आपको सेवा के लिए चयनित किया गया है उसे इमानदारी से अंजाम दें, जिससे प्रदेश एवं देश और अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। संघ के अध्यक्ष ज्योति स्वरूप शुक्ला द्वारा रखी गई विभिन्न मांगों के संबंध में उन्होंने कहा कि समस्त मांगों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाते हुए सभी मांगों पर विचार विमर्श के उपरांत जो भी विभाग एवं कर्मचारियों के हित में आवश्यक होगा उसको पूरा किया जाएगा।

50 विधानसभा सीटों पर लड़ेगा चुनाव जनता दल यू

लखनऊ। जनता दल यू के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश की दोबारा जिम्मेदारी दी है। संगठन को मजबूत कर अपनी पार्टी से यूपी में 2027 में विधायक बनाना और सरकार में हिस्सेदारी करना है। 50 प्रत्याशी की तैयारी है उतारने की। इतना काम करना है लोग हमें पूछें। अभी किसी से गठबंधन नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हम हर जिला और विधानसभा में जायेंगे। दूसरे कार्यकाल में पार्टी को और मजबूत करना है और अपने एमएलए बनाना है। हमारे 12 और अपना दल का एक सांसद है। अपना दल से कोई मुकाबला नहीं है। बड़ी पार्टी अगर साजिश न करें तो हम एमपी भी, एमएलए भी बनाएंगे। इंडिया गठबंधन, प्रदेश में हमें दो सीट दे देते तो ऐसी स्थिति न होती। अंबेडकरनगर, फूलपुर और मिर्जापुर मांगी थी। अंत में एक पर भी सहमत थे लेकिन नहीं मिली। अभी हम गठबंधन पर कुछ नहीं कहेंगे। यूपी में आते हैं तो रेलवे से अप्रेंटिस बच्चों को नियुक्ति देने की मांग करेंगे।

2.35 लाख से ज्यादा युवा हुए प्रशिक्षित

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना

- 1.25 लाख को मिला रोजगार

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत योगी सरकार ग्रामीण युवाओं की क्षमता को पहचानकर उन्हें उनकी रुचि के आधार पर रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रही है। इस योजना के तहत अब तक 2,35,334 ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है और 1,25,822 युवाओं को सेवायोजित किया गया है। यह योजना विशेष रूप से बीपीएल सूची में शामिल परिवारों के 15-35 आयुवर्ग के सदस्यों (महिलाओं के लिए 15-45 वर्ष), मनरेगा के श्रमिकों, बेरोजगारों, अल्प शिक्षित अथवा स्कूल ड्रॉपआउट को लक्ष्य बनाती है। उल्लेखनीय है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 98वें जन्मदिवस के अवसर पर भारत सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना का शुभारंभ किया था। इस योजना का उद्देश्य गरीब ग्रामीण युवाओं को निरूशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना है। उत्तर प्रदेश में यह योजना उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित की जा रही है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि इस योजना के तहत, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन ग्रामीण युवाओं की क्षमता को पहचानकर उन्हें उनकी रुचि के आधार पर रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। युवाओं को आधुनिक कक्षाओं और लैब में प्रशिक्षण के साथ-साथ निरूशुल्क आवास, भोजन, प्रशिक्षण सामग्री, यूनिफॉर्म आदि की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। विभिन्न विषयों जैसे अपैरल, ऑटोमोटिव, ब्यूटी एंड वेलनेस, कैपिटल गुड्स, कंस्ट्रक्शन, डॉमेस्टिक वर्क्स, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर, फूड प्रॉसेसिंग, ग्रीन जॉब्स, लेदर, आईटी-आईटीईएस, लॉजिस्टिक्स, पावर, रिटेल, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, टेलीकॉम, टेक्सटाइल, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी आदि के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स भी सिखाई जा रही हैं। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें अपने हुनर से स्वाबलंबी बनाकर विकास के कीर्तिमान स्थापित करने में सक्षम बनाना है। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाले युवाओं को कौशल से जोड़कर उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से कौशल से सशक्त बन रहे युवा बेहतर कल का निर्माण कर रहे हैं, जिससे विकसित गांव और विकसित प्रदेश का सपना साकार हो रहा है।

भाजपा राज में पेपर माफिया जमकर कर रहे धांधली, ये देश के खिलाफ साजिश: अखिलेश

- नीट की परीक्षा में घपला होगा तो ईमानदार लोग डॉक्टर नहीं बन पाएंगे

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द करने को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा और अभी तक कई परीक्षाओं में हुई धांधली का मुद्दा उठाते हुए कोर्ट द्वारा सख्ती से जांच कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ये हमारे देश के लिए मानव संसाधन के खिलाफ साजिश भी हो सकती है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखा कि ज और अब गड़बड़ी की ख़बर के बाद यूजीसी- नेट की परीक्षा भी रद्द कर दी गयी है। भाजपा के राज में पेपर माफ़िया एक के बाद एक, हर एग्ज़ाम में धांधली कर रहा है। ये देश के ख़िलाफ़ किसी की बड़ी साज़िश भी हो सकती है। पुलिस भर्ती की परीक्षा का पेपर लीक होगा तो क़ानून-व्यवस्था नहीं सुधरेगी। जिससे देश-प्रदेश में अशांति और अस्थिरता बनी रहेगी। नीट की परीक्षा में घपला होगा तो ईमानदार लोग डॉक्टर नहीं बन पाएंगे और देश के लोगों के इलाज के लिए भविष्य में डॉक्टरों की कमी और बढ़ जाएगी और बेईमान लोग, जनता के जीवन के लिए खतरा बन जाएंगे। यूजीसी-नेट परीक्षा न होने से पहले से शिक्षकों की जो कमी चली आ रही है उसमें और भी ज्यादा इजाफा होगा। शिक्षकों की कमी से देश के मानसिक विकास में बाधा उत्पन्न होगी, जो कालांतर में देश के लिए बेहद घातक साबित होगी। इन सबसे प्रशासन के साथ-साथ स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था चौपट हो जाएगी। ये हमारे देश के शासन-प्रशासन व देश के मानव संसाधन के विरूद्ध कोई बहुत बड़ा षड्यंत्र भी हो सकता है जिसके दूरगामी नकारात्मक परिणाम निकलेंगे। इसीलिए कोर्ट की निगरानी में इसकी कठोर जांच हो और दोषियों को कठोरतम सजा दी जाए और कोई भी अपराधी छोड़ा न जाए, फिर वो चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो या फिर उसके सिर पर सत्ता का हाथ ही क्यों न हो। लोग कह रहे हैं जो भ्रष्ट लोग कोरोना के वैक्सीन में चुनावी चंदे के नाम पर पीछे से करोड़ों रूपये खा सकते हैं, वो भला परीक्षा-प्रणाली को क्या छोड़ेंगे।

आंधी-बारिश से खुशनुमा हुआ मौसम

- दो से तीन दिन में यूपी में प्रवेश करेगा मानसून

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी के बाद आंधी-बारिश से लोगों को राहत मिली है। ज्यादातर हिस्सों में बृहस्पतिवार को दिन का तापमान 40 डिग्री से भी नीचे आ गया। वहीं न्यूनतम तापमान भी 30 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने घोषणा कर दी है कि मानसून बिहार पहुंच गया है। सबकुछ ठीक रहा तो अगले दो से तीन दिन में उत्तर प्रदेश में इसका प्रवेश हो जाएगा। राजधानी लखनऊ और आसपास 23-24 जून को अच्छी बारिश के आसार हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार की रात से बृहस्पतिवार तक प्रदेश के 25 से अधिक जिलों में आंधी के साथ अच्छी बारिश भी हुई। बरसात का औसत 4.5 मिमी रहा। पिछले सालों की तुलना करें तो इस साल प्रदेश में जून महीने में 78 फीसदी कम बारिश हुई है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, 31 मई से मानसून की पूर्वी शाखा पश्चिम बंगाल के इस्लामपुर में रुकी हुई थी। 20 दिन के बाद बृहस्पतिवार को यह सक्रिय हुई है। मानसून बिहार के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने से मानसून की पूर्वी शाखा का उत्तरी छोर बिहार के भागलपुर से होते हुए रक्सौल तक पहुंच गया। इसके आगामी 2-3 दिनों में पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हो गई हैं। इसके चलते पूर्वी यूपी में 23 जून से तेज बारिश होने के आसार हैं।

पूर्वी यूपी में अब लू नहीं, पश्चिम में कुछ असर दिखेगा

पूर्वी उत्तर प्रदेश में अब लू जैसे हालात नहीं हैं, हालांकि पश्चिम उत्तर प्रदेश में कुछ इलाके अभी लू की चपेट में रह सकते हैं। मौसम विभाग ने मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा और आसपास के इलाकों में लू का असर दिखने के आसार जताए हैं।

इन जिलों में हुई बरसात

आगरा, अयोध्या, आजमगढ़, बहराइच, श्रावस्ती, बलिया, बरेली, भदोही, बिजनौर, गाजीपुर, हमीरपुर, हरदोई, गोरखपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर, लखनऊ, मैनपुरी, मथुरा, वृंदावन, मुरादाबाद, प्रयागराज, शाहजहांपुर, सुल्तानपुर, वाराणसी और इनके आसपास के इलाकों में कहीं तेज तो कहीं छिटपुट बरसात हुई।

बिजली गिरने व तेज हवाएं चलने का अलर्ट

मौसम विभाग ने सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर व आसपास के इलाकों में बादल गरजने, बिजली गिरने और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने का अलर्ट जारी किया है। वहीं प्रयागराज, वाराणसी, देवरिया, गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, श्रावस्ती और आसपास के इलाकों में बिजली गिरने को लेकर सतर्क किया है।

पीजीआई ओटी में डॉक्टर ने नर्स को जड़ा थप्पड़ हंगामा, टांके लगाने को लेकर हुआ था विवाद

- धागा देरी से लाने पर भड़की थी डॉक्टर

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। पीजीआई के पुरुष नर्स ने महिला डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाया है। नर्स का कहना था कि डाक्टरों ने उसके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट की। नर्स के समर्थन में आए नर्सिंग कर्मियों ने प्रशासनिक भवन में जाकर हंगामा किया। उन्होंने आरोपी डॉक्टर पर सख्त कार्रवाई की मांग की। पीजीआई निदेशक ने नर्सों को शांत कराते हुए मामले की जांच के लिए कमेटी गठित किया है।

पीजीआई सीवीटीएस विभाग में तैनात नर्सिंग ऑफिसर धमेन्द्र सिंह का आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान महिला डॉक्टर वरुणा वर्मा ने उनसे अभद्रता- मारपीट की। बृहस्पतिवार को हुई घटना से आहत धमेन्द्र ने इसकी जानकारी अन्य नर्सिंग कर्मियों को दी। नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन की अध्यक्ष लता सचान और महामंत्री विवेक सागर ने इसे गंभीर मामला बताया। दोपहर में बड़ी संख्या में नर्सिंग कर्मी प्रशासनिक भवन में एकत्र हुए और हंगामा किया।

उनकी मांग थी कि मारपीट के आरोपी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जाए। हंगामे की सूचना निदेशक प्रो. आरके धीमन को मिली तो उन्होंने नर्सिंग कर्मियों से बात कर मामला शांत कराने की कोशिश की। एसोसिएशन के सदस्य आरोपी डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। आखिरकार निदेशक ने जांच के लिए कमेटी गठित की है। जिसके बाद मामला शांत हुआ। ओटी में टांके लगाने को लेकर डॉक्टर व नर्स में विवाद हुआ था। मरीज के हॉर्ट का ऑपरेशन हो चुका था। सिर्फ टांके लगने बाकी थे। डॉक्टर ने नर्सिंग ऑफिसर से धागा लाने के लिए कहा। नर्सिंग ऑफिसर धागा लेकर आए लेकिन उन्हें थोड़ी देरी हो गई।

टीएमयू एजुकेशन में जितेन्द्र मिस्टर तो आकांक्षा मिस फेयरवल एमएड

लखनऊ। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की ओर से बीएड और एमएड की फेयरवेल पार्टी-बोम्बास्टिक में बीएड के पवन कुमार और एमएड के जितेन्द्र कुमार को मिस्टर फेयरवेल एवम् बीएड की फरहीन खान और एमएड की आकांक्षा को मिस फेयरवेल चुना गया। एमएड अन्तिम वर्ष के मौहम्मद हमज़ा, सैय्यद अक्सा गुलनाज और बीएड अन्तिम वर्ष के मौहम्मद मोईन, मेहनाज को बेस्ट परफॉर्मर्स के खिताब से नवाजा गया।

एमएड फाइनल ईयर की शुभी जैन और बीएड फाइनल ईयर की बुशरा अनवर को बेस्ट पर्सनाल्टी का खिताब मिला। इससे पहले डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या प्रो. रश्मि मेहरोत्रा आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके फेयरवेल पार्टी का शुभारम्भ किया।